राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-188
लखनऊ, रविवार 25 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





एनसीआर की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है उत्तर प्रदेश में विकास का खाका 03

उत्तराखंड में वन्य जीवों के हमलों पर सरकार अलर्ट : धामी 12


## संक्षिप्त समाचार

### इंफाल कॉलेज के पास बम विस्फोट में एक की मौत

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इम्फ़ाल में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार रात हुए बम विस्फोट में एक छात्र की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि विस्फोट परिसर के अंदर ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय की दीवार के पास हुआ। बम विस्फोट में दो छात्र, ओइनम केनेगी और सलाम माइकल घायल हो गये। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां केनेगी ने दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में कल रात यहां तेरा में एक बम विस्फोट हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि शनिवार तड़के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक पत्रकार पर हमला करने और दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगाने की खबरें मिलीं। पुलिस ने कहा कि यहां लाम्फेलपत और माचा लीमा स्कूल में यूनाइटेड कमेटी मणिपुर (यूसीएम) के कार्यालयों को भी अज्ञात व्यक्तियों ने आग के हवाले कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए शनिवार तड़के दमकल पहुंचे। वांगखेई में एक पत्रकार पर भी हमला किया गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**सुकमा/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के बुर्कालंका में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। बताया जा रहा है कि नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुर्कालंका में कोंटा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिली थी। ऑपरेशन के लिए डीआरजी जवानों को एक दिन पहले ही चिन्हित जगह के लिये रवाना किया गया। शनिवार सुबह करीब 5 बजे जवान बतायी गई जगह पर पहुंच कर नक्सलियों पर धावा बोल दिया। मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। हालांकि, मारे गए नक्सली की शिनाख्त नहीं हुई है। मौके से नक्सल सामग्री व कुछ विस्फोटक पदार्थ बरामद होने की जानकारी मिली है।

### तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से होंगे लागू

**नई दिल्ली।** देश में 1 जुलाई से औपनिवेशिक काल के तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन नए कानून लागू हो जायेंगे। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। तीन नए कानूनों को पिछले साल दिसंबर में संसद ने मंजूरी दी थी और बाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन पर अपनी सहमति दे दी थी। भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) अधिनियम 1860 के भारतीय दंड संहिता, 1873 की दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 की भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। गृह मंत्रालय ने इन तीनों कानूनों के लागू होने की तारीख को लेकर आज तीन अधिसूचनाएं जारी कीं।

### निर्वाचन आयोग ने अफसरों के तबादलों की नीति पर दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जिन अधिकारियों का किसी जिले से तबादला चुनाव के पहले उसकी नीति के तहत किया जाता है उनकी नियुक्ति उसी संसदीय क्षेत्र में किसी जिले में नहीं हो। चुनाव से पहले अधिकारियों को स्थानांतरित करने की अपनी नीति में बदलाव करके निर्वाचन आयोग ने उन खामियों को दूर करने की कोशिश की है जिनका राज्य सरकारों द्वारा बेजा फायदा उठाया जा रहा था। यह कदम चुनाव प्राधिकरण द्वारा उन मामलों पर 'गंभीरता से ध्यान देने के बाद उठाया गया है जिनमें राज्य सरकारों की ओर से अधिकारियों को उसी संसदीय क्षेत्र के निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित किया गया था। चुनाव आयोग की नीति के अनुसार सभी अधिकारी जो या तो अपने गृह जिले में तैनात थे या एक ही स्थान पर तीन साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले यह सुनिश्चित करने के लिये स्थानांतरित कर दिया जाता है कि वे किसी उम्मीदवार या पार्टी के पक्ष में समान अवसर को बाधित न करें।

# पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त

## सीएम योगी ने छह माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के दिए निर्देश

**एसटीएफ करेगी जांच दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूबे में 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया गया है। अगले 6 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आशय के आदेश गृह विभाग ने शनिवार को जारी कर दिए हैं।

इससे पहले उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक दिनांक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराये जाने का निर्णय लिया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह के अन्दर पूर्ण शुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।



**आरओ/एआरओ परीक्षा की भी होगी जांच**

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीती 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा – 2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक ने आदेश भी जारी कर दिया है। बीती 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा – 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक तथा नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

**युवाओं की जीत, भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार : अखिलेश**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं। सरकार के इस फैसले पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने हमला करते हुए कहा कि पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी। अखिलेश यादव ने सोशल साइट मंच एक पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी। लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं। दिखावे के लिए नौकरियाँ निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महँगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑन लाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

# कासगंज में भीषण हादसा, अब तक 24 लोगों की हुई मौत

समृद्धि न्यूज

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र में आज सुबह गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 24 लोगों की मौत हो गई। 24 लोगों की मौत की जानकारी जब गांव में पहुंची तो पूरे गांव में हाहाकार मच गया। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ट्रैक्टर-ट्राली में कुल 54 लोग सवार थे। जिनमें से 24 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए है। बता दें कि पूर्णिमा के अवसर पर कासगंज की पटियाली के कादरगंज गंगा घाट पर स्नान करने जा रहे थे। थाना दरियावगंज पटियाली मार्ग पर ग्राम गड़ई के निकट ही सड़क हादसा हो गया। हादसे पर सीएम योगी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों को समुचित इलाज के निर्देश दिए। जबकि मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। साथ की घायलों को 50- 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की बात कही है।

सभी लोग गांव के वीरपाल के पुत्र के मुंडन संस्कार के लिए गंगाजी जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली ओवरलोड थी। जिसकी वजह से ट्रॉली का बैरिंग टूट गया और असंतुलित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और यह भीषण हादसा हो गया। इस भीषण हादसे में वीरपाल की पत्नी 50 वर्षीय शकुंतला देवी, राजेश का 10 साल का पुत्र कार्तिक और दो माह की पुत्री अंसुनी की भी मृत्यु हुई है। ट्रैक्टर-ट्राली में 54 लोग सवार थे, जो गांव कसा, खिरिया, रौरी और गांव बरार के रहने वाले हैं। रौरी के चार लोग इस ट्रैक्टर-ट्राली में थे, जबकि खिरिया से दो लोग गए थे। सबसे ज्यादा लोग गांव की बुजुर्ग महिला बिट्टो देवी के परिवार से थे। गांव कसा से शिवम, उसमा देवी, आर्यन, अंजली, अनुभव, रजनी, रानी, कुंवरपाल, दीक्षा, माडल, प्रांशु, गायत्री देवी, सतेंद्र सिंह, पुष्पा देवी, गौरव, गौरव का बेटा बिट्टू, पुत्री सपना, शकुंतला देवी, मीरा देवी, दीक्षा अवनेश, दर्शनपाल, लक्ष्मी देवी, रूबी, अनमोल, देवांशु, महेंद्रपाल, शिवानी, कार्तिक, सोम्या, ओमपाल, मिथलेश, तनु, राजकुमारी, कुलदीप, कमलेश, संजीव, जविता, संजीव की पुत्री पायल, रामबेटी, राजपाल, मीरा देवी, श्यामलता इस हादसे का शिकार हुए है।




### प्रधानमंत्री ने कासगंज हादसे को बताया हृदय विदारक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के कांसगंज में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली के तालाब में गिरने और 15 लोगों की मृत्यु पर दुख जताते हुए इसे हृदयविदारक बताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हृदयविदारक! इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद में पटियाली दरियागंज मार्ग पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिला एटा से गंगा स्नान करने जा रहे करीब 40 श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में जा गिरी। हादसे में 15 लोगों की मृत्यु हो गई।

### सीएम योगी ने ग्राउंड जीरो पर दो मंत्रियों को किया रवाना

यूपी के कासगंज में हुई सड़क दुर्घटना की मॉनीटरिंग लगातार सीएम योगी का कार्यालय कर रहा है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पल-पल का अपडेट ले रहे हैं। सीएम ने सभी घायलों के निशुल्क उपचार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तत्काल अपनी सरकार के दो मंत्रियों, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्यों में तेजी लाने तथा पीड़ितों के समुचित उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## एशियाई खेलों में सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं की प्रोत्साहन राशि को मंजूरी

एजेंसी

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वित्तीय प्रोत्साहन को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गत सितंबर-अक्टूबर में चीन के हांगझू में आयोजित 19 वें एशियाई खेलों व चौथे एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन को मंजूरी दे दी है।

एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 15 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 10 लाख का नकद इनाम मिलेगा। रक्षा मंत्री ने उनकी वापसी पर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने सात पैरा एथलीटों सहित 45 पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने की भी मंजूरी दी थी। सशस्त्र बलों के अनेक एथलीटों ने इन खेलों में देश को गौरवान्वित किया था। इन 45 एथलीटों ने एशियाई खेलों में 09 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक और एशियाई पैरा खेलों में 01 स्वर्ण, 04 रजत और 02 कांस्य पदक जीते।

## बीजेपी 29 को जारी कर सकती है पहली लिस्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयारियों में जुट गई है। इसको लेकर 29 फरवरी को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक के बाद बीजेपी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत करीब 100 उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं। इसमें कुछ अन्य बड़े चेहरे भी हो सकते हैं। बीजेपी की ये पहली सूची काफी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी ने लोकसभा की 543 सीटों में से 370 सीटें जीतने का बड़ा लक्ष्य रखा है और एनडीए के लिए 400 सीटें हासिल करने की दिशा में काम कर रही है। बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए अगले कुछ दिनों में केरल से भी अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। ये सूची बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के नेतृत्व में केरल पदयात्रा के समापन के मौके पर हो सकती है। इस दौरान 27 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पद यात्रा में शामिल हो सकते हैं। केरल की पहली सूची में तिरुवनंतपुरम, अटिंगल, कोल्लम, पथानामथिट्टा, पलक्कड़, एर्नाकुलम, त्रिशूर, मलप्पुरम, कोट्टायम और चालक्कुडी लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार शामिल होंगे।



**सूची में हो सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह समेत करीब 100 उम्मीदवारों के नाम**

### ईडी हरक सिंह से 29 को करेगी पूछताछ, समन जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब ईडी ने 29 फरवरी को उनसे पूछताछ करेगी। इसके ईडी ने डा. हरक सिंह को समन भेजा है। पाखरो टाइगर सफारी घपले को लेकर ईडी ने डॉ. हरक सिंह रावत और आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक को इस मामले में घेरे में लिया और दोनों के आवास पर जांच पड़ताल हो चुकी है। इस जांच पड़ताल के बाद जहां ईडी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत को 29 फरवरी को बुलाया है वहीं हरक सिंह रावत की नजदीकी लक्ष्मी राणा को 27 फरवरी और सुशांत पटनायक को भी 27 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है।

## महाकुंभ 2025 की परियोजनाओं में शिथिलता पर दो अभियंता निलम्बित

समृद्धि न्यूज

**यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने की त्वरित कार्रवाई**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 से आच्छादित परियोजनाओं के अंतर्गत हेतापट्टी में विद्युत विभाग द्वारा निर्माणाधीन 132/33 के.वी स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने किया था। निरीक्षण में कंक्रीट व ब्रिक मेसनरी के कार्य की गुणवत्ता सही नहीं पायी गयी थी एवं सम्बन्धित अधिकारियों का शिथिल पर्यवेक्षण पाया गया था।

इस सम्बंध में मण्डलायुक्त ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को शासन में पत्र लिखते हुए आपत्ति जताई थी तथा सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की संस्तुति की थी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल को भी अवगत कराया गया था। जिसको उन्होंने बड़ी गम्भीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की है। उक्त प्रकरण में आलोक कुमार यादव, उपखण्ड अधिकारी तथा अरुण कुमार गुप्ता अवर अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण खण्ड प्रयागराज को विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने व महाकुम्भ परियोजनाओं में शिथिलता पर निलम्बित कर दिया गया है।

### मार्च महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** फरवरी महीने के खत्म होने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं, इसके बाद मार्च महीना शुरू होगा। मार्च का महीना त्योहारों के लिहाज से काफी अहम होता है। इस महीने में महाशिवरात्रि के साथ होली का त्योहार भी काफी अहम है। वहीं दूसरी ओर गुड फ्राइडे भी इसी महीने में आता है। मार्च में 5 रविवार और दूसरे और चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है तो छुट्टियों की लिस्ट चेक करें लें। आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं।

## पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड मलिक को दिल्ली से किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी जिले के बनभूलपुरा में 8 फरवरी को हिंसा हुई थी, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। अब पुलिस ने इस हिंसा के मास्टमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है।

उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी निलेश भारने ने बताया कि हिंसा के मास्टमाइंड अब्दुल मलिक को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हिंसा के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हुई थीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। वहीं आरोपी अब्दुल मलिक ने हल्द्वानी की सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी दायर की हुई है, जिस पर 27 फरवरी को सुनवाई होगी। हालांकि इससे पहले ही पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के वकील ने बताया कि उनको पता चला है कि अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि मलिक का हिंसा से कोई लेना देना नहीं है। बता दें इससे पहले हल्द्वानी नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए 8 फरवरी को हुई हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक के खिलाफ सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में वसूली का नोटिस जारी किया था।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का किया उद्घाटन

**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बिड़ला समूह द्वारा संचालित इंजीनियरिंग संस्थान बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित संस्थान में कानून, प्रबंधन और डिजाइन का पाठ्यक्रम शामिल हो गया है। सीतारमण ने यहां बिड़ला समूह के इंजीनियरिंग संस्थान बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान ने 'फॉर्च्यून 500' में 7,300 मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), वैश्विक ख्याति के 300 शिक्षाविद और 600 सिविल सेवक दिए हैं।

## माघी पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा, जमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने शनिवार को आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के अनुसार सायं 6 बजे तक लगभग 38 लाख 20 हजार स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ ही तीर्थराज प्रयाग में संगम की रेती पर चल रहे माघ मेले का अनौपचारिक समापन हो गया और कल्पवास आज खत्म हो गया। वैसे मेला का समापन अंतिम स्नान पर्व 08 मार्च महाशिवरात्रि पर होगा। मेला प्रशासन के अनुसार सुबह 10 बजे तक लगभग 18 लाख 60 हजार, दोपहर 12 बजे तक लगभग 25 लाख 50 हजार, 2 बजे तक लगभग 30 लाख, 4 बजे तक लगभग 35 लाख 50 हजार तथा सायं 6 बजे तक 38 लाख 20 हजार लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को काई असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी। माघ मेला क्षेत्र में अपने स्वजनों से बिछड़ने वाले लोगो के लिए खोया-पाया केन्द्र से लगातार एनाउंस कर उनके स्वजनों से उन्हें मिलाया गया। श्रद्धालुओं को मेले में भटकना न पड़े, इसके लिए संगम जाने का मार्ग वापस लौटने का मार्ग व अन्य मार्गों को प्रदर्शित करते हुए साइन बोर्ड रास्तों पर लगाये गये है।

**सौगात** | **प्रधानमंत्री मोदी ने एसईसीएल की तीन एफएमसी परियोजनाओं का किया उद्घाटन, कहा**

# रोजगार के साथ सामाजिक-आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा सतत विकास को बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत एसईसीएल की तीन प्रमुख फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफ़एमसी) परियोजनाओं का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनीं यह परियोजनाएं तेज, पर्यावरण-हितैषी और कुशल मशीनीकृत कोयला निकासी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और कुशल ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।



महत्वपूर्ण परियोजना एसईसीएल के रायगढ़ क्षेत्र में छाल ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट है। इसे 173 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसमें वार्षिक 6 मीट्रिक टन कोयला प्रेषण की क्षमता के साथ एक ओवरग्राउंड बंकर, 1.7 किमी लंबा एक कन्वेयर बेल्ट और 3,000 टन क्षमता का साइलो शामिल है। इसके अतिरिक्त, तीसरी परियोजना एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में बरौद ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट है। इसे वार्षिक रूप से 10 मीट्रिक टन कोयले की हैंडलिंग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसे 216 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। 20,000 टन की ओवरग्राउंड बंकर क्षमता तथा 1.7 किमी कन्वेयर बेल्ट से लैस इस परियोजना में एक रैपिड लोडिंग सिस्टम है। यह प्रति घंटे 5000-7500 टन कोयला लोड करने में सक्षम है, लोडिंग प्रक्रिया को काफी सुव्यवस्थित बनाता है और परिचालन दक्षता में योगदान देता है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के अनुरूप ये परियोजनाएं पूरे क्षेत्र में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करने तथा कोयला अवसंरचना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाएं सतत धारणीय विकास के सिद्धांतों को अपनाते हुए सड़कों के माध्यम से कोयला परिवहन पर निर्भरता को कम करती हैं और यातायात की भीड़, सड़क दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है।

**परिवारवाद, भ्रष्टाचार से आगे नहीं सोच सकती कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सरकारें बार-बार बनाईं लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण से आगे नहीं सोच सकती। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 34,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, कोयला, बिजली और सौर ऊर्जा सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पूरा करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास परिश्रमी किसान, प्रतिभाशाली नौजवान और प्राकृति का खजाना है, वह सब कुछ है जो विकसित होने के लिए जरूरी है। उन्होंने राज्य में प्रगति की कमी के लिए पिछली सरकारों की अदूरदर्शी और स्वार्थी परिवारवादी राजनीति की आलोचना की।

# राज्यमंत्री ने ग्रामीण कृषि मौसम सेवा की सेमिनार का किया शुभारंभ

## देश की अर्थव्यवस्था कृषि पर है निर्भर, मौसम विभाग की सलाह से खेती का जोखिम कम करें किसान: सतीश चंद्र शर्मा



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार को शुभारंभ करते हुए खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था हमारी खेती पर निर्भर है, हमारी खेती मौसम की मार झेलती है, मौसम विभाग के मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेकर हम अपनी खेती के जोखिम को कम कर सकते हैं। यह जागरूकता कार्यक्रम पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा बनीकोडर ब्लॉक के जेबीएस इंस्टीट्यूट मालिनपुर में आयोजित किया गया था। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार खेती और किसानों पर विशेष ध्यान दे रही है,क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है। बदलते मौसम में कृषि को बचाना, कृषि जोखिमों को कम करना किसानो के लिए बहुत जरूरी हो गया है। इस कार्यक्रम का राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करते हुए कहा कि मिलेट्स की फसलें जलवायु सक्षम हैं, इनका उत्पादन कम लागत में हो जाता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के राज्य कृषि मौसम सेवा केंद्र लखनऊ के प्रमुख मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ अतुल कुमार सिंह ने कहा कि मौसम आधारित कृषि जोखिम से बचने के लिए मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा मेघदूत एप और आईएमडी की बेवसाइट पर मौसम पूर्वानुमान का बुलेटिन जारी किया जाता है, जिसकी जानकारी से किसान मौसम आधारित कृषि सलाह लेकर कृषि का जोखिम कम कर सकते हैं। पूनम सिंह ने कहा कि जानकारी से ही हम खतरों से बचा सकते है। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ अतुल कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को पावर प्रजेंटेशन के द्वारा मौसम आधारित सलाह के आधार पर कृषि कार्य बताया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रगतिशील किसान रामदास वर्मा, रामसरन वर्मा एवं पप्पू सहित सक्रिय स्वयं सहायता समूह की पदाधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, सचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर तिवारी, अजय तिवारी, श्रीकांत तिवारी सहित संस्था के कार्यकर्ता विनोद कुमार, जियालाल, अंचल कुमार, उमादेवी, अवधेश कुमार, अंजली जायसवाल, वन्दना, रामकैलाश सहित जेबीएस के शिक्षक व कर्मचारी सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्री, जल सखियां, बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शिक्षा की नींव का मजबूती से करना है निर्माण: रामदेव सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



प्रत्येक विद्यालय के वार्षिकोत्सव का उद्देश्य मनोरंजन ही नहीं बल्कि सभी छात्र-छात्राओं की रूचियों और प्रगति का लेखा-जोखा जानना होता है। इस आयोजन से सभी विद्यार्थियों को नए उत्साह और प्रेरणा की अनुभूति होती है। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विशेष रूचि तथा कलात्मक प्रतिभा रखने वालों को भी अपनी कलाएं और रूचियां प्रदर्शित करने का अवसर भी प्राप्त होता है इसी उक्त विचार विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत ताला रुकनुद्दीनपुर स्थित सर्वोदय आदर्श बाल विद्या मंदिर के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा त्रिवेदीगंज चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग और समर्पण से आगे बढ़े शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा भी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह गुड्डू प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र लिटिल डीएम शिवांश शुक्ला को साइकिल व प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का सफल संचालन रमेश कुमार सिंह ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रेम नारायण दीक्षित ,जीत बहादुर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, संजय सिंह, महिमा सिंह, विशाल साहू ,विवेक यादव, अतुल शुक्ला,लव मास्टर ,राकेश सिंह , जितेंद्र सिंह, संजय शुक्ला, दुर्विजय सिंह सिंह सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक को सांसद ने किया सम्बोधित

**सिद्धौर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

> ब्लॉक सभागार का किया उद्घाटन

विकास खंड सिद्धौर मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र रावत व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने पहुंच कर स्वर्गीय चंद्रमौलि वर्मा ब्लॉक सभागार का फीता काट कर उद्घाटन भी किया।बैठक में सपा के पूर्व सांसद रामसागर रावत भी पहुंचे।

सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र रावत व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने नवनिर्मित स्वर्गीय चंद्रमौलि वर्मा ब्लॉक सभागार का फीता काटकर उद्घाटन किया। बैठक का कोरम पूरा होने पर लगभग 1 बजे बैठक शुरू हुई जिसमें खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने पूर्व बैठक में कार्यवाही की पुष्टि की जानकारी दी गई तथा बैठक में 12 सूत्री एजेंडा में कृषि विभाग स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग पशुपालन विभाग गोवंश आश्रय स्थल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना पंचम राजवित्त केंद्रीय वित्त आयोग खेत पंचायत की प्रगति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास आंगन बाड़ी केंद्र स्वच्छ भारत मिशन राजकीय नलकूप विद्युत एवं पेयजल कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दिया।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की मनाई गई जयंती

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि गुरु रविदास जी परम योगी व ईश्वर के सच्चे उपासक एवं आध्यात्मिक महापुरुष थे। वे सदैव समाज में सामाजिक समानता,बंधुता एवं हर वर्ग के कल्याण के लिए सतत् प्रयत्नशील रहे आत्मज्ञान का मार्ग दिखाने वाले संत रविदास जी अपने संदेशों से समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड व कुरीतियों को दूर करने के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सहित टिन्नी सेक्टर प्रमुख विपिन मौर्य जसकरण गौतम सहित थाना सुबेहा का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**डीएम सत्येन्द्र कुमार की कड़क कार्यशैली का असर**

# अवैध सम्पत्ति पर हो रहे निर्माण को रोकने के आदेश

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

शहर का चर्चित सूदखोर सुजीत शाह द्वारा वकीलों के चैम्बर की आड़ में वक़्फ़ नवाब अमजद अली की लाजपतनगर की गाटा 186 की ज़मीन पर अवैध निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट, हाइकोर्ट,बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ शासन प्रशासन में शिकायत के बाद शुरू हुई जांच से चोरी और सीना ज़ोरी करने में पैदा हुई घबराहट में खुद चैम्बर को तुड़वाकर मिट्टी में मिला कर बोर्ड हटावा देने के बाद भी निर्माण तेज़ी से करने पर यूपी शिया वक़्फ़ बोर्ड की धारा 52 की कार्यवाही और जिला प्रशासन को काम रोकने और कड़ी कार्यवाही के आदेश के बाद ज़िलाधिकारी के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम नवाबगंज और असिटेंट कमिश्नर वक़्फ़ ने मौके की जांच कर तत्काल काम रोकने के आदेश देकर पत्रवाली तलब की है। आपको बता दे पिछ्ले मंगलवार को तहसील दिवस में वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान कमेटी के सचिव सरवर अली रिज़वी ने डीएम और असिस्टेंट कमिश्नर वक़्फ़ से मुलाक़ात कर वक़्फ़ बोर्ड से आये पत्र की कॉपी देकर तत्काल निर्माण रोकने की मांग की थी। सरवर अली रिज़वी ने ज़िलाधिकारी के नाम दिये पत्र में लिखें पत्र में लिखा बाराबंकी हेड पोस्ट आफिस के सामने वर्ष 1912 से रजिस्टर्ड वक़्फ़ अमजद अली खान रजि नंबर 1480 ब्र की वक़्फ़ संपत्ति गाटा संख्या 186 मि जो लोक सम्पत्ति है। इस संबंध में यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक़्फ़ ने दिनांक 09/02/2024 को पत्र क्रमांक संख्या 742 के तहत एक पत्र ज़िलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र को डाक और ईमेल द्वारा भेजा गया था,जिसकी प्रतिलिपी संलग्न को भु माफियो के एजेंटो और सुजीत शाह और उनके साथियों ने गायब करा कर रातों रात अवैध निर्माण और तेज़ी से लोक संपत्ति पर कराना शुरू कर दिया और खुले आम कमेटी के पदाधिकारियो और मुझको जान से मारने की धमकी देकर सोशल मीडिया पर जमकर अभरदाता कर मुख्यमंत्री जी की जीरो टॉलरेंस नीति की खिल्लियां उड़ाने लगे है।

ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएमओ से रिपोर्ट मांग कर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिस पर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी नवाब गंज और असिस्टेंट कमिश्नर वक़्फ़ ने मौके पर जाकर निर्माण को तत्काल रोकने के आदेश के साथ पत्रवाली तलब की है।

# बच्चों की शिक्षा तकनीकी ज्ञान पर हुई आधारित: अवनीश पटेल

**मसौली,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सदस्य विधान परिषद जनपद प्रभारी इंजीनियर अवनीश कुमार पटेल ने कहा कि अब बच्चों की शिक्षा तकनीकी ज्ञान पर आधारित हो गई है। तकनीकी ज्ञान से शिक्षा ग्रहण करने में लोगों को मदद मिलती है।

नवाचार के युग में तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने को लेकर सभी प्रकार के उपक्रम कर रही है। टैबलेट व स्मार्टफोन बच्चों की पढ़ाई में काफी मददगार साबित होंगे।

उक्त बाते शनिवार को विधान परिषद सदस्य ई अवनीश कुमार पटेल ने इंजीनियर आर एस वर्मा महाविद्यालय सफदरगंज में छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण करते हुए कही उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में युवाओं का बड़ा योगदान है। छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व्यवस्था देने के लिए जगह-जगह इंटर कालेज, महाविद्यालय, आइटीआई कालेज का निर्माण कराया जा रहा है। इससे उन्हें अग्रणी शिक्षा उपलब्ध होगी। बीए एव बीएसी तृतीय वर्ष के 118 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण करते हुए एमएलसी अवनीश कुमार पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन देकर उनके शैक्षिक उन्नयन की दिशा में योगदान किया है उन्होंने छात्रों को आशीर्वाद वचन देते हुए कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करके आगे बढ़ना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### सोने चांदी के जेवरात और नगदी पर चारो ने किया हाथ साफ

**पसगवॉ खीरी।** पसगवॉ थाना क्षेत्र की चौकी बरवर के मोहल्ला सुभाष नगर के एक घर से अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नगदी, आभूषण तथा मोबाइल सहित अन्य सामान गायब कर दिया। घटना 20 फरवरी की रात्रि की है। चोरी की घटना को लेकर गृह स्वामी सुधीर पुत्र लालाराम ने थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना 20 फरवरी की रात लगभग 12:30 की है घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। अगले दिन की सुबह उठने पर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। आधी रात को अज्ञात चोरों के द्वारा उनके घर मे घुस कर आभूषण, नगद पांच हजार रुपये चोरी कर लिया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने 23 फरवरी को अज्ञात चोरों के खिलाफ 380 457 धारा के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है।

### वृद्ध की मौत पर परिजन ने जताई हत्या की आशंका

**मोहम्मदी खीरी।** थाना पसगवां क्षेत्र के गांव चोरहा खुर्रम नगर निवासी राजाराम पासी की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। मृतक 11 बजे अपने खेत पर अपने बेटा संजय तथा पोता अमन, रमन के साथ खेत पर गन्ना अपनी बोगी में भर रहा था। बेटा संजय घर पर पानी लेने चला गया था इसी बीच कुछ देर बाद वापस आया तो पिता को मृत अवस्था में पाया। उधर अमन रमन का कहना है कि सेवाराम, व जदुवीर निवासी बरनैया थाना उचौलिया ने राजाराम की गला दबाकर हत्या की है। जबकि सेवाराम अपनी ससुराल चोरहा निवासी बिंद्रा पुत्र नन्हू के यहां रहते थे। जिन्हे कुछ वर्ष पूर्व आवास मिला था जिसमे सेवाराम रहता है। मृतक के पास 14 बीघा जमीन है। 2 बेटा है। 5 बेटी थी। जिसमे सम्मी की भी संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई थी।

### वन स्टाप सेंटर पर जनप्रतिनिधि मीटिंग आयोजित

**लखीमपुर- खीरी।** शासन की मंशा के अनुरूप महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेंटर पर जनप्रतिनिधि/ ब्लाक प्रमुख लखीमपुर द्वारा मीटिंग करके शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ व सेवाओं और सुविधाओ के बारे में जानकारी दी गई। ज्ञात हो शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम के दिशा निर्देशन में वन स्टाप सेंटर पर जनप्रतिनिधि एवं ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंह की उपस्थिति में मीटिंग करके महिलाओं को वन स्टाप सेंटर पर दी जा रही सुविधाओं व सेवाओ के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही वन स्टाप सेंटर की सेन्टर मैनेजर रश्मि चतुर्वेदी द्वारा महिलाओ को दी जा रही सेवाऐं व सुविधाओं के बारे मे पम्पलेट व प्रचार सामग्री भी देकर जानकारी दी।

### मार्फिन के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे सफदरगंज पुलिस ने दो तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 23 लाख रुपये कीमत की मार्फिन 230 ग्राम मार्फ़ीन बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई मे सफदरगंज पुलिस टीम ने रामपुर कटरा नदी पुल से रामपुर कटरा निवासी मो0 मारुफ पुत्र मो0 फारुख व सादाब पुत्र इस्लाम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 230 ग्राम मारफीन बरामद की। जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत 23 लाख रुपये बताई जाती है।

# भाजयुमो करेगा युवा चौपाल का आयोजन



**अमीरनगर/गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। शुक्रवार को कुम्भी मंडल के कस्बा अमीरनगर में भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार की अध्यक्षता में एक दिवसीय युवा मोर्चा की मंडल कार्यशाला आयोजित हुई।दोबारा मंडल अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कस्बे में पहुंचे रविन्द्र कटियार का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ने युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के 25 फरवरी से पांच मार्च तक होने बाले मंडल स्तरीय युवा चौपाल कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा करते हुए सफल आयोजन की रणनीति तैयार की।किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने इस कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादातर युवाओं की सहभागिता लोकतंत्र के पर्व में रहे और प्रत्येक बूथ पर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। भाजपा जिला संयोजक आत्मानंद शुक्ला ने मोदी सरकार की खूबियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के हर व्यक्ति की चिंता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है,जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके। विधानसभा संयोजक पंकज बाजपेयी ने बताया कि युवा मोर्चा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 20 स्थानों पर युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित करेगा।

इसको लेकर मंडल के कार्यकर्ताओं सहित युवाओं में उत्साह है।इस दौरान गोला नगर अध्यक्ष श्त्रोहन मिश्रा,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री रामनाथ राठौर, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अनिल स्वामी,चौपाल संयोजक पपिल कुमार,विद्यालय प्रबंधक गुलमोहम्मद रजा,असलम रजा, प्रदीप सिंह, पवन शर्मा,अनुराग बाजपेयी,पुनीत मिश्रा, रोहित शर्मा,आकिब खां सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में एक मामले में सुलह

**ममौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे 6 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया जिसमें एक मे सुलह और दो में मुकदमा दर्ज किया गया तथा तीन मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की टीम गठित की गई। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह के समक्ष शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में दरवेशपुर निवासिनी सुमन पुत्री अशोक कुमार ने थाना सफदरगंज के पाठक पुरवा डूडी निवासी चंचलेश पुत्र रामकुमार सहित ससुराल जनों दहेज की मांग एवं मार-पीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया।

जिस पर थाना प्रभारी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया।, मसौली पशु बाजार निवासी कृपा शंकर सोनी ने पड़ोसी राजेश व उनके पुत्रों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया हुए तहरीर दी जिसमें दोनों पक्षों में सुलाह समझौता हुआ। ग्राम नौवस्ता निवासी निलेश ने गांव के राहुल कश्यप के खिलाफ गाली-गलौज और मारने पीटने का आरोप पर मुकदमा दर्ज, लखनऊ के विनय खण्ड गोमती नगर निवासी सुरसण्डा में जमीन पर गांव के कई लोगों द्वारा अवैध कब्जा कराने की शिकायत, गुरेला निवासी मोहम्मद मोबीन ने गांव के कुछ लोगों ने हरिजन आबादी में अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगते हुए शिकायत की है।जिस पर थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने तीनों राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

# पांच वर्षों में भी पूरा नहीं हो पाया मॉडल शौचालय

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



> बीआरसी परिसर में मॉडल शौचालय को पूर्व के सचिव के कार्यकाल में प्रारंभ कराया गया था। अधिकारियों द्वारा एक माह पूर्व इस मॉडल शौचालय को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही अधूरे पड़े मॉडल शौचालय को पूर्ण कराया जाएगा।
> **प्रताप सिंह राणा ग्राम विकास अधिकारी बिजुआ**

स्वच्छ और सुंदर वातावरण एवं खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाकर जगह-जगह मॉडल शौचालय तैयार किए गए। लेकिन बिजुआ में मॉडल शौचालय का काम पांच साल बीतने के बाद भी अधूरा है। कुछ तकनीकि कारणों से मॉडल शौचालय का कार्य अधूरे में ही रोक दिया गया था।

परंतु पांच साल तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की नजर इस मॉडल शौचालय पर नहीं पड़ी जिससे इसका कार्य पूरा किया जा सके। अधूरा पड़ा मॉडल शौचालय पूर्ण होने की बाट जोह रहा है। विकासखंड बिजुआ के बीआर सी केंद्र परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के पीछे अब से लगभग पांच वर्ष पूर्व मॉडल शौचालय का निर्माण प्रारंभ किया गया था। अधिकारियों ने वाहवाही लूटने के लिए मॉडल शौचालय का शिलान्यास तो कर दिया पर उसे पूरा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। मॉडल शौचालय का कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया गया ठेकेदार ने लगभग 50फीसदी काम करा कर रफू चक्कर हो गया।

अधिकारियों ने भी अधवने मॉडल शौचालय को पूर्ण कराने के बजाय अपनी ही पीठ थपथपा ली। लेकिन धरातल पर यह अधूरा मॉडल शौचालय कर्मचारी एवं अधिकारियों की कार्य शैली उजागर कर रहा है। इस अधूरे मॉडल शौचालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आज तक कार्य पूरा नहीं हो सका है। जबकि बीआरसी केंद्र पर दर्जनों अधिकारी प्रतिदिन आते जाते रहते हैं परंतु पांच साल बीतने के बाद भी आज तक किसी भी अधिकारी की नजरे इनायत इस मॉडल शौचालय पर नहीं पड़ी है जिससे यह मॉडल शौचालय आज तक सफेद हाथी बना खड़ा लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है।

# लापता व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**खैरटिया/तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज**



गन्ने के खेत मे शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। बताया जाता है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान भूसा लगा होने की भी बात सामने आई है। यहीं नहीं शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब पता चला कि रायपुर सिसवारी रोड के किनारे गन्ने के खेत मे एक व्यक्ति का शव पड़ा है देखते ही देखते लोगो की भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस व तिकुनिया पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने मौका मुआयना किया। मृतक की शिनाख्त बनवीरपुर निवासी श्रीचंद पुत्र भगौती प्रसाद 32 के रूप में हुई है। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया । शरीर पर चोट निशान व शरीर पर भूसा लगा होने की भी बात सामने आरही है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक करीब नव दिन पहले से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नही चला मृतक की पत्नी सरोजनी देवी ने बताया कि तलाश करने के बाद तिकुनिया थाने में तहरीर दी थी। बताया जाता है कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

# कैंसर से ग्रसित पत्नी के इलाज को मदद देने की उठाई मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> पीड़ित मरीज के पास न ही आयुष्मान कार्ड और न ही राशनकार्ड

ग्राम पंचायत महेवा की ग्राम पंचायत महेवागंज मझरा फार्म कोतवाली सदर चौकी महेवागंज लखीमपुर खीरी के शिक्षामित्र शारिक हुसैन की पत्नी गंभीर बीमारी कैंसर से ग्रस्त हैं। आगे यह बीमारी विकराल रूप ले सकती है, 10 हजार रुपए वेतन पाने वाले शिक्षामित्र ने बताया कि दो जवान बेटी एक पुत्र तथा स्वयं पति पत्नी पांच लोगों का बोझ 10 हजार में परिवार चलाना मुश्किल है। इलाज तो दूर की बात है पीड़ित शिक्षामित्र ने सोशल नेटवर्किंग के जरिए लोगों से मदद की गुहार लगाई है। थोड़ी थोड़ी मदद के जरिए वह वर्तमान समय में इलाज करा सके। उनका कहना है उनके पास एक मकान है उसके सिवाय कुछ नहीं यह हकीकत है व मकान बेच कर इलाज करा सकते थे लेकिन उक्त मकान का केस न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए वह मकान को भी नहीं बेच सकते हैं। हर तरफ से विपदा में घिरे शिक्षा मित्र ने सरकार से भी मदद पाने के लिए प्रयासरत हैं। शिक्षामित्र ने लोगों से अपील की है।

# महिला ने छह लोगों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

**सूरतगंज,बाराबंकी।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली पक्ष के लोगों द्वारा आए दिन प्रताड़ित किए जाने और मारपीट किए जाने के आरोप एक महिला ने लगाएं है। वहीं उसकी तहरीर पर छह लोगों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज हुआ है। मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत भुण्ड मजरे दौलतपुर निवासी पूजा पुत्री रामसुरेश की शादी 21 जून 2021 में हुई थी। पिछले कुछ दिनों से ससुराल पक्ष के पति दीपू,कल्लू,उधम सिंह एवं उनकी पत्नी,बड़की, सत्यवती दहेज में बुलेट गाड़ी और सोने की जंजीर के लिए आए दिन प्रताड़ित करते थे। दहेज मांग पूरी न होने पर 13 फरवरी को ससुराल पक्षों के लोगों ने मारपीट कर पूजा को घर से भगा दिया तो पुनः दहेज के बिना वापस आने पर पूजा को जला दिए जाने की धमकी भी दी थी।

# युवक का मिला लटकता हुआ शव आत्महत्या की जतायी आशंका

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुनर्भू ग्रंट में एक खाली पड़े मकान में 30 वर्षीय युवक का शव गमछे से लटकते हुए मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगो के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया जिसके बाद मौके पर मृतक के माता पिता व बहन बहनोई पहुचें, वही जानकारी मिलने पर पहुंची नानक चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधि कार्यवाही शुरू की। दरअसल पूरा मामला गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुनर्भु ग्रंट का है। मृतक का नाम अमरजीत उर्फ गुड्डू बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अलीगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत कुसमौरी गांव का निवासी है जो गोला के पुनर्भु ग्रंट में खाली पड़े मकान में कभी कबार आया करता है। लोगों ने बताया कि युवक नशे का आदी रहा करता था। फिलहाल परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम करने के लिए कहा है। मौके पर पहुंचे नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार ने बताया कि मृतक प्रतिदिन रात में सोने पुनर्भु ग्रंट में बने खाली मकान जाया करता था। परिजनों से प्राप्त तहरीर के अनुसार किसी भी व्यक्ति पर हत्या करने की आशंका नहीं जताई गई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है व अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। बता दे मृतक शादीशुदा था जिसका एक बच्चा है और पत्नी पूर्व में मृतक को छोड़कर जा चुकी थी। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

अल्पकालिक निविदा विज्ञप्ति

No.: 1436/C-tender / 2023-24 Dated - 21.02.2024

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | जनपद लखनऊ में वीवीआईपी टूर के अवसर पर लोहियापथ (राजभवन से 1090) पर पेन्टिंग एवं मरम्मत का कार्य। | 17.60 | 1.76 | [illegible] | 02 माह | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

(इं. मनीष वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., लखनऊ
For on behalf of Go vernor of UP

www.upgov.nic.in
Upid-204338 Date-23.02.2024

# नेशनल कैपिटल रीजन की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है उत्तर प्रदेश में विकास का खाका

## मुख्यमंत्री योगी के सरकारी आवास पर हुई विशेष बैठक, जनपद रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का दिया गया प्रस्तुतिकरण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में विकास का खाका तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर शनिवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण दिया गया। सीएम योगी कई बार यूपी में स्टेट कैपिटल





रीजन (एससीआर) बनाकर यहां विकास की गति को बढ़ाने की बात कह चुके हैं। शनिवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को इस कार्ययोजना को तैयार करने से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि महायोजना लागू करने में अब देर न हो, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर इसे यथाशीघ्र लागू करें। बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। हर खसरे के बारे में अपडेट जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की आवश्यकताओं का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को देखें। हर जनपद में कुछ न कुछ खास है, उसे प्रोत्साहित करें। महायोजना में इसका ध्यान रखा जाए। स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। नगर में नए टाउनशिप का विकास किया जाना चाहिए। तालाबों, पोखरों व अन्य जलाशयों का संरक्षण हो। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

### औद्योगिक व व्यावसायिक क्षेत्रों को दें और विस्तार

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। यहां बहुत संभावनाएं हैं। इसका समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। इससे आर्थिकी में सुधार होगा और रोजगार भी सृजित होगा। गजरौला में नवीन बस टर्मिनल और बाईपास मार्गों की आवश्यकता है। इसे महायोजना में शामिल करें। शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन और सीईटीपी की स्थापना भी की जाए। बैठक के दौरान सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा को पूरे लखनऊ जनपद तक विस्तार दिया जाए। इसके अतिरिक्त, स्टेट कैपिटल रीजन डवलपमेंट अथॉरिटी का गठन हो रहा है। इन प्रयासों से राज्य राजधानी क्षेत्र में सुनियोजित और सुस्थिर विकास की गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लैंड यूज के बारे में जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके।

### विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी

आईटीआई की स्थापना के लिए इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थान दें। इससे युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान पाने में अधिक सहजता होगी। अधिकारियों से संवाद में सीम योगी ने कहा कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। अपना दायरा बढ़ायें। आय के नए स्रोत सृजित करें। धार्मिक, आध्यत्मिक स्थलों के विकास को महायोजना का हिस्सा बनाएं। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही अवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराने के प्रयास होने चाहिए। सीएम योगी ने बैठक के दौरान कहा कि रायबरेली में एम्स की सुविधा है। इसे इस बार महायोजना का हिस्सा बनाएं।


# साहित्य सृजन में भी झंडे गाड़ रही हैं आईएएस मिनिस्टी एस

### जीएसटी आयुक्त ने किया लंका कांड का अंग्रेजी में अनुवाद

विकास तिवारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जीएसटी आयुक्त मिनिस्टी एस ने रामचरित मानस के लंका कांड का अंग्रेजी में अनुवाद किया है और चौपाइयों की भावपूर्ण व्याख्या कर एक पुस्तक का प्रकाशन भी किया है। इससे पहले वे रामचरित के चार अन्य कांडों का भी अंग्रेजी में अनुवाद कर चुकी हैं। मिनिस्टी एस ने युवा पीढ़ी में संस्कार के बीज को रोपित करने के उद्देश्य से किया है।

मिनिस्टी एस ने अपनी पुस्तक रामचरित मानस के लंका कांड के अंग्रेजी अनुवाद एवं चौपाइयों की व्याख्या बहुत ही सरलता व सुगमता के साथ करते हुए इसके संकलन को आकर्षक रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित किया है। पुस्तक में मानस की अवधी व बुंदेलखंडी भाषा में लिखी चौपाइयों का अनुवाद किया गया है, जो युवाओं और बच्चों को रामचरित मानस के गूढ़ रहस्यों को समझने के लिए प्रेरित कर रहा है। मिनिस्टी एस मूल रूप से केरल की



रहने वाली मलयालम भाषी हैं। इन्होंने रामचरित मानस में अवधी भाषा में लिखी चौपाई का अंग्रेजी भाषा में न केवल अनुवाद किया, बल्कि चौपाई का अर्थ अंग्रेजी भाषा में लिखा है, जिससे आज के युवा व बच्चे इसे सरलता से समझ सकें और उनकी रुचि भी बढ़े।

मिनिस्टी एस ने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में जब वे डीएम गाजियाबाद थीं, उस समय रामचरित मानस के सुंदर कांड का अंग्रेजी अनुवाद किया था। वर्ष 2019 में किष्किंधा कांड का अंग्रेजी अनुवाद व व्याख्या भी की। वर्ष 2022 में आरण्य कांड, 2024 में लंका कांड का अनुवाद किया, अब वे बालकांड पर काम कर रही हैं। उन्होंने अवधी श्लोक को समझने के लिए केरल साहित्य अकादमी में जाकर गहन अध्ययन किया। इनका मानना है कि राम चरित मानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मर्यादित जीवन जीने की पाठशाला है।

# प्रदेश में एक लाख करोड़ से अधिक के रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स की शुरुआत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब परंपरागत ऊर्जा ही नहीं, बल्कि वैकल्पिक ऊर्जा यानी रिन्यूएबल एनर्जी में भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिए प्रदेश में एक लाख करोड़ से अधिक की रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़ी परियोजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। इन परियोजनाओं में सोनभद्र में ग्रीनको ग्रुप, चंदौली में एक्मे और प्रदेश के विभिन्न शहरों में रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियां अपनी यूनिट्स के माध्यम से प्रदेश को रौशन करने जा रही हैं। मालूम हो कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से जीबीसी 4.0 के तहत 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का भूमि पूजन संपन्न हुआ था। जिन परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया गया है, उनमें सबसे महत्वपूर्ण परियोजना ग्रीनको की है। ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 17,181 करोड़ की लागत से पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया है। परियोजना की परिकल्पना 3660 मेगावाट/21960 मेगावाटएच भंडारण क्षमता के ऑफ-स्ट्रीम क्लोज्ड लूप पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (ओसीपीएसपी) के रूप में की गई है।

### कई बड़ी कंपनियों ने की प्रोजेक्ट की शुरुआत

ग्रीनको, एक्मे, रिलायंस और टाटा पावर जैसे बड़े समूहों के अतिरिक्त कई अन्य बड़े नाम भी रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में यूपी को विकसित प्रदेश बनाने जा रहे हैं। इन नामों में अवादा वाटरबैट्री प्रा. लि., एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी प्रा. लि., एम्यूनरा इंफ्राटेक एंड एग्रीटेक प्रा. लि., नेवेली यूपी पावर लि., फोर्थ पार्टनर एनर्जी प्राइवेट लि., एएमपी एनर्जी इंडिया, सनसोर्स एनर्जी, गेल इंडिया, एनर्बोस्टा सोलर सिस्टम प्रा.लि., एमप्लस सोलर शक्ति प्रा. लि., ग्रीनब्लूम एनर्जी प्रा. लि., रिलायंस इंडस्ट्रीज लि., जागेर रिन्यूएबल्स प्रा. लि. और पेक्स इंफ्रा जैसी कंपनियां भी शामिल हैं। इनके माध्यम से प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू हो रही हैं, जिससे हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही प्रदेश रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम होगी।

# डिप्टी एसपी रैंक के दस अधिकारियों के हुए तबादले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पुलिस विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग का सिलसिला लगातार जारी है। घ् डिप्टी एसपी रैंक के 10 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इससे पहले डिप्टी एसपी रैंक के 26 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जा चुका है। सबसे पहले पुलिस विभाग की ओर से 6 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए थे। उसके बाद विभाग की ओर से 13 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के ट्रांसफर की लिस्ट जारी की गई थी। तीसरी लिस्ट में सात डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों का ट्रांसफर किए गए थे। वहीं अब दो लिस्ट जारी की गई है जिसमें छह और चार अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं। पिछले दो दिनों में अब तक 36 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर किए गए इस बदलाव को आगामी लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है हालांकि, अभी यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य पीपीएस सहित आईपीएस रैंक के अधिकारियों के भी ट्रांसफर किए जा सकते हैं।

## एलटी लाइन के खंभों से 11 हजार हाइटेंशन लाइन ले जाने के विरोध में उतरे लोग

**लखनऊ।** नगर पंचायत के मुरलीनगर मोहल्ले की एलटी लाइन के जर्जर पुराने खम्भों में ही बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने नियमों को दरकिनार कर एक व्यावसायिक कनेक्शन देने के लिये 11 हजार हाइटेंशन लाइन के लिये इन्सुलेटर व रॉड लगा दिये। जिसके नाराज मोहल्ले के दर्जनो लोगो ने जान का खतरा बताते हुये एलटी लाइन के खम्भो से 11 हजार केवी लाइन ना ले जाये जाने के लिये अधिशाषी अभियन्ता को लिखित पत्र दिया है। जिसके बाद भी शुक्रवार को एचटी लाइन के खम्भों पर एलटी लाइन का काम शुरू करने पहुंचे ठेकेदार व मजदूरो को नाराज मोहल्ले के लोगो ने खदेड़ दिया। उनके मोहल्ले की मुख्य सड़क से गुजरी एलटी लाइन के जर्जर खम्भों के ऊपर से 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन दौड़ने के लिये नियमो को दरकिनार कर इंसुलेटर व राड लगा दिये गये।

## बीकेटी में किसान यूनियन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी तहसील में अन्नदाता किसान यूनियन ने उपजिलाधिकारी बीकेटी को ज्ञापन सौंपा। शनिवार दोपहर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी बीकेटी को दिया है। बख्शी का तालाब तहसील में शनिवार को अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजेश मिश्रा ने किसानों के साथ उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपजिलाधिकारी बीकेटी को सम्बोधित करते हुए लिखा है कि अन्नदाता किसान सड़को पर धरना प्रदर्शन करने को विवश और अपने घर व परिवार को छोड़कर अपने हक के लिए सड़को पर जीवन जीने को मजबूर हैं। लेकिन सरकार किसानों की मांगों को सुनने के बजाय उन्हें खदेड़ कर आवाज दबाने का हर सम्भव प्रयास कर रही है। वहीं किसानों पर हरियाणा पुलिस द्वारा अन्धाधुंध गोलियां चलायी गयी थीं। पुलिस की गोली से एक बेकसूर किसान शुभकरण सिंह पुत्र चरण सिंह की निर्मम हत्या कर दी।

## सीएम योगी को एनआरएचएम कर्मियों ने लिखीं 12000 चिट्ठियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत काम करने वाले कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेज कर अपनी समस्या बताई है। कर्मचारियों ने 12 फरवरी से लेकर 22 फरवरी के बीच पत्राचार अभियान चला रखा था, जिसके तहत 12000 पत्र मुख्यमंत्री को भेजे गए हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कार्य करने वाले कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति आज अलग होती, यदि केंद्र सरकार की तरफ से जारी तीन प्रतिशत अतिरिक्त बजट का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश सरकार ने किया होता। यही बात याद दिलाने के लिए कर्मचारी सरकार को पत्र भेज रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### स्वतंत्र देव सिंह के आवास का अभ्यर्थियों ने किया घेराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव कर दिया गया है। इससे पहले शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी कार्यालय पर जमकर हंगामा किया था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे स्वतंत्र देव सिंह के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। शासन और पुलिस से बचने के लिए अभ्यर्थी दो से तीन की संख्या में पहुंचे। इसके बाद वहां इकट्ठा हुए। फिर उन लोगों ने धरना कालीदास मार्ग स्थित स्वतंत्र देव के सरकारी आवास का घेराव किया। पुलिस फिलहाल उनको हटाने में जुटी है लेकिन वह लोग हटने को तैयार नहीं है। अभ्यर्थी पिछले 600 से ज्यादा दिन से लखनऊ के धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रहे है। 69000 शिक्षक भर्ती में 6800 आरक्षित चयनित अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। बीजेपी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान इन लोगों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के विरोध में नारे लगाए थे। अब वह स्वतंत्र देव सिंह के खिलाफनारे लगा रहे हैं। बीजेपी के यह दोनों नेता ओबीसी वर्ग से आते हैं, ऐसे में यह लोग इनको ज्यादा टारगेट करते हैं।

### रालोद कार्यालय में मनाई गई रविदास जयंती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में महान संत गुरु रविदास की जयन्ती मनाई गयी। इस अवसर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे तथा रालोद पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि भक्ति शिरोमणि संत रविदास ने छूत आडम्बर, अन्याय, विसमता, भेदभाव, ईश्वर भक्ति के नाम पर पैदा किये जाने वाले विवादों को त्याग कर प्रेम, सदाचार और परिहित की भावना को जागृत करने का काम किया था। उन्होंने अपनी वाणी के माध्यम से सच्ची भक्ति का जो संदेश दिया वह सर्वधर्म समभाव की स्थापना में सहायक सिद्ध हुआ। उन्होंने निश्चल कर्म का सबसे उत्तम वर्णन करते हुये मन चंगा तो कठौती में गंगा उनके इसी जीवन मार्ग को आज अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, मनोज सिंह चौहान, अम्बुज पटेल तथा रमावती तिवारी, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा रवीन्द्र मिश्रा, रमेश कश्यप, धीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, शहजाद, सुमित सिंह, राणा, मनोहर मौर्या आदि लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

### इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा लोकदल : सुनील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने के बाद हुए रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए लोकदल इंडिया गठबंधन में शामिल हो गया। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने इसकी इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 1979 से 1980 में इन्दिरा गांधी के सहयोग से चौधरी चरण सिंह प्रधानमंत्री बने और किसान हित में कई फैसले लिए थे। पूर्व प्रधानमंत्र चरण सिंह को केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा भारत रत्न दिये जाने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जिस तरह से इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने का निर्णय लिया है इससे किसानों में काफी रोष है। कांग्रेस नेता तथा सांसद राहुल गांधी द्वारा चलाये जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस देश की एकता अखंडता और भाईचारे को बढ़ाने के लिए सही दिशा में चल रही है। राहुल गांधी के विशेष आमंत्रण पर लोकदल 25 फरवरी को अलीगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हिस्सा बनेगी।

### बौद्धिक आदान-प्रदान व दूरदर्शी अंतदृष्टि पर वक्ताओं ने की चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज हरित ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और डिजिटल साक्षरता में चुनौतियां हैं.जब तक हम इन मुद्दों को आगे नहीं बढ़ाएंगे तब तक भारत का विकास नहीं हो सकता। उक्त बाते सरोजनीनगर विधायक डा0 राजेश्वर सिंह ने मोहनलालगंज के अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कालेज में आयोजित सातवें दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मलेन (सीओआईआई-2024) के अन्तिम दिन शनिवार को समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कही। उन्होंने सभी इनोवेटर्स युवा इंजीनियरों से आगे आने और भारत को आगे ले जाने का आह्वान किया। समापन सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अंबिका मिश्रा व विधायक अराधना मिश्रा की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद प्रयागराज एमएनएनआईटी से सेवानिवृत्त प्रो. ए के मिश्रा, इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस वाराणसी के प्रो0जीपी सिंह, वारविक विश्वविद्यालय के अमीर रजा, एचकेयूएसटी हांगकांग के डा0 अभिषेक कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य अतिथि वक्ताओं ने बौद्धिक आदान-प्रदान और दूरदर्शी अंतदृष्टि विषय पर अपने अपने विचार रखें।



# भविष्य के लिए सरकार से लड़ रहा युवा : अखिलेश

- पूर्व मुख्यमंत्री बोले किसानों के साथ है समाजवादी पार्टी
- पूर्व सांसद और भगत राम मिश्रा के यहां पहुंचे अखिलेश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को दोपहर में निजी हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के यहां पहुंच गए। अखिलेश यादव ने दिल्ली में चल रहे किसानों के आंदोलन को समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और पीडीए किसानों के साथ है। पुलिस भर्ती परीक्षा में भाजपा के लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को एक बजे के आसपास पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड स्थल हेलीकाप्टर से पहुंचे। इसके बाद वह शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के आवास के लिए रवाना हुए। आवास रवाना होने से पूर्व पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम ने कहा कि दिल्ली में किसान अपने हक के लिए धरना दे रहे हैं। हम किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसान की मांगों पर अमल करे, इसके लिए पीडीए गठबंधन पूरा सहयोग कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा किसानो की पार्टी है। हक और सम्मान के लिए सपा उनके साथ रहेगी। इसके बाद वह पूर्व कैबिनेट मंत्री के आवास चले गए। यहां पर सपा की पूर्व सांसद रुवाब सईदा के निधन पर शोक जताया। आधे घंटे के बाद पूर्व सीएम अखिलेश यादव सिविल लाइन स्थित सपा के वरिष्ठ नेता भगत राम मिश्रा के यहां पहुंचे। यहां पर वार्ता कर भोजन किया। इसके बाद वह पुलिस लाइन आए। उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया।

पूर्व सीएम ने कहा कि ढाई करोड़ परिवार के साथ भाजपा ने धोखा दिया है। पीएम को अपने 10 साल के कार्यकाल को देखना चाहिए कि गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी के किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं। नमक की कीमत दोगुनी हो गई है। किसान दुखी होकर आंदोलन कर रहा है। पेपर लीक होने पर भविष्य को बेहतर बनाने के लिए युवा लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केवल पुलिस भर्ती में ही नहीं आरओ और एआरओ को लेकर लोक सेवा आयोग के सामने धरने पर बैठे हैं छात्र और नौजवान।

उन्होंने कहा कि उनका भी आरोप है कि पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि इतने पेपर किसी भी सरकार में लीक नहीं हुए होंगे जितने भारतीय जनता पार्टी के सरकार में लीक हुए हैं। सरकार जानबूझकर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उनके सपनों को तोड़ रही है नौजवानों को नौकरी देना चाहती है ना रोजगार देना चाहती है केवल अपने मैनेजमेंट के लिए बजट लग रही है सरकार।अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर वार करते हुए कहा कि सरकार जिस तरह से कार्य कर रही है ऐसे में आने वाले समय में लोगों से वोट डालने का अधिकार भी छीन लेगी। जिस तरह चीन में और रसिया में वोटिंग नही है उसी रास्ते पर सरकार जा रही है।सलमान खुर्शीद के विवादित ट्वीट पर अखिलेश यादव ने कहा कि लोहिया जी फर्रुखाबाद से ही अपना पहला चुनाव जीते थे हमें उम्मीद है कि वह ट्वीट को डिलीट कर देंगे। इस दौरान पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, रामतेज यादव, विधायक आनंद यादव, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, महिला जिलाध्यक्ष मुन्नी देवी, गोंडा से सूरज सिंह, अब्दुल्ला मन्नान, जफर उल्ला खां बंटी, पूर्व बार अध्यक्ष राम छबीले शुक्ला, देवेंद्र प्रसाद पांडे, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, अध्यक्ष मदन गोपाल त्रिपाठी, पूर्व विधायक केके ओझा, पयागपुर राजा यशवेंद्र प्रताप सिंह सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### पूर्व सीएम को दिया रुद्राक्ष का माला

शहर के सिविल लाइन स्थित वरिष्ठ सपा नेता भगत राम मिश्रा के यहां वकीलों के साथ ब्राह्मण समाज के लोगों ने स्वागत किया। इससे पूर्व भगत राम मिश्रा के पोते कृष्ण भूषण मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को रुद्राक्ष का माल भेंट किया रुद्राक्ष का माल देख अखिलेश यादव काफी खुश हुए। उन्होंने बच्चे को दुलार करते हुए परिवार के लोगों का हाल जाना।

### सरकार अग्नि वीर जैसी टम्परेरी नौकरियां दे रही

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश का नौजवान नौकरी और रोजगार चाहता है वह देश को बनाना चाहता है। अगर वह सपना पूरा करना चाहता है तो उसे नौकरी और रोजगार मिलना चाहिए। नौजवानों की एनर्जी वेस्ट हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नियत कभी नहीं रहेगी नौजवान अपना भविष्य बनाएं। उन्होंने कहा कि यह सरकार अग्नि वीर जैसी टम्प्रेरी नौकरियां दे रही है।

### जब भगवान प्रभुराम बुलाएंगे तब जाएंगे

राम मंदिर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब भगवान प्रभुराम बुलाएंगे तब जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह इतने बड़े भक्त है कि वह अपने यहां मंदिर बनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शालिग्राम को वह नेपाल से लेकर आए हैं।

# विद्यानगर की उपेक्षित जनता को इंतजार है इन बड़े-बड़े नेताओं का

- इस बार लोकसभा चुनाव में जब आएंगे हमारे नेताजी हम उनको दिखाएंगे यहां की दुश्वारियां



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत विद्यानगर क्षेत्र में पक्की सड़क से ग्रामीण बेहद परेशान हैं, हल्की बारिश से सड़क पर पानी-कीचड़ भर जाता है,जिसकी वजह से चलना मुश्किल हो जाता है और हादसे का खतरा भी बना रहता है कई बार शिकायत के बाद भी सांसद, विधायक,कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुध नहीं ली.विधानसभा मनकापुर क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है विद्या नगर किसान इंटर कॉलेज से हनुमान मंदिर के किनारे गांव के बीच से होकर तुर्काडीहा गांव तक जाने वाली ये सड़क खस्ताहाल है, यह सड़क बारिश में ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ा देती है जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क बनवाने की मांग के बावजूद स्थिति वही ढाक के तीन पात जैसी बनी हुई है।

बारिश में बढ़ जाती मुसीबत कटंगी क्षेत्र के इस इलाके में बारिश के दौरान सड़क कीचड़-पानी से ढंक जाती है।सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से चलना मुश्किल हो जाता है, कभी वाहन फंस जाते हैं, स्कूल के बच्चे कीचड़ में फंस जाते हैं जबकि हादसे होने का खतरा हमेशा ही बना रहता है. दिन ढलने के बाद ग्रामीण इस रास्ते पर चलने से बचते हैं।

### बारिश में बढ़ जाती मुसीबत

सड़क मरम्मत की मांग ग्रामीण सरपंच से लेकर विधायक-सांसद और कलेक्टर से कई बार कर चुके हैं पर किसी को कोई फर्क नहीं पड़ा. ग्रामीणों ने बताया कि मजबूरन में गड्ढे वाली सड़क से भी बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है कई बार जनप्रतिनिधियों से कहा गया फिर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया विद्या नगर ग्राम वासियों का कहना है कि सांसद,विधायक और कलेक्टर को भी इस खस्ताहाल सड़क की जानकारी है फिर भी किसी ने अब तक इस समस्या का समाधान नहीं किया है।

### सिर्फ चुनाव में नेताओं को याद आती है जनता

पांच वर्ष बीत गए मगर इस दौरान मूलभूत समस्याओं का निदान नहीं हो सका ।समस्याएं जस की तस बनी हैं। विद्यानगर के ग्राम वासियों का कहना है कि गोण्डा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से गायब हो जाते हैं तथा सिर्फ चुनाव में ही उन्हें जनता की याद आती है ।पांच साल बीत गए जनता का कोई काम नहीं हुआ ।सांसद जी सिर्फ वोट के समय नजर आते हैं।

# डीएम ने किया कुछ अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

- यशवंत कुमार राव बने मनकापुर के उप जिलाधिकारी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के द्वारा राजीव मोहन सक्सेना उपजिलाधिकारी मनकापुर को अपर उपजिलाधिकारी प्रथम गोण्डा बनाया गया। जबकि यशवंत कुमार राव उपजिलाधिकारी (न्यायिक) तरबगंज को उपजिलाधिकारी मनकापुर बनाया गया। सत्यपाल सिंह तहसीलदार सदर गोण्डा को तहसीलदार मनकापुर बनाया गया।

एवं अखिलेश कुमार तहसीलदार मनकापुर को तहसीलदार गोण्डा सदर बनाया गया।

# बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संत रविदास को किया नमन

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



माघ पूर्णिमा रविदास जयंती के अवसर पर शास्त्री नगर मोहल्ले में बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। उपस्थित लोगों ने रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला पूजा मनमोहिनी ने कहा संत रविदास एक सच्चे और महान संत थे, श्री कृष्ण जी की भक्त मीराबाई के गुरु थे रविदास के चमत्कार से दुनिया अर्चंभित थी उनके जैसा संत बिरला ही कोई होता है वह देवदूत थे। इस अवसर पर उर्मिला देवी, दिव्या दिव्यदर्शनी, निशा शर्मा, शिवा प्रियदर्शनी, प्रेरणा भारती, महक भारती, सुधा भारती, छोटेलाल, अमरदीप, राजदीप आदि लोगों ने संत रविदास को नमन करते हुए पुष्प अर्पित किया।

## खबरें एक नजर में

### 29 फरवरी व 4 मार्च को लगेगी राजस्व लोक अदालत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले की सभी तहसीलों में राजस्व न्यायालयों में 1 वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों के निस्तारण हेतु *लोक अदालत* का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में उ0प्र0 राजस्व संहिता की धारा-34 (नामान्तरण वाद) एवं धारा-67 (गाँव सभा/सार्वजनिक भूमि से बेदखली का वाद) के वादों का निस्तारण किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देश दिए गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा पुराने राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में राजस्व संहिता की धारा 67 के वादो के निस्तारण हेतु 29 फरवरी तथा राजस्व संहिता की धारा-34 के वादो के निस्तारण हेतु 4 मार्च को सभी तहसीलो के मीटिंग हाल में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत प्रातः 10 से आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने लोक अदालत की सफलता के लिये सभी वादी/प्रतिवादीगण से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने-अपने तहसील मुख्यालय पर उपस्थित होकर वादों का निस्तारण कराने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

### बलरामपुर फाउंडेशन जरूरतमंद लोगों को बांटा हैंडपंप



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर फाउंडेशन मैजापुर चीनी मिल के द्वारा कर्नलगंज तहसील के अंतर्गत जल जीवन शक्ति मिशन के तहत ग्राम मंगूरही,बधईया ,बिकरवा, लालपुर,व समदरीयन पुरवा के जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ जल हेतु 100 हैंडपंप उपलब्ध कराया। विदित हो कि बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा कई सामाजिक हित में कई ऐसे कार्यों को किया गया है ।जिससे असहाय व गरीब लोगों के जीवन खुशियां आई हैं। सुबह के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणा से बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा गरीब असहाय लोगों को चिन्हित कर उनको लाभ प्रदान किया जाता हैं। हैंडपंप पाने वाले,लल्लू यादव, सुखदेव, रामदेव, शिवराम, सुखराम, राम सहाय, अर्पित लाल, शिवचरण, दिलीप, पुतीलाल, लोकनाथ सहित सैकड़ों लोगों को बांटा गया।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर एक युवक पिछले तीन साल से दुष्कर्म करता रहा। इस बीच उसने दूसरी जगह शादी तय कर ली। इसकी जानकारी होने पर युवती ने शादी का दबाव बनाया तो उसने धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में हीला-हवाली की। इस पर मामला पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती व उसके परिजन पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से मिले और आप बीती बताई। इस पर एसपी ने थानाध्यक्ष मोतीगंज को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। युवती ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि आरोपी पिछले 3 वर्ष से फोन पर उससे बातें करता था और शादी का झांसा देकर आए दिन शारीरिक संबंध बनाता था। इस बीच आरोपी युवक ने अपनी शादी अलग तय कर ली। जब उसने उस पर शादी का दबाव बनाया तो उसने पीड़िता के साथ ही उसके पिता और भाई को भी जान से मारने की धमकी दी। बताते चलें कि एक सप्ताह पूर्व भी मोतीगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो किशोरियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई थीं। थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया कि भोरहा गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ जान से मारने की धमकी व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया।

### कला प्रतियोगिता में दिखी इन्द्रधनुषी छटा



- विद्यालय प्रबंधक ने छात्र छात्राओं कोउपहार देकर किया सम्मानित

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** कंचन कॉन्वेंट स्कूल में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर उनमें अपनी कल्पनाओं के रंग भरे। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि निर्णायक मंडल के द्वारा कक्षा छः की छात्रा प्रियांशी गौतम, साम्भवी सिंह, दिव्यांशी, आयुषी, आसना तथा कक्षा नौ की छात्रा आकांक्षा श्रीवास्तव, मनीषा यादव, रिया सिंह, काव्या, यशी सिंह द्वारा बनाये गए चित्र को चयनित किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधक एम श्रीवास्तव द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में विद्यालय के सीनियर छात्र आयुष व रितेश का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह, विजय मिश्र, उमाशंकर यादव, रंजीत सिंह, अबरार, मो माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# चौराहे पर स्थित वी मार्ट शॉपिंग कांप्लेक्स के पास नहीं है पार्किंग स्थल



- रोज लग जाता है भयंकर जाम प्रशासन जानकर भी अनजान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में आम आदमी के घरों के स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्माण में कोई तब्दीली होने पर तत्काल गंभीरता दिखाने वाले नगर पालिका परिषद के लोग शॉपिंग मॉल संचालकों के आगे बेबस हैं।वहां उन्हें न तो नियमों का उल्लंघन नजर आ रहा है तो न ही पटरियों पर कोई अतिक्रमण।नतीजा शहर में संचालित अधिकांश शॉपिंग मॉल में मनमानी हावी है।एक-दो मॉल या कांप्लेक्स को छोड़ दें तो कहीं भी पार्किंग की सुविधा नहीं है,जबकि मॉल या व्यावसायिक कांप्लेक्स निर्माण की यह अहम शर्त है।बेसमेंट में जहां पार्किंग होनी चाहिए वहां भी दुकानें चल रही हैं।मॉल संचालकों पर मेहरबानी का खामियाजा आम राहगीरों को जाम में घंटों बिताकर भुगतना पड़ रहा है।

शहर के विभिन्न जगहों पर करीब दर्जनो से अधिक शॉपिंग मॉल चल रहे हैं।इनमें किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।कुछ के पास है भी तो वह मानकविहीन हैं।ग्राहक सड़कों पर वाहन खड़ी कर शॉपिंग के लिए अंदर जाते हैं।बाहर सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है।

लंबे समय खरीदारी करने के चलते कई लोगों के वाहन चोरी भी हो जाते हैं।ऐसी स्थिति में मॉल संचालक वाहन रखवाली की जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं।इन सब दुर्व्यवस्थाओं के बावजूद नक्शा विभाग की ओर से कई शॉपिंग मॉल को कानूनी मान्यता देते हुए बाकायदा नक्शा पास कर दिया गया है।नक्शे में जितना एरिया शॉपिंग मॉल के लिए दिया गया है उतना ही एरिया पार्किंग के लिए भी दर्शाया गया है जबकि धरातल पर तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है।कई ऐसे शॉपिंग मॉल हैं जिसके बाहर एक चार पाहिया वाहन खड़ा करने के लिए जगह नहीं है। इसके बाद भी उनमें एक साथ पचास से अधिक लोग खरीदारी करते हैं।

### अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

सीओ सिटी विनय कुमार सिंह का कहना है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है ।दुकानदारों को जागरूक करने के साथ ही कार्रवाई भी की जाती है ।जल्द ही अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सिर्फ कुछ ही शॉपिंग कॉम्पलेक्स का नक्शा पास

छोटे शॉपिंग मॉल को छोड़ दें तो शहर में नामी कंपनियों के दर्जन भर से अधिक मॉल खुले हैं ।नगर पालिका परिषद के मुताबिक कुछ ही शॉपिंग कॉम्पलेक्स को छोड़कर बाकी अधिक तर शॉपिंग मॉल बिना नक्शा पास कराए चल रहे हैं ।घर के नक्शों में जरा सी मानक की अनदेखी होने पर निर्माण तोड़ने का आदेश देने वाले अधिकारी यहां कानून के उल्लंघन पर मौन हैं। ऐसा नहीं कि मॉल चोरी-छिपे चल रहे हैं ।सब कुछ सरेआम होने के बाद भी जिम्मेदार बेखबर हैं।

### यह है नक्शा पास कराने के नियम

शॉपिंग माल बनाने के लिए सबसे पहले जमीन की कागजात और उसका नक्शा नगर विकास विभाग को देना होता है ।विभाग नक्शे की गहन जांच के दौरान यह सुनिश्चित करता है कि पार्किंग की सुविधा है या नहीं। बिना पार्किंग के कोई भी नक्शा स्वीकृत नहीं किया जा सकता ।पार्किंग के लिए भी शॉपिंग मॉल के बराबर एरिया निर्धारित की जाती है ।लिहाजा आम तौर पर बेसमेंट में ही पार्किंग की सुविधा दी जाती है ।नक्शा स्वीकृत करने के बदले चार रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से विकास शुल्क वर्ग मीटर के हिसाब से मानचित्र शुल्क जमा करना होता है।

### ऐसे हो रहा नक्शे का उल्लंघन

शॉपिंग मॉल का नक्शा पास कराने के लिए लोग जमीन के कागजात के अलावा जरूरी धनराशि नगर पालिका परिषद के जेई व बाबुओं के पास जमा कर देते हैं ।विभाग नियमों के मुताबिक नक्शा पास कर देता है,मगर इसके बाद कोई भी कर्मचारी यह देखने निर्माण स्थल पर नहीं जाता कि नक्शे के अनुरूप काम हो रहा है या नहीं ।यही कारण है कि नक्शे में भले ही पार्किंग हो लेकिन मौके पर उनका वजूद नहीं है ।कुछ ने किराए पर पार्किंग की जगह ले रखी है, लेकिन वह भी मानक के अनुरूप नहीं है।

### रोजाना घंटों जाम झेलते हैं लोग

शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में शुमार गुरु नानक चौक से महिला अस्पताल रोड का आलम यह है कि यहां वाहनों की पार्किंग सड़क पर ही होती है। रोड पर घुसने के बाद गुड्डू मल चौराहा चौक बाजार तक सड़क अवैध पार्किंग के जाम में जकड़ी हुई है ।इससे रोजाना घंटों जाम लगता है ।लोग इधर जाने से बचते हैं ।यही हाल बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर अग्रसेन चौराहे तक आधी सड़क तक ठेले और दुकनदारों का कब्जा है ।आए दिन रेलवे स्टेशन को जाने वाले लोग जाम में जूझते रहते हैं ।बड़गांव पुलिस चौकी से अग्रसेन चौराहे तक कई बार गंभीर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

# शुरू हुआ अमान परिवर्तन का कार्य, उजड़ने लगी मीटर गेज लाइन

- बहराइच से नेपालगंज बड़ी रेल लाइन में होगी परिवर्तित
- बड़ी रेल लाइन निर्माण को लेकर जिले के लोगों में उत्साह



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच से नेपालगंज के मध्य अमान परिवर्तन का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए मीटर गेज रेल लाइन को कर्मचारियों की ओर से उजाड़ा जा रहा है। बड़ी रेल लाइन निर्माण को लेकर जिले के लोगों में खुशी है। बड़ी रेल लाइन बनने से नेपाल के यात्री भी यात्रा कर सकेंगे। बहराइच से नेपालगंज के बीच मीटर गेज रेल लाइन है। इस रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में परिवर्तित करने के लिए कार्य शुरू हो गया है। जिले के रिसिया, मटेरा के साथ बाबागंज और नेपालगंज रेलवे स्टेशन पर बिछे रेल पटरियों को उजाड़ा जा रहा है। अमान परिवर्तन कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से 280 करोड़ से अधिक का बजट जारी किया गया था। जिसके चलते अब निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस रेल लाइन पर छोटे और बड़े पुल का निर्माण होगा। जिनकी संख्या 23 है। बड़ी रेल लाइन का कार्य शुरू होते ही जिले के लोगों में खुशी है। नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से बहराइच के मध्य बड़ी रेल लाइन बनने से इस प्रखंड पर लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसका लाभ नेपाल के यात्रियों को भी मिलेगा। मालूम हो कि रेल लाइन का कार्य होने में कम से कम दो वर्ष का समय लगेगा।

### समय से कार्य पूरा करने पर रहेगा जोर

बहराइच से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का मन परिवर्तन कार्य शुरू हो गया है। इसमें मीटर गेज रेल लाइन को उजाड़ा जा रहा है। हालांकि अभी कार्य की शुरुआत ही हुई है। लेकिन विभाग कर को लेकर पूरी तरह से संजीदा है। समय से जल्द कर पूरा करने पर जोर दिया जाएगा।

**महेश गुप्ता पीआरओ पूर्वोत्तर रेलवे**

# अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते घर जलकर हुआ खाक

- कड़ी मशक्कत कर ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के तहसील मोतीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजौली में शकील का पुत्र जाफर के घर 3 बजे के आसपास अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई इस दौरान आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और तेज लपटे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया मौके पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग पर किसी तरीके से काबू पाया गया। इस दौरान शकील की पत्नी किस्मतुल ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते आग लगी है आग में उसके घर का गृहस्थी के सामान के साथ-साथ दो चारपाई और घर में रखा हुआ अनाज जलकर खाक हो गया है।ग्रामीणों के द्वारा सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी गई मौके पर लेखपाल अरुण कुमार व उप निरीक्षक सुजौली ओम प्रकाश यादव मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

# एएसपी ने किया थाना विशेश्वरगंज का निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने थाना विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण किया। तथा सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। माल मुकदमाती को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया एवं आकस्मिक रूप से पुराने मालों को खोज कर दिखलाने के लिए बताया गया। मैस में साफ-सफाई तथा एक फिक्स मेनू के तहत खाना बनाने के लिए कहा गया। थाने पर अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। हिस्ट्रीशीटरो की चेकिंग तथा उनका सत्यापन करने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। तथा थाना क्षेत्र में जो भी विवाद है उसको चिन्हित कर समाधान दिवस पर निस्तारण कराये तथा भारी मुचलका से पाबंद करने के लिए निर्देश दिए गए ।अपर पुलिस नगर ने थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा ने थाना पयागपुर के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। तथा लंबित विवेचनाओं के त्वरित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# भाजयुमो प्रत्येक मंडल में आयोजित करेगा युवा चौपाल

- 25 फरवरी से 2 मार्च तक युवा चौपाल का कार्यक्रम होगा आयोजित
- स्वास्थ्य शिक्षा सड़क शौचालय सभी पर निरंतर कार्य करते हुए विकास को दी जा रही है गति : बृजेश पांडेय



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजयुमो बहराइच द्वारा प्रत्येक मंडल पर 20-20 युवा चौपाल का कार्यक्रम किया जाना है जिसके निमित्त सभी 33 मंडल में मंडल कार्यशाला संपन्न होने के पश्चात रविवार 25 फरवरी से 2 मार्च तक युवा चौपाल का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी क्योंकि युवा ही भारत का भविष्य है जिनके युवा कंधों पर 2024 लोकसभा चुनाव कि अहम जिम्मेदारी पार्टी द्वारा सौपी गई है। इसी संदर्भ में शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर भाजयुमो बहराइच द्वारा एक प्रेस वार्ता भी की गई। जिसमें भाजपा जिला महामंत्री अरुणेंद्र सिंह अंकित व अखिलेश यादव गोले के साथ जिला मीडिया प्रभारी सतीश सिंह उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की परिकल्पना को साकार रूप देते हुए सर्व समाज के लिए निरंतर कार्य कर रही है जन जन तक लाभकारी योजनाएं पहुंचाई जा रही है स्वास्थ्य शिक्षा सड़क शौचालय सभी पर निरंतर कार्य करते हुए विकास को गति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी केंद्र में एक बार फिर से भारी बहुमत से सरकार बनायेगी। प्रेस वार्ता में आगामी कार्यक्रम पर विषय प्रस्तुत करते हुए जिला महामंत्री ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा लगातार अभियान को गति देते हुए आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में मुख्य भूमिका में दिखेगी।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी की नीतियों रीतियों से जोड़ते हुए उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिला मीडिया सतीश सिंह ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव की जिम्मेदारी मुख्य रूप से युवाओं पर होगी जो सर्व समाज की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में एम्स का लोकार्पण करेंगे पीएम मोदी

- पीएम एम्स का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे लोकार्पण
- मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी सहित कई मंत्री व भाजपा के पदाधिकारी मौजूद




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एम्स राजकोट से देश के पांच राज्यों में संचालित एम्स का लोकार्पण किया जाएगा जिसमें रायबरेली एम्स भी शामिल है। प्रधानमंत्री के द्वारा रायबरेली एम्स में वर्चुअल माध्यम से क्रिटिकल केयर सेवाओं का शुभारंभ किया जाएगा। क्रिटिकल केयर वेंचर में उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का ज्वाइंट वेंचर है जो सौ बेड की आइसीयू व्यवस्था से लैस होगा। इस पूरे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी और कई मंत्री व भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी को रायबरेली एम्स का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण करेंगे। एम्स के विधिवत शुरू होने से रायबरेली और आसपास के जिलों के लिए यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।हालांकि 2018 से इसमें ओपीडी चालू है और रोज़ हजारों मरीजों को इलाज़ मिल रहा है।

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के राजकोट से पांच नए एम्स का लोकार्पण करेंगे जिनमें एम्स रायबरेली भी शामिल है। रायबरेली एम्स 600 बेड से युक्त है, इसमें आपातकालीन और ट्रामा के लिए 30 बिस्तर, आईसीयू विशेषता और सुपर स्पेशलिटी बिस्तर, एक 100 एमबीबीएस सीटों वाला मेडिकल कॉलेज छात्रावास और आवासीय क्वार्टर भी है।

### 823 करोड़ की लगत से बना एम्स

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) रायबरेली को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान संशोधन अधिनियम, 2013 द्वारा एक स्वायत्त संस्थान और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित किया गया था। रायबरेली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को फरवरी, 2009 में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के प्रथम चरण में 823 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत पर मंजूरी दी गई थी।

### लाखों लोगों को होगा लाभ

मंत्रालय ने जुलाई, 2013 में परियोजना के लिए मेसर्स एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान संशोधन अधिनियम, 2013 के द्वारा एक स्वायत्त संस्थान और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित किया गया था।इसके बाद से निरंतर एम्स की सुविधाओं में इज़ाफ़ा होता गया और अब यह आसपास के लाखों लोगों के लिए एक उम्मीद बन चुका है।प्रतिदिन यहां से हज़ारों मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं और उन्हें इसके लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ता।

# पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का दिलाया जायेगा लाभ : सीडीओ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि प्राप्त सूचना के अनुसार 25 फरवरी 2024 को मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), मुंशीगंज रायबरेली में कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाये जाने हेतु स्टॉल लगाये जायेंगे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्टॉल लगाये जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी को नामित किया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, क्षय रोग स्क्रीनिंग/परीक्षण, गैर संचारी रोग की जांच एवं परीक्षण के लिए स्टॉल लगाये जायेंगे के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को नामित किया गया है।

इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लिए समाज कल्याण अधिकारी को नामित किया गया है। विकलांग कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी। ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों के उत्कृष्ट उत्पादन हेतु परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 एवं उपायुक्त (स्वतः रोजगार)। पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी। नगरीय विकास अभिकरण द्वारा शहरी आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना हेतु परियोजना अधिकारी-डूडा। राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना हेतु उप निदेशक, कृषि। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के स्टॉल हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को नामित किया गया है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास योजना, निराश्रित महिला पेंशन स्टॉल हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी। बैंकिंग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना हेतु अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा। जल शक्ति विभाग द्वारा जल जीवन मिशन हेतु अधि0अभि0 जल निगम-ग्रामीण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण अभियान स्टॉल के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को नामित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी नामित अधिकारियों को आदेशित किया है कि 25 फरवरी 2024 को एम्स मुंशीगंज रायबरेली में अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉल लगवाते हुए योजना से सम्बन्धित लाभार्थियों की भी कार्यक्रम स्थल पर समय से सहभागिता सुनिश्चित करायें। लगाये गये स्टालों पर विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों के पंजीकरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी लाभार्थी के योजना के सम्बन्ध में मांग किये जाने पर उसका पंजीकरण तत्काल उसी समय हो सके।

सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करायें कि लगाए गए स्टॉल पर तैनात कर्मचारी के पास विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति विवरण भी उपलब्ध रहे, जिससे योजना की अद्यतन प्रगति की जानकारी हो सके।

## खबरें एक नजर में

### संत शिरोमणि रविदास को किया नमन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** संत शिरोमणि रविदास जी की 647 वें जन्म जयंती को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । जिसमें डोमापुर डेपार मऊ में भी आयोजन किया गया इसके एक दिन पूर्व भंते विमल बोधी जी के द्वारा चंद्रदेव का पाठ का आयोजन किया गया रामलाल ने बताया कि ईसा से 647 वर्ष पूर्व संत शिरोमणि रविदास जी का जन्म हुआ था उस समय हमारे समाज में छुआछूत अंधविश्वास पाखंड का बोलबाला था जिस पर संत रविदास जी ने मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसे दोहे से लोगों में चेतना भरने का काम किया तथा पाखंड पर भी जमकर कुठाराघात किया और लोगों को जागरूक किया जगह-जगह पर मेले और भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हसमत गंज बहादुर नगर में भी इसका आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना त्रिसरण व पंचशील से की गई और एक सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों में अरुण कुमार प्रथम स्थान पर मांसी द्वितीय स्थान पर सेजल तृतीय स्थान पर अंशू ने प्राप्त किया तथा इन लोगों को मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया इस मौके पर संस्थापक रामलाल हरकेश कृतिष्या राजकरण रामचरण छत्रपाल सुदामा दयाराम राम उमाशंकर राम सजीवन मैकू लाल राजेंद्र कुमार रामचंद्र विनोद कुमार जियालाल पूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद दीपू कश्यप रंजीत छिटान नेता लव कुश व ग्राम प्रधान संतोष सिंह आदि सभी ग्रामवासी लोग उपस्थित रहे।

### संत रविदास के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए : सतीश



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** महाराजगंज ब्लॉक में एडीओ पंचायत सतीश चतुर्वेदी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा संत रविदास जी की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनके विचारों और गुणो पर चर्चा की गई। तथा संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए एडीओ पंचायत सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे महान संतो से हम लोगों को शिक्षा लेनी चाहिए और अपने जीवन में उनके गुणो को शामिल करना चाहिए इस मौके पर श्वेता यादव खंड प्रेरक नंदलाल सफाई कर्मचारी चंद्रशेखर लोधी प्रधान प्रधान ताजुद्दीनपुर अनुज यादव रेखा श्रीवास्तव सोमेंद्र पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डिजिटलाइजेशन के विरोध में जूहा शिक्षक संघ ने की बैठक

- 1 से 5 मार्च तक काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे
- समस्या समाधान न होने पर 11 मार्च को होगा एकदिवसीय धरना

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।** उप्र जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार डिजिटलाइजेशन के विरोध में आगामी आंदोलन के संदर्भ में एक बैठक जनपद के विभिन्न शैक्षिक संगठनों के साथ शहर के निराला उद्यान में अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष भरत त्रिपाठी ने कहा कि हमसे प्रतिदिन अपने मोबाइल से अनेकों कार्य कराए जाते हैं, विभिन्न अन्य कार्यों/परीक्षाओं में लगाया जाता है। अरुण कुमार अध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी संघ ने कहा कि हमें एमडीएम सहित समस्त गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए तथा हमारी समस्याओं का समाधान किया जाए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उपाध्यक्ष धर्मेश श्रीवास्तव ने कहा कि इसके लिए हमें विद्यालय स्तर तक प्रेषित करना पड़ेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के शुभम त्रिवेदी ने बिना समस्याओं का समाधान किये व बिना सिम/संसाधन दिए डिजिटलाइजेशन का प्रबल विरोध करने को कहा। सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास मिश्रा ने शिक्षक हित में सदैव साथ रहने को कहा। इसके अलावा अन्य कई मांगों पर चर्चा हुई। अंत में अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी छवि नकारात्मक बनाई जा रही है, बिना गैर संसाधन दिए, बिना समस्याओं का समाधान किये, बिना गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किये डिजिटलाइजेशन का विरोध किया जाएगा। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों के साथ जनपद के भी समस्त शिक्षक 1 से 5 मार्च तक काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे तथा समस्या समाधान न होने पर 11 मार्च को एकदिवसीय धरना देकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

### डम्पर ने बाइक सवार दम्पति को रौंदा, पति की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।** माखी थाना क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बाइक सवार पति-पत्नी को सामने से आ रहे डम्पर चालक ने टक्कर मार दी जिससे पति सड़क पर गिर गया और टायर के नीचे आ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी जबकि पत्नी दूसरी ओर गिरी, जिससे वह घायल हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में ले लिया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के पुरवा कुडीना गांव निवासी राजकुमार सिंह 47 शादी के बाद ससुराल थाना गांव में रहता था। चार दिन पहले पिता नन्हा सिंह की मौत हो गयी थी। शुक्रवार को वह पत्नी नीलम सिंह के साथ पैतृक गांव गया था। जहां से वह शनिवार को वापस लौट रहा था तभी रऊकरना बाजार के पास सामने से आ रहे डम्पर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गया और टायर के नीचे आ जाने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि पत्नी दूसरी ओर गिरी जिससे वह घायल हो गयी। दुर्घटना के बाद डम्पर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और डम्पर को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक पांच भाइयों के बीच दूसरे स्थान पर था। बडे भाई सरवन सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है। शनिवार को उसकी भी मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। छोटे भाई बाबू सिंह, बेटा सिंह व संजय सिंह गांव में रहते हैं जबकि मृतक शादी के बाद से ही ससुराल थाना गांव में रहता था। मृतक के कोई औलाद नही है।

# थाना समाधान दिवस के दौरान आई छह शिकायतें

- राजस्व मामले से संबंधित थी सभी शिकायतें
- थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

सरेनी कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान 6 शिकायतें प्राप्त हुईं।इनमें मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया।शनिवार को कोतवाली परिसर में थानाध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया! इस अवसर पर राजस्व मामले से संबंधित कुल 6 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए,जिनमें से मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं किया गया!सभी शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए!इस दौरान उप निरीक्षक अजय कुमार, राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र तिवारी, शेषदत्त दुबे,रामसजीवन वर्मा व लेखपाल संतोष कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शिकायतों का त्वरित हो रहा निस्तारण, थाना दिवस पर नहीं पहुंच रहे फरियादी:-** सरेनी कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में फरियादियों की भीड़ जुटती नहीं दिखती। इसका प्रमुख कारण थानाध्यक्ष संजय कुमार की सक्रियता,मुस्तैदी व मामलों को लेकर संजीदगी है। थाने में फरियादियों द्वारा फरियाद लेकर पहुंचने पर थानाध्यक्ष मामले को गंभीरता से लेते हैं और मामले का त्वरित निस्तारण कर फरियादी को संतुष्ट करते हैं जिस वजह से थाना समाधान दिवस में फरियादी नहीं पहुंच रहे हैं। थाना दिवस में जो भी दो-चार मामले आते हैं उनमें से ज्यादातर मामले राजस्व से संबंधित होते हैं!हालांकि पूर्व में थाना दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ दिखती थी लेकिन जब से संजय कुमार ने सरेनी कोतवाली की बागड़ोर थामी है तब से फरियादियों की भीड़ में बेहद कमी देखी जा रही है,क्योंकि थानाध्यक्ष द्वारा फरियादियों को त्वरित न्याय मिल रहा है, जिसके लिए वह सदैव प्रयासरत रहते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा के समापन में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब

- भागवत कथा का प्रसाद पाने वाले श्रद्धालु भी पुण्य के भागीदार होते हैं : ऊषा पांड़ेय
- भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का चखा प्रसाद

**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**



रानीखेड़ा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा! श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भंडारे का प्रसाद चखा! आयोजक उषा पांडेय ने कहा कि भागवत कथा का प्रसाद पाने वाले श्रद्धालु भी पुण्य के भागीदार होंगे। इसमें शामिल श्रद्धालुओं में अशोक पाण्डेय, अनिल कुमार, राजेश कुमार, कौशल किशोर, आशीष, उत्कर्ष, विवेक पाण्डेय, सौरभ, गौरव, विपिन, नीरज, अमित, महेश चंद्र, हरिकरण सिंह,संजय पाण्डेय,धनंजय पांडेय, गिरिजेश त्रिवेदी, सरिता रानी मिश्रा, सुमन सिंह, विमल पांडेय, मयंक पांडेय, उदय, शशि शर्मा, अंकित पांडेय, कमल, उमाकांत, चंदन, अनुज पांडेय, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महराजगंज उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता द्वारा की गई वही थाना समाधान दिवस में कुल पांच शिकायती पत्र आए जिसमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। और अन्य शिकायतों को जल्द से जल्द निपटारे की बात कही गई पांचो शिकायती पत्र राजस्व विभाग से संबंधित थे इस मौके पर कोतवाल बालेंद्रु गौतम सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

# बड़े ही धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महाराजगंज में संत रवीदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि संत रविदास का जन्म वाराणसी के पास के एक गांव गोवर्धनपुर में हुआ था। मानना है कि संत रविदास जी के माता-पिता चर्मकार थे। संत रविदास जी के पिता का नाम संतोष दास (रघु) और माता का नाम कर्मा देवी(कलसा) था। वहीं उनकी पत्नी का नाम लेना और पुत्र का नाम विजय दास बताया जाता है। रविदास जी ने अपने अजीविका के लिए पत्रक कार्य को अपनाया लेकिन उनके मन में भगवान की भक्ति पूर्व जन्म के पुण्य से ऐसी रुचि बसी थी। की आजीविका को धन कमाने का साधन बनाने के बजाय संत सेवा का माध्यम बना लिया रविदास जी के बारे में कहा जाता की बचपन से ही उनके पास अलौकिक शक्तियों थी। बचपन में अपने मित्र को जीवन देने पानी पर पत्थर तरण कुष्ठ रोगियों को ठीक करने समेत उनके चमत्कार के कई किस्से प्रचलित थी। संत रविदास जी अपना अधिकांश समय भगवान की पूजा में लगाते थे और धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए उन्होंने एक संत का दर्जा प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि उनके द्वारा रचित एक दोहा मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी प्रसिद्ध है। रविदास जी का कहना है कि शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किए गए काम का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है।



### संत रविदास जयंती पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज में समाज सुधारक संत रविदास जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज की कार्यकारी प्रबंधक सुनील कुमार ने संत रविदास जी के गुणों पर प्रकाश डालते हुए उनकी सामाजिक एवं निश्छल विचारधारा(मन चंगा तो कठौती में गंगा) से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं माता जी के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाकर उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर डॉ बी आर अंबेडकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एस0डी0 कनौजिया राधे श्याम मौर्य तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रामकुमार गौड़, असिस्टेंट प्रोफेसर हरगोविंद पटेल, डॉ0 सहदेव प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कुमार निर्मल पूजा यादव,अमरेश मौर्य, एवं सर्वेश कुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### पत्नी से विवाद के बाद फांसी पर झूला युवक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।** दही थाना क्षेत्र में पत्नी से हुए विवाद से क्षुब्ध युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर परीक्षण के लिए भेजा है। घटना थाना दही के अंतर्गत ग्राम सरांय कटियान की है यहां के निवासी परशुराम 35 पुत्र कैलाश ने बीतीशाम अपने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियो में फांसी का फंद्दा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के भाई अरविंद ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि परशुराम की अपनी पत्नी से तीन दिन पूर्व मारपीट हुई थी जिसपर उसकी पत्नी ने थाने में शिकायत की थी जिससे परशुराम डरा सहमा था और पुलिस के डर के कारण उसने फांसी लगा ली। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म है।

# इंडेक्स प्लस में बचत के साथ साथ आकर्षक रिटर्न : चंदन सिंह

- बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं का किया गया सम्मान

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के एक स्थित होटल में मीटिंग का आयोजन चंदन सिंह द्वारा किया गया जिसमे भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक चंदन सिंह ने बताया कि एलआईसी से हमें एक ओर जहां पर सुरक्षा प्राप्त होती है वहीं पर बचत के साथ आकर्षक रिटर्न भी मिलता है एलआईसी हमेशा नई-नई पॉलिसी ग्राहकों के लिए देती रहती है इस बार इंडेक्स प्लस तालिका संख्या 873 ,अमृत बाल तालिका संख्या 874 लांच की गई है द्य जिसमें गैरेंटेड रिटर्न है श्री सिंह ने लालगंज के एक रेस्टोरेंट में मुख्य सलाहकार भारतीय जीवन बीमा निगम मनोज कुमार कुशवाहा की टीम को संबोधित करते हुए बताया कि बीमा व्यवसाय रोजगार के साथ-साथ जन सेवा का भी कार्य है इस अवसर पर चीफ एडवाइजर मनोज कुमार कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए अभिकर्ताओं के हितों की जानकारी दी और कहा की इंडेक्स प्लस और अमृतबाल में कई तरह की विशेषताएं हैं जो ग्राहकों के लिए लाभप्रद हैं इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया जिसमें पूनम , (सतकबीर अभिकर्ता), गया प्रसाद कुशवाहा, कृष्ण कुमार (अर्धसतकबीर वीर अभिकर्ता), रोहित, महेश कुमार कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक में खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, जिला अस्पताल ले जाते समय हुई मौतद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि थाना क्षेत्र के दोस्तपुर गांव निवासी रिंकू शर्मा उम्र 35 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ, तत्पश्चात परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य जहाँ प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत नाजुक होने पर उन्हें चिकित्सकों के द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गयाद्य परंतु जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई, और जिला अस्पताल के चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया हैद्य शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया हैद्य रिंकू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# स्वामी बद्री नारायण गिरी महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के महंत रहे स्वामी बद्रीनारायण गिरी जी महाराज पूर्ण तिथि मनाई गई इस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया बताया जाता है कि स्वयं बद्री नारायण गिरी जी महाराज महान संत थे वह विलक्षण शक्ति से परिपूर्ण थे स्वामी बद्री नारायण गिरी जी महाराज सन 1925 में बड़ा मत में आकर पद ग्रहण किया तथा 1983 तक वहां के महंत पद पर आसीन रहे 1954 में स्वामी जी के द्वारा एक बहुत बड़े यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें कहा जाता है कि भंडारे के समय घी कम पड़ गया था स्वामी जी ने भक्तों से कहा की मां गंगा से दो-तीन टीना गंगाजल लाकर कढ़ाई में डालो और पुड़िया निकलना शुरू कर दो भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा विश्वास के साथ ऐसा ही किया और भंडारा सकुशल संपन्न कराया पूज्य महंत बद्रीनारायण गिरी जी महाराज ने 1956 में भगवान शिव की प्रतिमूर्ति की स्थापना कि उस समय उन्होंने बहुत बड़ा यज्ञ का आयोजन किया जिसमें संपूर्ण देश के साधु संत नागा संन्यासी एकत्रित हुए उस समय एक अद्भुत घटना हुई महंत स्वामी जी को योगिनी सिद्ध की प्राप्ति थी योग माया के द्वारा स्वामी जी ने बताया की श्री काशी में इसी तरीके का भंडारा चल रहा है उसी समय एक संत का कमंडल लेकर दूसरा संत चल पड़ा तभी स्वामी जी हंस पड़े तो लोगों ने पूछा कि स्वामी जी आपके हंसने का कारण क्या है तो स्वामी जी ने बताया कि इस समय काशी में भंडारा चल रहा है वहां पर एक ऐसी अद्भुत घटना घटी जिससे मुझे हंसाई आ गई ऐसे विलक्षण शक्ति के संपन्न पूज्य महंत बद्रीनाथ गिरी जी महाराज 1983 में शरीर छोड़ने के 2 घंटे पहले उन्होंने बता दिया था कि अब वह राधा कृष्ण मंदिर में समादिष्ट हो जाएगे और मेरा शरीर गंगा में प्रवाहित किया जाए सिर्फ आंख नाखून और चोटी ही आश्रम में रखकर समाधि बनाई जाए ठीक उसी के बगल में उन्होंने मां दुर्गा के मंदिर तो बना दिया परंतु स्थापना नहीं कर पाए उनके उत्तराधिकारी स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज ने 1984 में उनके अधूरे संकल्प को पूरा किया उनके समाधि पर आज भी लोग आकर के दर्शन पूजन करते हैं जिससे लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है कार्यक्रम का आयोजन स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में तथा स्वामी दिव्यानंद जी महाराज की देखरेख में आयोजित किया गया इस मौके पर स्वामी राम चैतन्य सुशील शास्त्री स्वामी गीतानंद गिरी पुरोहित एवं कस्बे के भक्त जन उपस्थित रहे।

# पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

- जीएमपीएस स्कूल में आयोजित किया गया विदाई समारोह

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे की पटेल नगर कॉलोनी में स्थित गिरीश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक अंबेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का आभूषण हैद्य शिक्षा से अपने जीवन की मंजिल प्राप्त की जा सकती है ।उन्होंने कहा शिक्षित व्यक्ति समाज में उजाला फैलाने का काम करता हैद्य बच्चों को पुरस्कार वितरण करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आप सबकी मेहनत का फल है कि आज पुरस्कृत होने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार तथा समाज का नाम रोशन करें।प्रबंधक अंबेश सिंह ने कहा कि विद्यालय शिक्षा देने की गुणवत्ता को लेकर पीछे दो दशकों से ज्यादा समय से आप सभी के बीच कम कर रहा है और उनका प्रयास यही रहेगा कि आगे आने वाले समय में भी बेहतर शिक्षा से बच्चों को जोड़ा जाए जिससे कि वह अपने परिवार के लिए आर्थिक रूप से सहयोगी बन सके। उन्होंने मेधावी बच्चों तथा विद्यालय के जो बच्चे आठवीं पास कर अन्य स्कूलों में दाखिला लेंगे उन्हें भी भविष्य के प्रति शुभकामनाएं दीद्य इस मौके पर कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को उनकी पढ़ाई और मेहनत में मिले बेहतर अंकों के आधार पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर भारत दुनियां में सबसे अधिक आध्यात्मिकता आस्था व आध्यात्मिक स्थलों वाला देश है जहां पूरी दुनियां के सैलानी भारत आकर उन मशहूर आध्यात्मिक स्थलों का दौरा करते हैं। बता दें कि इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में अनेकों ऐसे आध्यात्मिक स्थलों की सूची दी गई है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ की मात्रा में भक्तों द्वारा चढ़ावा आता है, जिसमें नगदी सोने हीरे मोती नग शामिल होते हैं। जबकि समय-समय पर सरकार इन्हें सरकारी नियंत्रण में लेती है, जिसका विधेयक पास कराकर कानून बना दिया जाता है। जो मुद्दा फिर एक बारजोरदार ढंग से दिनांक 23 फरवरी 2024 को भारत की मीडिया में उछला है। मामला यूं है कि कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धार्मिक धर्मार्थ बंदोबस्ती विधायक 2024 पारित कानून बनेगा, इसका विपक्षी पार्टियों का हंगामा हो रहा है जब कि पक्ष पार्टी के सीएम का कहना है कि यह कानून 2030 से ही लागू है, जिसमें थोड़ा सा संशोधन किया गया है। लेकिन मजे की बात है कि पार्टी की सरकारें भी मंदिरों को नियंत्रण मुक्त करना तो दूर, उल्टे इसका दायरा और बढ़ाती रहीं। उत्तराखंड में तत्कालीन सरकार ने चारधाम एक्ट लाकर और हरियाणा सरकार ने कई प्रमुख मंदिरों को अपने नियंत्रण लेने का फैसला किया था। लेकिनत मिलनाडु और कर्नाटक के चुनावों में यही बीजेपी पार्टी मंदिरों को मुक्त करवाने के वादे करती है। चुंकि आध्यात्मिक धार्मिक संस्थान अब टैक्स के दायरे में आएंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग के इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आध्यात्मिक स्थलों में माथा टेकने वाले भक्तों द्वारा लाखों करोड़ों रुपए का चंदा चढ़ावा टैक्स के दायरे में लाने वाले कानून को रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम कर्नाटक विधानसभा में पारित कानून की करें तो, कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024 पुराने कानून में किया एक संशोधन है। इस कानून के लागू होने के बाद 1 करोड़ रुपये से अधिक सकल वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी आय का 10 प्रतिशत एक कॉमन पूल में देना होगा। वहीं 10 लाख से 1 करोड़ तक के बीच सकल वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी आय का 5 प्रतिशत धन कॉमन पूल में देना होगा। कर्नाटक के सीएम के मुताबिक, ये कानून 2003 में लागू हुआ था। संशोधन से पहले तक 5 लाख के आय वाले मंदिरों पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगता था।कर्नाटक सरकार के मंत्री के मुताबिक मंदिरों से लिए गए टैक्स को कॉमन पूल फंड जमा किया जाता है। कॉमन पूल फंड को राज्य धर्मिका परिषद के तहत चलाया जाता है।संशोधित कानून में लिखा है कि कॉमन पूल फंड का इस्तेमाल किसी अन्य धार्मिक संस्थानों में जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जाएगा। इसके अलावा हिंदू धर्म के किसी भी धार्मिक कार्यों के लिए इस फंड का इस्तेमाल किया जाएगा।

# गाजा में नरसंहार खत्म होने की सारी उम्मीदें खत्म

**सात्यकी चक्रवर्ती**

गाजा पट्टी में इजरायली रक्षा बलों के युद्ध अपराधों को लगातार समर्थन देने के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका को अंततरू अपने समर्थक देशों से बड़े अलगाव का सामना करना पड़ रहा है। बाइडेन सरकार को मंगलवार रात अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा जब उसके प्रतिनिधि ने गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया। महत्वपूर्ण बात यह थी कि गजा युद्ध में इजरायल का समर्थन करने वाले वर्तमान अमेरिका के करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन सुरक्षा परिषद के शेष 13 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जो आसपास के देशों के मजबूत समर्थन को दर्शाता है। युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था।हमास आतंकवादियों और इजरायल के बीच युद्ध पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुआ था जब हमास ने इजरायली ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया था और अनेक इजरायली सैनिकों को मार डाला था और बंधक बना लिया था। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की। उस समय कई देशों ने हमास की कार्रवाई की निंदा की, लेकिन इजरायल ने गाजा पट्टी में नागरिकों की बर्बर हत्या जारी रखी और घोषणा की कि जब तक हमास का एक भी आतंकवादी जीवित रहेगा, वे युद्ध नहीं रोकेंगे। इसका पूरा उद्देश्य फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी से खदेड़कर जातीय सफाया करना है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 7अक्टूबर के बाद से, पिछले साढ़े चार महीनों में, इजरायल के सैन्य हमले में 29,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। अब तक 1300 से अधिक इजरायली सैनिक मारे गये हैं। अंतर यह है कि जहां हमास के आतंकवादियों ने ज्यादातर इजरायली सैनिकों को मार डाला, वहीं इजरायलियों ने महिलाओं और बच्चों सहित फिलिस्तीनी नागरिकों को निशाना बनाया। इससे पहले भी अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर वीटो किया था लेकिन इस बार संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष में व्यापक समर्थन मिला।

संयुक्त राष्ट्रदूत झांग जून ने वाशिंगटन के वीटो पर गंभीर निराशा और असंतोष व्यक्त किया। दूत ने कहा कि अमेरिकी वीटो से गाजा में स्थिति और खतरनाक होने का गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर आपत्ति कुछ और नहीं बल्कि इजरायल को नरसंहार जारी रखने की हरी झंडी है।क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएलडियाज-कैनेलबरमूडेज ने भी अमेरिका पर हमला बोलते हुए कहा कि युद्धविराम के आह्वान को रोककर, अमेरिकी अधिकारियों ने खुद को फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायल के इस नरसंहार में भागीदार् बना दिया।



**अमेरिकी राजदूत लिंडाथॉमस-ग्रीनफील्ड ने हालांकि दावा किया कि अल्जीरिया द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव, बंधक समझौते पर संवेदनशील वार्ता पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और लड़ाई में कम से कम छह सप्ताह के लिए रुकावट डालेगा। पूरे गाजा में, इजरायल द्वारा हत्याओं का दौर जारी है, पिछले दो दिनों में कम से कम 67 फिलिस्तीनियों लोगों की जानें चली गई हैं। सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि इजरायली ऑपरेशन के दौरान गाजा पट्टी में उसके कर्मचारियों के आवास पर हमला होने से दो लोग मारे गये थे। वह एक ऐसा क्षेत्र है जहां फिलिस्तीनियों को आश्रय लेने के लिए कहा गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में भोजन और सहायता वितरण को रोकने की घोषणा की, क्योंकि उसके ड्राइवरों को लॉरियों में इकट्ठा होने वाले हताश निवासियों की गोलीबारी और हिंसा का सामना करना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि दो साल से कम उम्र के छह बच्चों में से एक गंभीर रूप से कुपोषित है और लोग भूख से संबंधित कारणों से मर रहे हैं।**

फ्रांस, नॉर्वे, रूस, कतर, सऊदी अरब और फिलिस्तीनी प्राधिकरण सहित अन्य लोगों ने अमेरिकी वीटो की आलोचना की। यह गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को अमेरिका द्वारा खारिज करने की तीसरी घटना थी।

अमेरिकी राजदूत लिंडाथॉमस-ग्रीनफील्ड ने हालांकि दावा किया कि अल्जीरिया द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव, बंधक समझौते पर संवेदनशील वार्ता पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और लड़ाई में कम से कम छह सप्ताह के लिए रुकावट डालेगा। पूरे गाजा में, इजरायल द्वारा हत्याओं का दौर जारी है, पिछले दो दिनों में कम से कम 67 फिलिस्तीनियों लोगों की जानें चली गई हैं। सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि इजरायली ऑपरेशन के दौरान गाजा पट्टी में उसके कर्मचारियों के आवास पर हमला होने से दो लोग मारे गये थे। वह एक ऐसा क्षेत्र है जहां फिलिस्तीनियों को आश्रय लेने के लिए कहा गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में भोजन और सहायता वितरण को रोकने की घोषणा की, क्योंकि उसके ड्राइवरों को लॉरियों में इकट्ठा होने वाले हताश निवासियों की गोलीबारी और हिंसा का सामना करना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि दो साल से कम उम्र के छह बच्चों में से एक गंभीर रूप से कुपोषित है और लोग भूख से संबंधित कारणों से मर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी ने कहा, इन पिछले दो दिनों में, हमारी टीमों ने अभूतपूर्व स्तर की हताशा देखी। जबकि एक प्रमुख ब्रिक राष्ट्र दक्षिण अफ्रीका युद्ध अपराधों के लिए इजरायल को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया है, जिसने इजरायली हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइजइनासियो लूला दासिल्वा ने अपने देश के राजदूत को वापस बुला लिया है। इसके बाद इजरायल ने कहा कि लूला का उनके देश में तब तक स्वागत नहीं किया जायेगा जब तक कि वह साप्ताहांत में की गई अपनी उस टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांग लेते, जिसमें गाजा में फिलिस्तीनियों पर इजरायल के हमले की तुलना नरसंहार से की गई थी। इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने लूला की टिप्पणियों को बहुत गंभीर यहूदी-विरोधी हमला बताया। ब्राजील के राष्ट्रपति ने रविवार को इथियोपिया के अदीसअबाबा में अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन में कहा कि श्गाजा पट्टी और फिलिस्तीनी लोगों के साथ जो हो रहा है वह इतिहास में किसी अन्य क्षण में नहीं देखा गया। अजीब बात है कि जबकि अधिकांश प्रमुख ब्रिक देश गाजा पट्टी में नरसंहार के लिए इजरायल पर हमला कर रहे हैं, भारत अभी भी इजरायल के प्रति मैत्रीपूर्ण रवैया अपना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मित्रता है जिसका वह दिखावा भी करते हैं। फिलहाल इजरायल अपनी संबंधित गतिविधियों में भर्ती के लिए भारतीय बेरोजगार युवाओं की भर्ती कर रहा है। इजरायल में युद्ध संबंधी इन नौकरियों के लिए कई हजारों लोगों ने आवेदन किया है। भारत सरकार इजरायली युद्ध मशीन की मदद के लिए भारतीय युवाओं को नौकरी करने की अनुमति दे रही है।

## आप व कांग्रेस का मेल-मिलाप

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस में दिल्ली में सीट बंटवारा होने से ऊपरी नजर में विपक्षी इंडिया गठबन्धन मजबूत हुआ है मगर पिछले 2019 के चुनावों में राजधानी में जिस तरह भाजपा को इकतरफा जीत हासिल हुई थी उसे देखते हुए यह कयास लगाना मुश्किल है कि 2024 में इन दोनों पार्टियों के साथ आने से क्या कोई कमाल हो सकता है? पिछले चुनावों में दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे लेकिन राजनीति हमेशा बदलती रहती है और इसमें ठहराव का स्थायी भाव नहीं होता। दिल्ली महानगर के नागरिक चरित्र को देखते हुए इसे 'मिनी इंडिया' भी कहा जाता है। जब जनसंघ ने 1967 में पहली बार दिल्ली की छह में से पांच सीटें जीती थीं और महानगर परिषद में श्री विजय कुमार मल्होत्रा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था तो मिनी इंडिया शब्द बहुत प्रचलन में आया था। आज दिल्ली में जनसंघ या भाजपा की जगह आप पार्टी का बोलबाला है और यह भी एक राज्य की पार्टी नहीं है। पंजाब में इसकी दो-तिहाई बहुमत की 'भगवन्त मान' सरकार चल रही है। मगर लोकसभा में दिल्ली से इसका कोई प्रतिनिधिघ् नहीं है। ठीक ऐसा ही कांग्रेस के साथ भी है बल्कि इसका दिल्ली विधानसभा में भी कोई प्रतिनिधि नहीं है मगर पंजाब में यह प्रमुख विपक्षी दल है। यह विरोधाभास हो सकता है कि पंजाब में आप व कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ तलवारें खींचेंगी मगर दिल्ली में साथ मिल कर लड़ेंगी। इसकी प्रमुख वजह यह है कि पंजाब में भाजपा की कोई ताकत नहीं है। इसकी शक्ति अकाली दल के साथ मिलकर हुआ करती थी मगर अब यह गठबन्धन टूट चुका है। अतः पंजाब में यदि आप व कांग्रेस आपस में टकराती हैं तो जो भी विजयी होगा वह इंडिया गठबन्धन के खाते में ही जुड़ेगा। दिल्ली में भाजपा बहुत बड़ी ताकत है क्योंकि हम 2014 के चुनावों से ही देख रहे हैं कि कांग्रेस व आप दोनों में से किसी में इतनी ताकत नहीं है कि वे अपने बलबूते पर भाजपा को परास्त कर सकें अतः इस बार दोनों मिलकर भाजपा को पराजित करना चाहते हैं। लोकतन्त्र में यह पूरी तरह जायज बात है। एक जमाना वह भी था जब 1967 के बाद जनसंघ व कम्युनिस्ट तक एक साथ मिल कर कांग्रेस को हराने की आवाज लगाया करते थे। 2024 के आते-आते कांग्रेस की जगह भाजपा ने ले ली है और इसके नेता नरेन्द्र मोदी जनता में उसी तरह लोकप्रिय हैं जिस तरह कभी कांग्रेस की नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी हुआ करती थी। परन्तु संसदीय लोकतन्त्र में विपक्षी पार्टियां कभी हार नहीं मानती हैं और सभी ऐसे प्रयास करती हैं जिनसे सत्ता पक्ष को मात दी जा सके। यह स्वस्थ लोकतन्त्र की ही पहचान होती है क्योंकि इस प्रणाली में विपक्ष की मजबूती भी जरूरी होती है। अतः आप व कांग्रेस का दिल्ली में गठजोड़ व प्रेमालाप पूरी तरह तर्कसंगत ही नहीं बल्कि स्वाभाविक प्रक्रिया भी है। दिल्ली में आप चार सीटों पर व कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ेगी। दोनों पार्टियों ने पिछले चुनावों में अपनी वोट ताकत को देखते हुए ये सीटें बांटी हैं। स्थानीय चुनावों में भाजपा 2014 के पहले से ही आप पार्टी से बुरी तरह हारती हुई आ रही है मगर लोकसभा चुनावों में यह बाजी उलट जाती है और मतदाता भाजपा को थोक के हिसाब से वोट डाल आते हैं। यह दिल्ली के मतदाताओं की अपनी बुद्धिमत्ता है कि वे अलग- अलग चुनावों में अलग-अलग तरीके से मतदान करते हैं। दिल्ली के बारे में यह किस्सा बहुत प्रसिद्ध है कि जब 1971 के चुनावों में दिल्ली के मतदाताओं ने महानगर परिषद (उस समय विधानसभा नहीं थी) व लोकसभा दोनों में कांग्रेस को इकतरफा जिता दिया था तो नगर निगम के चुनाव आये। इन चुनावों मे स्वयं भाजपा (जनसंघ) के सबसे बड़े नेता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रचार किया और चांदनी चौक के टाऊन हाल में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ''ए दिल्ली वालों आपने हमें लोकसभा के काबिल तो नहीं समझा मगर अब हमारे हाथ में झाड़ू तो रहने दो और निगम चुनावों में हमें मत दो जिससे हम दिल्ली की साफ-सफाई का काम अच्छी तरह कर सकें''। इन चुनावों में नगर निगम में जनसंघ का मामूली बहुमत आ गया। अतः दिल्ली के मतदाताओं को कोई भी राजनैतिक दल अपना मुरीद मानकर नहीं चल सकता है।

## विचार

# मणिपुरः हिंसा पर लगे लगाम

**आदित्य नारायण**

जिस फैसले के कारण पिछले वर्ष 27 मार्च को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं और 50 हजार के लगभग लोग विस्थापित हो चुके हैं, उस फैसले को ही मणिपुर हाईकोर्ट ने पलट दिया है। मणिपुर हाईकोर्ट ने अपने ही पुराने आदेश के उस पैराग्राफ को हटाने का आदेश दिया है जिसमें राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने पर विचार करने का आदेश दिया गया था। मणिपुर हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष जून माह में विवादित आदेश में संशोधन के लिए पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया था। इस मामले में राज्य और केन्द्र सरकार से जवाब मांगा गया था। याचिकाकर्ता उस आदेश के एक हिस्से में संशोधन चाहता था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश है कि किसी समुदाय को एसटी का दर्जा देने के लिए सूची में शामिल करना या निकालना संसद या राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। ऐसे में अदालत द्वारा दिए गए निर्देश उसका पालन नहीं करते। पिछले वर्ष 3 मई को हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन हुआ था। जिसके बाद घाटी में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय और पहाड़ी इलाकों में बहुसंख्यक कुकी-जोमी समुदाय के लोगों के बीच जाघ्तीय हिंसा शुरू हो गई थी। इस जातीय हिंसा के दौरान महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराए जाने की घटना ने न केवल शर्मसार किया बल्कि इस घ्गिनौने और क्रूरतम कांड पर देशभर में तूफान खड़ा हो गया था।मणिपुर हिंसा की आग में झुलसने लगा। हालात ऐसे उत्पन्न हो गए घ्कि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी करने पड़े। ट्रेनें और बसें ठप्प हो गईं। इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगानी पड़ी। धर्मस्थल जला दिए गए। राज्य की सबसे बड़ी जनजाति कुकी समुदाय ने मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने का जमकर विरोध किया। अब तक भी हिंसा खत्म नहीं हुई है। घ्हिंसा के कारणों में केवल मैतेई समुदाय को मिलने वाला आरक्षण ही एक मात्र कारण नहीं है। साथ ही यह लड़ाई जमीन पर वर्चस्व स्थापित करने और ड्रग्स की भी है। मणिपुर में 16 जिले हैं। राज्य की जमीन इंफाल घाटी और पहाड़ी जिलों के तौर पर बंटी हुई है। इंफाल घाटी मैतेई बहुल है। मैतेई जाति के लोग हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। पहाड़ी जिलों में नागा और कुकी जनजातियों का वर्चस्व है। हालिया हिंसा चुराचांदपुर पहाड़ी जिलों में ज्यादा देखी गई। यहां पर रहने वाले लोग कुकी और नागा ईसाई हैं। चार पहाड़ी जिलों में कुकी जाति का प्रभुत्व है। मणिपुर की आबादी लगभग 28 लाख है। इसमें मैतेई समुदाय के लोग लगभग 53 फीसद हैं। मणिपुर के भूमि क्षेत्र का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं लोगों के कब्जे में है। ये लोग मुख्य रूप से इंफाल घाटी में बसे हुए हैं। कुकी जातीय समूह मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का विरोध कर रही है। कुकी जातीय समूह में कई जनजातियां शामिल हैं। मणिपुर में मुख्य रूप से पहाड़ियों में रहने वाली विभिन्न कुकी जनजातियां वर्तमान में राज्य की कुल आबादी का 30 फीसद हैं। कुकी जनजाति मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का विरोध करती आई है। इन जनजातियों का कहना है कि अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण मिल जाता है तो वे सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले से वंचित हो जाएंगे।



**कुकी जनजातियों का मानना है कि आरक्षण मिलते ही मैतेई लोग अधिकांश आरक्षण को हथिया लेंगे। दूसरी तरफमैतेई समुदाय का कहना है कि 1949 में जब मणिपुर का भारत में विलय हुआ, उससे पहले मैतेई को जनजाति का दर्जा मिला हुआ था। दलील यह थी कि मैतेई को जनजाति का दर्जा, इस समुदाय, पूर्वजों की जमीन, परम्परा, संस्कृति और भाषा की रक्षा के लिए जरूरी है। सवाल यह भी उठा कि उन्नत और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा कैसे मिल सकता है।**

कुकी जनजातियों का मानना है कि आरक्षण मिलते ही मैतेई लोग अधिकांश आरक्षण को हथिया लेंगे। दूसरी तरफ मैतेई समुदाय का कहना है कि 1949 में जब मणिपुर का भारत में विलय हुआ, उससे पहले मैतेई को जनजाति का दर्जा मिला हुआ था। दलील यह थी कि मैतेई को जनजाति का दर्जा, इस समुदाय, पूर्वजों की जमीन, परम्परा, संस्कृति और भाषा की रक्षा के लिए जरूरी है। सवाल यह भी उठा कि उन्नत और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा कैसे मिल सकता है। कुकी समुदाय की यह भी आशंका रही कि मैतेई समुदाय उनकी सारी जमीन भी हड़प लेंगे। मणिपुर की वीरेन सरकार ने राज्य में अफीम की अवैध खेती के खिलाफजबरदस्त अभियान चलाया। 13 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन पर कुकी-चिन समुदाय के लोग अफीम की खेती करते हैं। करीब 2300 एकड़ जमीन पर नागा खेती करते हैं। बाकी 35 एकड़ जमीन पर बाकी समुदाय के लोग अफीम की खेती करते हैं। जिसकी वजह से मणिपुर में बहुत बड़ा ड्रग कल्चर खड़ा हो चुका है। जब सरकार ने अफीम की खेती पर क्रैकडाउन किया तो समुदाय में आक्रोश की लहर फैल गई और हिंसा शुरू हो गई। हिंसा ने कुकी और मैतेई समुदाय को बांट कर रख दिया। सामाजिक खाई इतनी ज्यादा चौड़ी हो चुकी है कि उसे पाटना मुश्किल हो चुका है। स्थिति को देखकर यह भी कहा जाता रहा है कि राज्य में लगभग गृह युद्ध की स्थिति है। सेना की तैनाती के बावजूद हिंसा पर काबू नहीं पाया जा सका है। मणिपुर हाईकोर्ट के हाल ही के फैसले का कुकी संगठनों ने स्वागत किया है जबकि मैतेई समुदाय का कहना है कि वह एसटी दर्जे के लिए आंदोलन जारी रखेंगे।

## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# सामाजिक न्याय की राजनीति के नए प्रतीक बने राहुल

**प्रो. रविकांत**

रिलीज 1994 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म क्रांतिवीर में नाना पाटेकर का एक डायलॉग बड़ा मशहूर हुआ था। पत्रकार का किरदार निभाने वाली डिम्पल कपाड़िया की तरफ इशारा करते हुए नाना पाटेकर भीड़ को संबोधित करते हैं। ये कलम वाली बाई क्रांति करने चली थी। क्रांति कैसे होगी? यहां सब बुजदिल हैं, मुर्दे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी यूपी पहुंचकर नाना पाटेकर के क्रांतिवीर की भाषा में संवाद कर रहे हैं। बनारस से इलाहाबाद होते हुए सामन्तवाद के गढ़ प्रतापगढ़ पहुंचे राहुल गांधी दलित-ओबीसी मुद्दों पर जमकर बरसे। संभवतया पहली बार राहुल गांधी ने दलितों और पिछड़ों को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए ललकारा। भारत जोड़ो यात्रा से लेकर न्याय यात्रा में बिहार झारखंड तक राहुल गांधी भाजपा और आरएसएस की नफरत और हिंसा पर आधारित विभाजनकारी राजनीति को कठघरे में खड़ा करके दलित, आदिवासी और पिछड़ों के सवालों को संयमित भाषा में उठाते रहे हैं। एक राजनीतिक व्यक्तित्व से बढ़कर राहुल गांधी एक शिक्षक की तरह आंकड़ों के जरिए वंचित समुदायों



को समझाते रहे कि नरेंद्र मोदी किस तरह दलितों पिछड़ों और आदिवासियों के संसाधनों को छीनकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरियां भर रहे हैं। राहुल गांधी पूछते रहे कि देश की संपदा और संसाधनों में इन तबकों की हिस्सेदारी कितनी है? लेकिन जब राहुल गांधी यूपी पहुंचे तो उन्होंने दलित ओबीसी और आदिवासियों को ललकारते हुए कहा कि तुम सोये हुए हो। तुममें दम नहीं है। दरअसल, ये अम्बेडकर और कांशीराम की भाषा है। उनका कहना था कि अधिकार मांगने से नहीं मिलते, छीनने पड़ते हैं। बुजदिली और कायरता से अधिकार नहीं मिलेंगे। इसके लिए मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। लड़ना होगा। संघर्ष करना होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि यूपी आकर राहुल गांधी एंग्री यंगमैन क्यों बन गए? राहुल गांधी में ये बदलाव कैसे आया?14 जनवरी को

**राहुल गांधी पूछते रहे कि देश की संपदा और संसाधनों में इन तबकों की हिस्सेदारी कितनी है? लेकिन जब राहुल गांधी यूपी पहुंचे तो उन्होंने दलित ओबीसी और आदिवासियों को ललकारते हुए कहा कि तुम सोये हुए हो। तुममें दम नहीं है। दरअसल, ये अम्बेडकर और कांशीराम की भाषा है। उनका कहना था कि अधिकार मांगने से नहीं मिलते, छीनने पड़ते हैं। बुजदिली और कायरता से अधिकार नहीं मिलेंगे। इसके लिए मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। लड़ना होगा। संघर्ष करना होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि यूपी आकर राहुल गांधी एंग्री यंगमैन क्यों बन गए? राहुल गांधी में ये बदलाव कैसे आया?14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए राहुल गांधी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अन्याय के खिलाफलोगों से अनवरत संवाद कर रहे हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई भयानक जातीय हिंसा से उपजे विभाजन को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई सार्थक प्रयास नहीं किया।**

मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए राहुल गांधी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अन्याय के खिलाफलोगों से अनवरत संवाद कर रहे हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई भयानक जातीय हिंसा से उपजे विभाजन को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। जबकि राहुल गांधी हिंसा के दरम्यान मणिपुर पहुंचे थे। मणिपुर के लोगों को सौहार्द्र और न्याय का संदेश देने के लिए राहुल गांधी ने वहीं से अपनी न्याय यात्रा शुरू की। दलितों और आदिवासियों पर होने वाली अन्याय और प्रताड़ना की घटनाओं में पिछले दशक में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आदिवासियों के जंगल और जमीन के अधिकारों को छीना जा रहा है। राहुल गांधी इस अन्याय के खिलाफ लगातार खड़े हैं। वे राष्ट्रीय संसाधनों में वंचित तबकों की समान हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं। इसके समानांतर भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी को अपमानित करने और न्याय यात्रा को बाधित करने के प्रयास भी निरंतर हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर से निकलकर गोदौलिया में राहुल गांधी ने जहां भाषण दिया था, उस स्थान को भाजपाइयों ने 51 लीटर गंगाजल से धोया। दरअसल, ये वर्णवादी और मनुवादी मानसिकता है, जिसके शिकार सदियों से दलित और पिछड़े रहे हैं। राहुल गांधी के साथ इस तरह का व्यवहार करना, एक नई परंपरा की शुरुआत है। नरेंद्र मोदी और भाजपा के हिंदुत्व से जो असहमत हैं उसके खिलाफअपमान और घृणा का व्यवहार, भारत की वर्चस्वशाली परंपरा का नया हथियार है। जाहिर तौर पर राहुल गांधी ने अब इस दर्द को ज्यादा अंतरतम से महसूस किया होगा। राहुल गांधी सिर्फ राजनीतिक सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं बल्कि किसी भी तरह की शोषणकारी सत्ता को बदलने के लिए बेताब दिखते हैं।सामाजिक न्याय के विमर्श को कांशीराम ने उत्तर प्रदेश की जमीन पर साकार करके दिखाया। बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने वंचितों को संविधान और वोट की ताकत का अहसास कराया। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया। दलितों वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# औषधियों की जांच के लिए मेडिकल स्टोरों पर की गई चेकिंग

▶ जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई मेडिकल स्टोरों की जांच

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में एंटी माइक्रोबियल संक्रमण से संबंधित जीवाणुओं के द्वारा विभिन्न एंटीबॉयोटिक्स के प्रति पायी जा रही प्रतिरोधक क्षमता के बढ़ते हुये प्रकरणों के संबंध में जनपद के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर जन सामान्य के द्वारा बिना चिकित्सीय पर्चे के खरीद पर रोक किये जाने की जांच व संबंधित औषधि विक्रेता फर्म द्वारा उनकी आपूर्ति किये जाने के संबंध में गोपनीय तरीके से मुखबीर को भेजकर (कोरेक्स सीरप, फेंसेडिल सिरप, अल्प्राजोलम, मेटेरोनिडाजोल 400 मि.ग्रा. तथा सिप्लोक्स-आई ड्रॉप्स) औषधियों को खरीदने के निर्देश दिये गये। मे. न्यू चौहान मेडिकल स्टोर नारूपुरा महोबा, मे. अपना मेडिकल स्टोर सुभाषचौकी, मे. जनता मेडिकल स्टोर ऊदल चौक, अनुपम मेडिकल स्टोर ऊदल चौक से एंटीबॉयोटिक्स, नॉरकोटिक्स व साइक्रोट्रोपिंक व अन्य हैविट फॉरमिंग ड्रग (औषधियां जिनको लेने पर उनकी लत लगने की संभावना हो) खरीद करके जांच की गयी कि फर्म द्वारा अवैध तरीके से बिना चिकित्सीय पर्चे के एण्टीबॉओटिक्स की आपूर्ति तो नहीं की जा रही है। जांच करने के बाद पाया गया कि अपना मेडिकल स्टोर सुभाष चौकी, अनुपम मेडिकल स्टोर ऊदल चौक द्वारा उक्त श्रेणी की दवाईया बिना चिकित्सीय पर्चे के आपूर्ति की गयी जिसके सन्दर्भ में संबंधित फर्मों को चेतावनी जारी करते हुए घटना की पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये। शुक्ला मेडिकल स्टोर भटीपुरा, स्वाती मेडिकल स्टोर छोटा रमना चरखारी, धुरिया मेडिकल स्टोर छोटा रमना, मां काली मेडिकल स्टोर चरखारी, मदरर्स मेडिकल स्टोर देवगनपुरा पनवाड़ी, प्रजापति मेडिकल स्टोर अजनर का निरीक्षण आशुतोष कुमार चौबे औषधि निरीक्षक द्वारा उक्त मेडिकल स्टोर का निरीक्षण एण्टीबॉयोटिक्स, नॉरकोटिक्स व साइक्रोट्रोपिक व अन्य हैविट फॉरमिंग ड्रग के सन्दर्भ में जाँच करने पर कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित करते हुए सम्बन्धित फर्म को विशेषकर उक्त श्रेणी की औषधियों को बगैर चिकित्सीय पर्चे के विक्रय न करने के निर्देश दिये गये, उक्त फर्मों से कुल 08 संदिग्ध औषधियों के जॉच हेतु नमूनें संकलित किये गये जिनके विरूद्ध विधिक / विभागीय कार्यवाही परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात की जायेगी।

# युवा मोर्चा गांव में पहुंचकर युवाओं से करेगा संवाद : अतुल मोहन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय महोबा में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में युवा मोर्चा के जिला प्रवासी अतुल मोहन द्विवेदी ने आगमन पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के रोजगार के लिए जो मुद्रा लोन एवं अन्य प्रकार की युवाओं को सुविधाओं दी है उससे संबंध में लाभान्वित युवाओं से एवं प्रत्येक गांव में युवा चौपाल लगाकर युवाओं से संवाद किया जाएगा जिसमें महोबा जनपद के 11 मंडलों में 330 चौपाल आयोजित की जाएगी जिसमें युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता जाकर उस गांव के युवाओं से बातचीत करेंगे एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे.. प्रेस वार्ता में प्रदेश कर समिति सदस्य युवा मोर्चा पंकज तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी जिला महामंत्री प्रवेंद्र रघुवंशी, जिला महामंत्री जितेंद्र राजपूत भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मुलायम सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** चौपला में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए विधायक शिवपाल सिंह ने वर्तमान प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा अब पुलिस भर्ती आयोग लीक आयोग हो चुका है। इस सरकार में छात्रों व नौजवानों को अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए लाठियां मिलती हैं। बीजेपी सरकार में महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। बीजेपी सरकार बहुत झूठ बोलती है, बीजेपी की सरकार में खुलेआम गुंडई होती है झूठी रिपोर्ट को लेकर लोगों के मकान तक उजाड़े जाते हैं।

### पुलिस ने अवैध गांजा सहित आरोपी को पकड़ा



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में थाना भरथना पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से 6 किलोग्राम गांजा अनुमानित कीमत 25,000 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया।

थाना भरथना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भोली चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान ऑटो को रोकने का प्रयास किया गया तो ऑटो चालक ग्राम रमायन की तरफ तेजी से भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करके भोली चौराहे के पास से आरोपी मंजीत पुत्र दिनेश निवासी ग्राम रमायन थाना भरथना को पकड़ लिया गया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह थाना प्रभारी भरथना, उ.नि. प्रेमचन्द, उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार, हे.का. धर्मेन्द्र कुमार, हे.का. गजेन्द्र सिंह, चालक का. अनिरूद्ध कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### पालिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 29 तक करें आवेदन

**चरखारी ( महोबा), समृद्धि न्यूज।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक 2024 आनलाइन आवेदन करने की तिथि 29 फरवरी निर्धारित की गई है। प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ संबंधित राजकीय अनुदानित क्षेत्र की संस्थाओं में चल रहे पाठ्यक्रमों विवरण परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा 16 मार्च से 22 मार्च 2024 तक होना है। पॉलिटेक्निक में तीन वर्षीय एवं दो वर्षीय डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग कोर्स किया जा सकता हैं। शैक्षिक वर्ग अर्हता हाई स्कूल से स्नातक तक हैं। राजकीय महिला पालिटेक्निक कालेज चरखारी में बालिकाओं को प्रवेश मिलेगा। वही जनपद में महोबा व कुलपहाड़ में बालकों को प्रवेश दिया जाएगा हैं। ऑनलाइन आवेदन एवं कंप्यूटर प्रवेश परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें इलेक्ट्रॉनिक ब्रांच के प्रवक्ता देवेंद्र कुमार शर्मा, प्रवक्ता नीरज कुमार गौतम, कर्मशाला अनुदेशक रूपेश कुमार समुद्रे, कनिष्ठ सहायक निर्दोष कुमार विश्वकर्मा,एमटीएस रविंद्र कुमार साहू, लखन लाल आदि मौजूद रहें।

### एक दिवसीय रोजगार मेला में 40 को मिला रोजगार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** एक दिवसीय रोजगार मेला में चार कम्पनियों ने विभिन्न पदों पर 68 अभ्यर्थियों में से 40 का साक्षात्कारोपरान्त चयन हुआ। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशानुसार शनिवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 लखनऊ, एल0आई0सी0 हमीरपुर, आदित्य बिरला कैपिटल हमीरपुर, नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड प्रा0लि0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित मेले में प्रतिभागी ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 लखनऊ द्वारा 13, एल0आई0सी0 हमीरपुर द्वारा 07, आदित्य बिरला कैपिटल द्वारा 06 एवं नेक्सा सिक्योरिटी गार्ड प्रा0लि0 द्वारा 14 कुल 40 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों में साक्षात्कारोपरान्त चयन किया गया।

### 11 जोड़ों ने एक दूजे को पहनाई वरमाला



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में बुंदेलखंड किसान सेवा समिति एवं अहिंसा दल के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 11 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना। शनिवार को गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संपन्न हुए सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में मोहिनी संग सोनू, रागिनी संग प्रेम प्रकाश, प्रिया संग अनिल, सोनम संग अजय, रागिनी संग सचिन, ललिता संग राजकिशोर, ज्योति संग राम सिंह, सीता संग सुनील, मोहिनी संग जितेंद्र कुमार, गुंजा संग सचिन, पूनम संग प्रेम सिंह ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। मुख्य अतिथि चन्दपुरवा बुजुर्ग के पूर्व प्रधान राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल ने मौजूद रहकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम आयोजक राजकुमार सोनी पूरी टीम के मौजूद रहे।

# एसपी ने निरीक्षण में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत दिए जरूरी निर्देश



### एसपी ने व्यापारियों व लोगों से किया जनसंवाद

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने कानून एवं शान्ति-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु थानाध्यक्ष अजनर सहित भारी पुलिस बल के साथ थाना अजनर क्षेत्र के संवेदनशील, मिश्रित आबादी, सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों, चौराहों तथा सर्राफा बाजारों आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। व्यापारियों से वार्ता कर उनको सुरक्षा का एहसास दिलाया गया व सतर्कता/सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु प्रेरित किया गया व अन्य सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही साथ अराजकता फैलानें वालों की सूचना स्थानीय पुलिस को देने का अनुरोध कर सहयोग की अपेक्षा की गयी एवं मिश्रित आबादी वाली जगहों में लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें की अपील की गयी । इस अवसर पर थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

▶ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना अजनर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा थाना अजनर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम यहां नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के साथ सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर समस्याएं सुनी गई। प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना कार्यालय का निरीक्षण करते हुये रजि न. 08, भूमि विवाद रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना अंकन रजिस्टर, सजायवी रजिस्टर तथा फ्लाईशीट का गहनता से अवलोकन कर थानाध्यक्ष अजनर को अभिलेखों के उचित रख-रखाव के साथ अद्यावधिक किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके बाद नियुक्त महिला बीट आरक्षियों की बीट बुक का अवलोकन कर सभी को थाना क्षेत्र में भम्रण कर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व त्यौहार के दृष्टिगत लाभप्रद सूचनाओं को संकलित कर बीट सूचना अंकित कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस कर्मियों को आगामी लोकसभा चुनाव सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर पर थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह : 58 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ





▶ एक मुस्लिम जोड़े ने कुबूल-कुबुल के साथ थामा एक दूजे का हाथ

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड पनवाड़ी के ब्लॉक सभागार में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 58 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ था ।जिसमें 58 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने दूल्हा और दुल्हन को आशीर्वाद देते हुए उनकी सुखमय जीवन की कामनाएं की, शादी का प्रमाण पत्र भी सौंपा इस सामूहिक विवाह में पनवाड़ी विकासखंड के 57 जोड़ों का हिंदू रीति के अनुसार पंडित दीपक ब्यास अरुण दीक्षित ब काज़ी अब्दुल हकीम ने 1मुस्लिम जोड़े का निकाह पढकर विवाह संपन्न कराकर उनकी विदाई की पनवाड़ी विकासखंड के ब्लॉक सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत महोबा जयप्रकाश अनुरागी, अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी, प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी, डॉ मंगल सिंह महान, उपेंद्र द्विवेदी, श्री प्रकाश मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, संतोष अग्निहोत्री, अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि बबलू रावत, नीरज द्विवेदी, , रवि पटेल दिदवारा ,बुडेरा प्रधान प्रतिनिधि मुरलीधर श्रीवास, सोरा प्रधान प्रतिनिधि रामाधीन अहिरवार, लोधी पुरा प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना अहिरवार, रिछा प्रधान प्रतिनिधि, राजू राजपूत भरवारा प्रधान प्रतिनिधि। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, खंड विकास अधिकारी संतराम, एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी, सचिव निर्देश पटेल, रामआसरे यादव, सैफ खान, आलोक द्विवेदी, राहुल पाठक, धर्मवीर अभिषेक चौरसिया, सचिव हरबंस अनुरागी, गणेश शंकर गुप्ता, आदि ब्लॉक कार्यालय के स्टाफ सहित मौजूद रहा, कार्यक्रम का संचालन कर रहे सचिव हरबंस कुमार अनुरागी ने किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी देते हुए, बताया कि इस योजना से शासन द्वारा गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की पुत्री की शादी में 35000 रुपए, दस हजार रुपए समान 6000 अन्य खर्च में किए जाते हैं।

# संयुक्त अधिष्ठापन समारोह आयोजन के लिए जायण्ट्स पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



यूनिट वन की निदेशक आशा अवस्थी के आवास पर जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन केंद्रीय समिति के सदस्य डॉक्टर शिवराज यादव, निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव की उपस्थिति में यूनिट 1 के जायण्ट्स पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी 10 मार्च को होने वाले संयुक्त अधिष्ठापन समारोह को भव्य बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा कार्य योजना का निर्धारण करते हुए दायित्व वितरण किया गया। डॉक्टर शिवराज सिंह यादव ने तथा ऊषा यादव ने सभी को उनके कार्य कल्पना के विषय में बताया किसको क्या-क्या कार्य करना है यह सुनिश्चित किया और जाइंट्स के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। सभी अध्यक्ष गणों ने अपनी अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाने का सन्कल्प लिया। बैठक में फेडरेशन उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, यूनिट वन की निदेशिका आशा अवस्थी, फेडरेशन अधिकारी साधना शर्मा, राजदा खातून, ललित सक्सैना, राज कुमार, शमसुद्दीन शम्स, छवि गुप्ता, संगीता तिवारी, अर्चना सिंह, अनुपम यादव, विष्णु सिंह कुशवाह, आस्था कुशवाह, विश्व विजय त्रिवेदी आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### रोजगार मेले का आयोजन 28 को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय व मॉडल कैरियर सेन्टर इटावा द्वारा 28 फरवरी को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में बजाज कैपिटल, एएस वर्ड ग्रुप, सिक्योरिटी एण्ड इण्टेलीजेंस सर्विस, पुखराज हेल्थ केयर प्रा. लि., एसबीआई लाइफ इन्श्योरेन्स प्रा.लि. एवं एलआईसी इटावा कुल 6 कम्पनियां 553 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यार्थियों को सूचित किया है कि 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे अपने बायोडेटा/सीवी, शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं सेवायोजन कार्यालय के पंजीयन कार्ड के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर इटावा में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। मेले में प्रतिभाग करने के लिए कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा।



### संत रविदास मानवता का करते थे प्रचार प्रसार : प्रबंधक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान के तत्वाधान में संत रविदास की जयंती नगर पालिका स्थित अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई ।जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कर्तव्य की चर्चा की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष पंकज अनुराग ने कहा कि रविदास जी सच्चे संत थे ।उन्होंने जाति प्रथा का विरोध किया ।बताया कि सभी मानव की जाति एक है वह है मानव जाति। रणविजय चक्रवर्ती ने कहा कि रविदास जी समतामूलक समाज के निर्माण में आज भी प्रासंगिक हैं ।संस्था के प्रबंधक कमल किशोर ने कहा कि संत रविदास जी का ह्रदय गंगा जी की तरह पवित्र था इसीलिए वे छुआछूत और पाखंड का विरोध करते थे,और मानवता का प्रचार प्रसार करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋणवीर सिंह ने व संचालन प्रदीप कुशवाहा ने किया ।इस मौके पर विनोद कुमार,दिनेश चंद्र आर्य, ब्रजेंद्र सचान,अरविंद यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं के साथ हो रहे कुकृत्यों को लेकर ममता बनर्जी का पुतला फूंका

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर्मक्षेत्र महाविद्यालय इकाई द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हो रहे कुकृत्यों व हिंसा के खिलाफ शहर के पक्का तालाब चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम है, टीएमसी की विभाजनकारी नीति ने राज्य के सुनहरे भविष्य को अंधेरे में धकेल रहा है। आज पश्चिम बंगाल का आम जनमानस काफी डरा हुआ है, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में मानवता को कुचल रही है।

कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रतीक दुवे ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा ने संदेशखाली को बुरी और कट्टरपंथी ताकतों से त्रस्त कर दिया है। जो कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा समर्थित हैं। निरंतर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाएं सामने आ रही है, संदेशखाली में टीएमसी के गुंडे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं और ममता बनर्जी तुष्टिकरण के नाम पर मौन साधकर बैठी हुई है। कॉलेज इकाई के मंत्री देवांशु यादव ने कहा ममता सरकार में महिलाओं के साथ हुए शोषण को दबाने की कोशिश कर रही है। विद्यार्थी परिषद देशभर में इस घटना का विरोध कर रही है। इस दौरान अजर दुबे, विवेक पटेल, संस्कार गुप्ता, अमरनाथ, ज्योति गौतम, कृष्णा, नितिन, अंजलि कुमारी, सौम्या गुप्ता, एकता यादव, दीपेश कुमार, उत्सव शर्मा, कशिश, निधि तिवारी, राज तिवारी, दिव्या रामी, दीपाली, संदीप, अभिषेक धाकरे, ईशु, साहिल , लव मिश्रा,रामबीर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित हुए अकबर अली



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** स्काउट गाइड मे नवीन नवाचार व बच्चों को लर्निंग आउटकम के लिए राज्य स्तर पर शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन ने उत्कृष्ट कार्य व नयी तकनीक लाकर बच्चों में नवाचार, देशप्रेम, सामुदायिक सहभागिता, नेतृत्व क्षमता और उपस्थित के लिए हमीरपुर से जिला स्काउट मास्टर बेसिक अकबर अली एवं गाइड कैप्टन रीतू सिंह को बदायूं के बिल्सी विधायक हरीश शाक्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं स्वाती भारती व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सक्सेना ने संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र, मोमेंट व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जनपद के स्काउट और गाइड के कार्यों व उपलब्धियों को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिले के स्काउट गाइड को राज्य स्तरीय सम्मान मिलने पर शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# इचौली स्टेशन में चित्रकूट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर खून से लिखा पत्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

▶ अधिवक्ता सौरभ सिंह ने खून से पत्र लिख प्रधानमंत्री का कराया ध्यान आकर्षण



कोरोना काल से इचौली रेलवे स्टेशन पर चित्रकूट एक्सप्रेस का अस्थाई रूप से बंद ठहराव को पुनः चालू किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता ने अपने खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।

झांसी रेलवे मंडल के अंतर्गत आने वाले इचौली रेलवे स्टेशन में विगत कई दशकों से जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव था।कोरोना महामारी काल में इचौली रेलवे स्टेशन पर ठहराव अस्थाई रूप से समाप्त कर दिया गया था, लेकिन कोरोना महामारी से उबरने के बाद लगभग सभी ट्रेनों के पुराने ठहराव पुनः बनाए जा चुके हैं, परन्तु अभी तक लखनऊ-जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव इचौली रेलवे स्टेशन पर पुनः नही किया गया।उक्त ट्रेन का ठहराव पुनः न होने से कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों, कस्बे के व्यापारियों, सरकारी संस्थाओं के कर्मचारियों व आम जनमानस को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस क्षेत्र से एक मात्र ट्रेन है जो क्षेत्र को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ती है, भारी संख्या में स्थानीय एवं दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्र के छात्र उक्त ट्रेन के माध्यम से इचौली रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन पढ़ने जाते थे।अधिवक्ता सौरभ मिश्रा ने बताया कि पहले कई बार मंडलीय रेलवे प्रबंधक झांसी से पत्राचार किया जा चुका है परन्तु समस्या हल न होने पर प्रधानमंत्री को अपने खून से पत्र लिख कर इस समस्या की ओर ध्यानाकर्षण का प्रयास किया है। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा एडवोकेट, अरविंद शिवहरे, महेश गुप्ता, ओमहरि साहू, डा0 केशव नंदन पाल, अनुज कुमार, पवन पाल, ओमजी सहित दर्जनों कस्बावासी उपस्थित रहे।

# रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों का बढ़ा किराया वापस लेकर पुराना किया लागू

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कोरोना काल के बाद शुरू हुई रेल की यात्री गाड़ियों में बढ़ाए गए किराए को रेलवे ने वापस लेकर पैसेंजर ट्रेनों में पुराना किराया लागू कर दिया है। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है।



कोरोना काल के पूर्व पैसेंजर ट्रेन का किराया कस्बे से कर्वी के लिए 30, बांदा के लिए 20, घाटमपुर के लिए 10, कानपुर के लिए 25 रुपए था। कोरोना काल में ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। बाद में जब इसको शुरू किया गया तो बढा हुआ किराया लिया गया। बढे किराए में कानपुर के 50, घाटमपुर के 35, बांदा के 35, तथा चित्रकूट धाम कर्वी के 60 रुपए वसूले जा रहे थे। फरवरी माह में रेलवे ने बढ़े किराए को वापस लेकर पैसेंजर ट्रेनों में पुराना किराया लागू किया है। दैनिक यात्री बबलू वर्मा, राजकुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, महेश गुप्ता, कमल किशोर ने कहा यह राहत भरा कार्य है। इसका लाभ कानपुर से मानिकपुर तथा मानिकपुर से कानपुर एवं कानपुर से खजुराहो तथा खजुराहो से कानपुर के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों की यात्रियों को मिलने लगा है।

# पांच दिन गुजर जाने के बाद भी दर्जनों गांवों की बिजली अभी भी गुल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को आए चक्रवर्ती तूफान में करीब 200 से अधिक टूटे खंभों व कई ट्रांसफार्मरों के जमींदोज हुए हैं। बिजली आपूर्ति शुरू करने के लिए टीमें काम कर रही हैं। जल्द ही आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।
**अनिल आहूजा, अधिशासी अभियंता**

▶ मंगलवार को आए चक्रवर्ती तूफान में करीब 200 से अधिक खंभे टूटे

पिछले मंगलवार को आए चक्रवात के साथ हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के साथ पावर कारपोरेशन को खांसी चपट लगाई। करीब 200 बिजली खंभे गिरकर टूट गए। कई ट्रांसफार्मर जमींदोज हो गए। इसमें सदर तहसील सहित मौदहा तहसील के करीब 80 गांवों की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई। पिछले चार दिनों पावर कारपोरेशन की टीमें आपूर्ति बहाल करने में पसीना बहा रही हैं। इसके बावजूद तमाम गांवों का अंधेरा दूर नहीं हो पाया है। भरुआ सुमेरपुर स्थित 132 केवी पावर हाउस से हमीरपुर, मौदहा व इमिलिया, बिवांर, पौथिया, चंदौखी जैसे सब स्टेशनों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। सुमेरपुर व इसके आसपास के गांवों में चक्रवात के साथ मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि का सर्वाधिक असर हुआ है। वहीं कुरारा ब्लाक क्षेत्र में बिजली खंभे जमींदोज होने से बिजली सप्लाई पर विपरीत असर देखा जा रहा है। अकेले कुरारा क्षेत्र में 104 बिजली के खंभे टूट गए। जिनमें जल्ला फीडर के 48, बेरी के 42 व मिश्रीपुर में चार खंभे हैं। इसकी वजह से करीब 12 गांवों की आपूर्ति ठप है। इन गांवों की एकल पेयजल योजना प्रभावित हैं। सुमेरपुर के एसडीओ एसपी मिश्रा के अनुसार क्षेत्र में आंधी व बारिश से 50 बिजली पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं 50 आशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। इंसुलेटर व तार अनगिनत संख्या में टूट गए। चक्रवात से करीब 50 लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। इससे 40 गांवों प्रभावित हुए है।

# राजस्व वसूली को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**प्रवर्तन कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष करें शतप्रतिशत वसूली: डीएम**



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं पंजीकरण शुल्क विभाग, आबकारी विभाग, विद्युत विभाग , बैंक,परिवहन विभाग, खनन, बाट- माप, मंडी, वानिकी आदि द्वारा वसूले जा रहे राजस्व की विस्तृत समीक्षा की। वाणिज्य कर विभाग एवं स्टांप एवं पंजीकरण शुल्क विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा की राजस्व की कम वसूली पर तहसीलों के सब रजिस्टार का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। एआईजी स्टांप को स्टांप शुल्क चोरी के मामलो में तहसीलो से समन्वय बनाते हुए आरसी जारी कराते हुए वसूली की कारवाही में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की संबधित सभी विभागों के अधिकारी राजस्व वसूली में तेजी लाते हुए शासन द्वारा दिए गए वार्षिक एवं माह के लक्ष्य के शतप्रतिशत राजस्व प्राप्त करें। प्रवर्तन कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि के भीतर जारी किए जाने,बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए आरसी जारी किए जाने एवं आरसी तामिला कराते हुए वसूली की कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार,समस्त एसडीएम,तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस से लोगों का हुआ मोहभंग, दो शिकायतें दर्ज

जालौन, उरई। कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में दो शिकायतें पंजीकृत हुई। दोनों शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपा गया। कोतवाली परिसर में तहसीलदार एसके मिश्रा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में मात्र दो ही शिकायतकर्ता पहुंचे। जिन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। तहसीलदार ने शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपकर शिकायतों का तीन दिन में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के लिए लेखपाल मौके पर पहुंचें और शिकायतों को भी निस्तारण के संबंध में अवगत कराएं।

# सामाजिक सम्मेलन में युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सामाजिक सम्मेलन में दो दर्जन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा ने कहा भाजपा गरीबों के लिए काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं और युवाओं के लिए दिन-रात मेहनत का कर रहे हैं। इसी कारण देश निरंतर विकास कर रहा है। विशिष्ट अतिथि रामराजा निरंजन ने कहा भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरज बाथम ने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कार्यकर्ताओं को किसी भी परेशानी में पूरी पार्टी सदैव साथ खड़ी है। इस दौरान मोहम्मद तबरेज, सत्येंद्र गुर्जर, लव पाल, सोहेल अख्तर, शिवांग गुप्ता, आर्यन गुर्जर, उदय गुर्जर, इमरान खान, नीरज पाल, शिवम, दीपक, वैभव गुर्जर, सोनू पाराशर, सौरभ, शाहरुख, अनुज शुक्ला, सागर कुशवाहा, ताहिर अख्तर, राजू खान, दीपक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवशंकर प्रजापति, पुनीत मित्तल, अनिल याज्ञिक, संजय राठौर, संदीप साहू, आयुष श्रीवास्तव, अजितेश बाथम, मलखान, रवि कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



भाजपा की सदस्यता लेने वाले लोग।

# पालिका निरीक्षण में डीएम ने लिपिकों से ली जानकारी

**अस्पताल में पर्चा काउंटर पर भीड़ देख अतिरिक्त काउंटर खोलने के दिए निर्देश**




जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज

शनिवार को डीएम ने नगर पालिका परिषद का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका के सभी पटलों का निरीक्षण कर कार्यों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

नगर पालिका के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई के साथ ओपीडी, दवा वितरण, टीवी, इमर्जेंसी, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। इस दौरान पर्चा काउंटर पर भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर खोलने के लिए भी कहा। डीएम राजेश कुमार पांडेय शनिवार को नगर पालिका के वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण, कर, सफाई, स्वच्छ भारत मिशन, जन्म मृत्यु समेत सभी पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर लिपिक कमलेश कुमार से जानकारी ली। वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य, भुगतान व टेंडर आदि के संबंध में भी पूंछतांछ की। लेखाकार अनिल कुशवाहा से आय व्यय संबंधी जानकारी ली। राजस्व वसूली को लेकर लिपिक राघवेंद्र से गृहकर, दुकान किराया की जानकारी ली और नए भवनों को भी पंजीकृत करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे कार्यक्रमों को लेकर कार्यक्रम प्रभारी रविंदर सलूजा से पूछतांछ की और स्वच्छ भारत मिशन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर एसआई देवेंद्र कुमार से पूंछतांछ की और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

# मारपीट की शिकार महिला की पुलिस ने नहीं सुनी पीड़ा

कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज

देवर और उसके परिजनों की मारपीट का शिकार हुई महिला की 9 दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इस दौरान वह कोतवाली पुलिस से लेकर आला अफसरों से भी फरियाद कर चुकी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासिनी आंखों की रोशनी खो चुकी विकलांग रूबी ने बताया कि गत 15 फरवरी को उसकी मां सावित्री घर पर मौजूद थी।

इसी दौरान चाचा हरप्रसाद तथा अन्य सगे संबंधी उसके घर में घुस आया था और उसकी मां के साथ मारपीट शुरू कर दी थी। शोरगुल सुनकर वह तथा नाबालिग भाई मोहन बचाने पहुंचे तो सभी के साथ मारपीट की और भाग निकले थे। इस मारपीट में मां को काफी चोटें आई थी और इस मामले की शिकायत उसने 112 पर की थी तो मौके पर आई पुलिस हमलावर चाचा को पकड़कर कोतवाली ले आई थी तथा घायल मां को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। रूबी के मुताबिक घटना की लिखित शिकायत उसने पुलिस से की थी लेकिन डाक्टरी होने के बावजूद पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया था। विकलांग युवती के अनुसार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उसने सीओ और उरई तक गयी पर मामला दर्ज नही हो सका है जिसकी वजह से दबंगों के हौंसले बुलंद है और वह फिर से मारपीट करने की धमकी दे रहे हैं इतना ही नहीं उसने हल्के के दरोगा पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है।

## चौरसी आवासीय योजना में भूखंडों का आवंटन 26 को

उरई (जालौन)। सचिव, उरई विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा विकसित चौरसी आवासीय योजना में सृजित अवशेष भूखण्डों के निस्तारण हेतु प्राधिकरण द्वारा 7 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक की अवधि में पंजीकरण आमंत्रित किये गये थे। उक्त अवधि में प्राप्त पंजीकरण कर्ताओं के मध्य भूखण्डों का आवंटन लॉटरी-पद्धति से 26 फरवरी 2024 को 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार उरई में आवंटन समिति के समक्ष किया जायेगा। उक्त के क्रम में पंजीकरण-कर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें आयीं, तीन मौके पर निपटी




कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज

शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें 5 शिकायतें आई उसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया।

जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शासन ने काफी दिनों पूर्व थाना स्तर पर माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को समाधान दिवस की शुरूआत की थी जिसमें राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर ही समस्याओं के निराकरण का प्रयास करते हैं और इसी व्यवस्था के तहत शनिवार को तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद की मौजूदगी में इस दिवस का आयोजन हुआ जिसमें 5 लोगों ने जमीन संबंधी शिकायतें की जिसमें मौके पर ही 3 का निस्तारण कर दिया गया है। शेष 2 जटिल समस्या होने के चलते उनके निस्तारण के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

इस दौरान आरआई नगर पालिका परिषद रामभवन सिंह, एसआई अमर सिंह, महेश सिंह अभिलाख सिंह भी मौजूद रहे हालांकि क्राफ सर्वे का काम जाती होने के चलते इस दिवस से लेखपाल अनुपस्थित रहे।



## मजदूरों के भरोसे बन रहा रिनियां नाला पुल

उरई (जालौन)। लोक निर्माण विभाग खण्ड 3 के द्वारा रिनियां वैदेपुर नाला पर एक पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो महज लेवर के भरोसे ही काम चल रहा है। जिले में आज कल लोक निर्माण विभाग में अधिकांश अधिकारियों और ठेकेदारों की जुगलबंदी चल रही है।जिसके चलते विकास कार्यों की गुणवत्ता पर आंख बंद करके पलीता लगाया जा रहा है। फिर चाहे जोल्हूपुर मदारीपुर रोड महेवा ब्लाक से गुजरी सड़क दाग मरम्मत कार्य हो या फिर सिकरी राजा गांव के पास बन रहे नाला के पुल के निर्माण कार्य का हो या फिर रिनियां वैदेपुर नाला पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य हो। इन पुलों के ठेकेदार को विभाग का ही रिटायर कर्मचारी बताया जा रहा है। जिसकी वजह से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इन कार्यों में चुप्पी साध रखी है। इस संबंध में जब विभागीय सहायक अभियंता वीके गौड़ से जब संबंधित कार्यों के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि काम चल रहा है जो कमियां देखने में नजर आएंगी उन्हें दूर कराया जाएगा।

# एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी विहिप: परांडे

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।

शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि विहिप अपने षष्ठी वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी।कारसेवक पुरम में विहिप प्रन्यासी मंडल की महत्व बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन,लव जेहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ तथा गुपचुप तरीके से ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर मंथन चिंतन करेंगी तथा इससे निपटने की कार्ययोजनाओं को मूर्त रूप देंगी।



विहिप महामंत्री श्री परांडे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपने विचार व्यक्त कर थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की आवश्यक बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विराजमान श्रीराम लला के दिव्य भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या धाम में संपन्न होने जा रही है। उन्होंने कहा कि संकल्प की सिद्धि का सुखद आनंद सभी ध्येय निष्ट कार्यकर्ताओं के हृदय को स्वाभिमान और गर्व से झंकृत कर रहा है।यहां आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को गति प्रदान करेगी।उन्होंने कहा कि इस बैठक में विहिप देश के एक लाख स्थानों पर संगठन विस्तार करने की योजना बनायेगी वहीं देश में हो रहे विदेशी मुस्लिम घुसपैठ के कारण जनसंख्या असंतुलन और बढ़ रहे लवजेहाद तथा ईसाई मिशनरियां द्वारा अवैध रूप से चलाये जा रहे धर्मांतरण जैसी गंभीर साजिशों पर कार्य योजना बनाने पर भी विचार होगा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा,वर्ग में देश के हजारो हिन्दू युवा सहभागी बन कर राष्ट्र उत्थान में संकल्पित होंगे।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित किये गये सी.ए.ए. कानून का लाभ जिसमें पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुए निवासित हिन्दू,जैन, बौद्ध व सिख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे रहेगी।

# देश बचाओ, संविधान बचाओ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



उतरौला के डीजेवाई इंटर कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को देश बचाओ संविधान बचाओ पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का शुआरम्भ डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, मुलायम सिंह यादव व बेनी प्रसाद वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गोंडा लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा रहीं। अध्यक्षता सपा पार्टी जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप ने किया और संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष राम दयाल यादव ने किया। गोंडा लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने कहा कि पीडीए एक सच्चा लोकतांत्रिक जनबंधन है, जिसमें हमारे साथ जनता सीधे जुड़ रही है। ये प्रभुत्ववादी ताकतें द्वारा सबसे पीछे धकेल दिए गए समाज के उन वर्गों को समाजवादी पार्टी आगे लाने का प्रयास कर रही है जो सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक पैमाने पर शदियों से वंचित और शोषण रहे वर्गों को आगे लाने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा हर वर्ग के शोषितों को आगे करने का काम कर रहे है।

## खड़े लोडर में मिला कानपुर के चालक का शव

कालपी (जालौन)। संदिग्ध परिस्थितियों में लोडर चालक का शव उसकी गाड़ी में ही मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार सुबह राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया था कि जोल्हूपुर और छौंक के मध्य हाईवे पर एक लोडर वाहन खड़ा है और उसकी चालक सीट पर एक व्यक्ति मृत पड़ा है। सूचना को संज्ञान में लेकर मौके पर पहुंचे ज्ञान भारती पुलिस चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह ने शव को कब्जे में लिया और तलाशी ली तो मृतक की पहचान अरुण कुमार त्रिपाठी पुत्र रामनारायण त्रिपाठी उम्र 68 वर्ष निवासी बर्रा 8 कानपुर में हुई है। पुलिस के अनुसार वह सुबह कानपुर से लोडर में सामान लेकर उरई के लिए निकला था।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक विवाह संपन्न

**विधायक प्रतिनिधि व पत्नी ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र व उपहार दिये**



उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

वैदिक ऋचाएं व कुरान की आयतें एक ही पंडाल में साथ-साथ गूंजी।शनिवार को विकास खंड उतरौला के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के मांगलिक कार्यक्रम के दौरान रेहरा के 47 गैंड़ास बुजुर्ग के 12 उतरौला विकास खंड के 52 समेत कुल 111 नव दंपतियों ने एक साथ रहने व जीने-मरने की प्रतिज्ञा की।

जिसमें 12 मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। बाजे-गाजे के साथ सभी नव दंपति जोड़ों को मंडप तक लाकर उनका पाणिग्रहण कराया गया। नवदंपतियों को बर्तन जेवर कपड़ा, कंबल ब्रीफकेस डिनर सेट व मोबाइल फोन प्रदान किया गया। विधायक प्रतिनिधि व पत्नी सुनीता वर्मा ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र व उपहार दिया। प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी नगर पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि अनूप गुप्ता बीडीओ संजय कुमार,ब्लाक प्रमुख उतरौला प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, जसवंत वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा मौजूद रहे। वर-वधू पक्ष के स्वजनों व मेहमानों के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था परिसर में ही कराई गई थी। कार्यक्रम के प्रभारी जेई राम सनेही भारती , जयप्रकाश चौरसिया,लड्डू मनीष कुमार का विशेष सहयोग रहा।



## सुनील कुमार की मनायी गयी पाँचवी पुण्यतिथि

बलिया। वरिष्ठ पत्रकार सौरभ कुमार के अनुज सुनील कुमार की पाँचवी पुण्यतिथि स्थानीय वृद्धा आश्रम मे एक सादे समारोह मे मनाई गई। इस अवसर पर वृद्धजनो मे वस्त्र, फल इत्यादि वितरित किया गया वृद्धा आश्रम के सुप्रिटेंडेंट श्रीधनश्याम सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया कार्यक्रम के प्रारम्भ मे दीप प्रज्वलती कर श्री कुमार के चित्र पर माल्यार्पणकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह मे उनके बेटा प्रखर कुमार भतीजा पीयूष कुमार प्रशांत कुमार भाई सुजीत कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ग्रामीण पत्रकार असोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सौरभ कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया अंत मे दो मिनट मौन रहकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## गैरेज मालिक ने 20 लाख नुकसान की एफआईआर दर्ज करायी

जालौन,उरई। एक सप्ताह पूर्व कार गैरेज में आग लगने से तीन कार समेत पार्ट्स आदि जलकर राख हो गए थे। गैरेज संचालक ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गैरेज में आग लगाने के चलते 20 लाख रुपये का नुकसान होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी मोहम्मद सलाम का कार वर्कशॉप के नाम से उरई रोड पर बंबा के पास गैरेज है। जिसमें वह कारों की रिपेयरिंग का काम करते हैं। बीती 15 फरवरी की रात करीब नौ बजे वह गैरेज में काम निपटाकर घर चले गए। गैरेज के बाहर चार कार रिपेयरिंग के लिए खड़ी थीं। एक कार में पार्ट्स का सामान भरा हुआ था। रात करीब दो बजे अज्ञात व्यक्तियों ने उनके गैरेज में आग लगा दी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ज्योना वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 24/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ज्योना द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/02/2024 से 02/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रघुवीर प्रजापति के घर से बृजवासी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | छत्र पाल सक्सेना के घर से नाला तक एवं शिवचरन लाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | प्रमोद के घर के कोने से संजय भाष्कर के खेत तक नाला निर्माण कार्य | 4 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | विनोद ठाकुर के घर के कोने से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 4 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | रुप सिंह के घर से गंगा सहाय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 4 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | नगला फार्म में हनुमान मंदिर से सीसी रोड तक इंटरलाकिंग कार्य | 4 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 7- | ग्राम पंचायत ज्योना में आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | 11 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 8- | दुर्वेश सक्सेना के घर से ऐलम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 9- | पंचायत घर की रंगाई पुताई एवं पेंटिंग, मरम्मत कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 10 | पंचायत घर में इंटरलाकिंग कार्य | 1 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 11 | मेन सड़क से अमरेश यादव के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 12 | राजकुमार के घर से विजय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 13 | प्रमोद के घर से सुनील के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(रेखा देवी) प्रधान, ज्योना, नवाबगंज

(अरविन्द कुमार) सचिव, ज्योना, नवाबगंज


**खुलासा** | अपना शौक पूरा करने के लिए घटना को देते थे अंजाम

# पुलिस ने तीन लुटेरों को मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।

कैंट पुलिस तीन मोबाइल लुटेरो को चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। जन्मदिन मनाने के लिए मोबाइल लूट करने वाले तीन शातिर मोबाइल लुटेरो को कैंट पुलिस ने तीन मोबाइल लुटेरो को चार मोबाइल एक बिना नंबर प्लेट पल्सर के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में सहायक पुलिस अधीक्षक /सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से तीन लुटेरे स्टेशन के सामने रात्रि 10:30 बजे मोबाइल लूट कर भाग गए थे इसके संबंध में कैंट थाने पर 89 /2024 धारा 392 पंजीकृत किया गया था 20 फरवरी को 10:45 बजे रात्रि में रोडवेज ग्राउंड से रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने प्रिंस सिंह जा रहे थे बाइक सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा रेडमी मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए थे इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 104/ 2024 धारा 392 पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार युवक शुभम गुप्ता पुत्र सुरेश कुमार गुप्ता उम्र 19 वर्ष दीपू सोनकर पुत्र स्वर्गीय बबलू सोनकर उम्र 19 वर्ष करण सोनकर पुत्र हरिश्चंद्र उम्र 20 वर्ष निवासी चकरा अव्वल बर्गो अमरूदतानी थाना राजघाट को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया। शुभम गुप्ता का 17 फरवरी को जन्मदिन मनाने के लिए 16 फरवरी को मोबाइल की लूट किए थे लेकिन लूट गए मोबाइल को बेच नहीं सके थे। 18 व 22 फरवरी को भी असफल मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था जो अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके थे। तीनो युवक फल मंडी में फल बेचने का कार्य करते हैं दीपू डीजे बजाने का भी कार्य करता है तीनों युवक कम पढ़े-लिखे बताई जा रहे हैं जो अपना शौक पूरा करने के लिए मोबाइल लूटने की घटना को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार करने वालो में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह उपनिरीक्षक महेश कुमार चौबे चौकी प्रभारी रेलवे कॉलोनी उप निरीक्षक सुधांशु सिंह चौकी प्रभारी गोलघर सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।




## कार्यालय-नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा के माध्यम से 15वां वित्त के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से निर्माण कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की गयी है। http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदा निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 24.02.2024 | 12-00 PM |
| आनलाईन निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 24.02.2024 | 2-00 PM |
| आनलाईन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 16.03.2024 | 4-00 PM |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | 16.03.2024 | 4-30 PM |

नोट:- निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।

# माघी पूर्णिमा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

- हर-हर गंगे के उद्घघोष से गूंजा गंगा तट, जिले के सभी गंगा तटों पर भारी भीड़ के चलते सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इन्तजाम




महादेवी गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु व सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज/जलालाबाद,समृद्धि न्यूज**

**माघी पूर्णिमा** के अवसर पर जिले के सभी गंगा तटो पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इत्रनगरी स्थित मेंहदीघाट सहित गुगरापुर क्षेत्र के जलेसर गंगा घाट, चियासर घाट, बदनापुर घाट, सद्दुपुर गंगा घाट पर हर-हर गंगे के उद्घघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पर्व के महत्व को देखते हुए घरों से लेकर मंदिरों तक धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पर्व के एक दिन पूर्व शुक्रवार की शाम से ही गंगा स्नानार्थियों का रेला मेहदीघाट समेत जिले के अन्य गंगा घाटों पर पहुंचने लगा था। गंगा स्नान के लिए आसपास जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

माघ पूर्णिमा की वजह से गंगा घाट पर भोर होते ही श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू कर दिया। इत्रनगरी के मेहदीघाट गंगा तट पर हर-हर गंगे के उद्घघोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद मेहदी घाट किनारे के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-पाठ का दौर चला। त्रिपुरचन्द शिवाला के आश्रम में मौजूद साधु-संतों को श्रद्धालुओं ने दान देकर आशीर्वाद लिया। गंगा स्नान के लिए हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, मैनपुरी आदि जिलों से आए लोग एक दिन पहले ही मेहदी घाट पर बने प्रतीक्षालय में रुके और भोर होते ही गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा के लिए प्रशासन ने खास व्यवस्था की। महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मी जगह-जगह तैनात रहे। मेहदी घाट पर नमामि गंगे परियोजना के तहत स्टाल लगाया गया, जहां गंगा को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया। जलालाबाद संवाददाता के अनुसार गुगरापुर क्षेत्र के जलेसर गंगा घाट, चियासर घाट, बदनापुर घाट, सद्दुपुर गंगा घाटो पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इसके साथ ही लोगों ने पूजन- अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रृद्धालुजनों ने गंगा में स्नान करने के बाद गंगा किनारे व मंदिरों में पूजन अर्चन किया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सुरक्षा व्यवस्था में गुरसहायगंज थाना प्रभारी जयंती लाल गंगवार, नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज कुमार शर्मा, कांस्टेबल राजेंद्र चौधरी, हितेश राव, राहुल, अक्षय, महिला कांस्टेबल कामिनी, मनीष आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता सभा की मीटिंग में आगामी चुनाव की तैयारी व अधिवक्ता सभा संगठन के विस्तार पर चर्चा

**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**तहसील बार** एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता सभा की मीटिंग आगामी चुनाव की तैयारी व अधिवक्ता सभा संगठन के विस्तार के संबंध में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव मौजूद रहे व साथ में सर्वेश सिंह प्रदेश महासचिव अधिवक्ता सभा, चंद्रजीत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीकांत यादव प्रदेश सचिव, शुभम कुमार प्रदेश सचिव, मोहित यादव, प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ताओं की समस्या के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई व आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की व साथ ही साथ उच्च सदन में अधिवक्ताओं के लिए एक सीट भी रिजर्व कराने की बात भी कहीं गई जिससे कि अधिवक्ताओं की समस्याओं को सदन में उठाने के लिए उनका कोई प्रतिनिधि भी मौजूद रहे इस मौके पर लाल बहादुर यादव, राजेश शाक्य, अभिषेक कुमार, अमित राजपूत, भैया लाल वर्मा, बादाम सिंह शाक्य, अमित दिवाकर, अजय यादव, राकेश चंद्र, प्रणव यादव, प्रदीप ठाकुर, सलीम खान, अनीश खान, अमित अग्निहोत्री आदि सैकड़ो की संख्या में अधिवक्तागढ़ उपस्थित रहे ।

# खबरें चलते-चलते

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**जलालाबाद, समृद्धि।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को ब्लॉक गुगरापुर में कोल्ड के समीप ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने फीता काटकर किया। बॉलीबाल और रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुसुमखोर और गुनाह टीम के बीच बॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कुसुमखोर के खिलाड़ियों ने विजयी प्राप्त की। प्रतियोगिता में विजयी टीम को ट्राफी व खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वीडीओ उमाशंकर साहू ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में नेतृत्व, आज्ञा पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, खेल की भावना, साहस, सहनशीलता आदि सद्गुणों का विकास होता है। कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल के प्रति खेल भावना विकसित करने के साथ-साथ उनमें शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूती प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविक समाजसेवी कौशल किशोर ने किया। इस मौके पर प्रतीक्षा कटियार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## देशी तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग दर्शन में क्षेत्राधिकारी सदर, कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश चन्द्र मय हमराह द्वारा अभियुक्त रामलखन पुत्र नाथूराम कश्यप उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम अमोलर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को मय 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, शाखा जनपद कन्नौज के अध्यक्ष बदन सिंह तिर्वा विधायक को सौंपा लिखित ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, शाखा जनपद कन्नौज के अध्यक्ष बदन सिंह तिर्वा विधायक को सौपा लिखित ज्ञापन। कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की 22 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, शाखा जनपद कन्नौज के अध्यक्ष बदन सिंह द्वारा जनप्रतिनिधि कैलाश सिंह राजपूत, विधायक, विधानसभा तिर्वा, जनपद कन्नौज को मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार को सम्बोधित ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए।

## संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**छिब्रामऊ कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के कस्बा बिशुनगढ़ मैं संत रविदास जयंती धूमधाम से कस्बा के अक्षय यादव के प्रतिष्ठान पर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम में भीम आर्मी के सहसंयोजक नेम कुमार कमलेश शाक्य रघुराज शाक्य देवेंद्र कुमार यादव शहीत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार: सीओ सदर

- पीस कमेटी की बैठक में नागरिकों से की अपील

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद सीओ सदर व कोतवाल — समृद्धि न्यूज

**रंगो के** पर्व होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार से पूर्व कोतवाली परिसर में सदर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं सद्भावना से मनाने की अपील करते हुए नागरिकों से सुझाव मांगे।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने मौजूद नागरिकों से होलिका स्थलों सहित मुस्लिम धर्म के त्यौहार शब-ए-बारात के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान व्यापारी नेता विजय दुवे नें नगर में ई-रिक्सा के कारण जाम लगनें की बात कही। जिस पर सदर क्षेत्राधिकारी ने यातायात प्रभारी को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोनों धर्म के लोग आपसी प्रेमभाव के साथ त्यौहार मनाए। अराजकता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सभ्रांतजन असामाजिक तत्वों की सूचना दें ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इसके उपरांत मौजूद संभ्रांतजनों ने सीओ सदर को अमन चैन का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, महेन्द्र सिंह, कस्बा प्रभारी रोविन सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह सहित राममंदिर के पुजारी पं. राकेश चन्द्र दुवे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, व्यापारी नेता शिवम राज वर्मा, बृजेश गुप्ता उर्फरामू, मो. नफीस, व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चंदन, सभासद सिराज अहमद, शहंशाह, वीरेन्द्र गुप्ता उर्फटीपू, संतोष गुप्ता मुल्लू, अंकित गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## 15 दिवसीय विशेष गोसंरक्षण अभियान के तहत अब तक 1448 गौवंशों को किया संरक्षित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर जिले भर में 8 फरवरी से 15 दिवसीय विशेष गोसंरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अभी तक 1448 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशाला में संरक्षित किया गया है। कैटिल कैचर टीम द्वारा विशेष गोसंरक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को कैटिल कैचर टीम के सदस्यों ने 35 निराश्रित गोवंशो को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किया। निराश्रित गोवंश को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित करने हेतु निरंतर कैटिल कैचर टीम द्वारा अभियान को सफल बनाया जा रहा है। शनिवार को विकासखंड कन्नौज में 17 गोवंश एवं विकास खण्ड उमर्दा में 6 गोवंशों तथा विकास खण्ड सौरिख में 7 गोवंश और विकास खण्ड जलालाबाद में 05 गोवंशों को पड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया गया।


# क्लास टॉप कर डॉक्टर खुशबू ने शहर का नाम किया रोशन



**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**गैलेक्सी पब्लिक** स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर लखनऊ के इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की परीक्षा में क्लास टॉप कर शहर का नाम किया रोशन। रिजर्व ट्रेलर मोहम्मद अकील की पुत्री खुशबू खान ने गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद एमबीबीएस शिक्षा के लिए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ मैं अपने क्लास में टॉप कर कर शहर व अपने परिवार का नाम रोशन किया एमबीबीएस क्लास टॉपर खुशबू के आवास पर परिजनों व शुभ चिंतक ने खुशबू को बधाई दी डॉक्टर खुशबू खान ने बताया कि वह क्षेत्र की सेवा करना चाहते हैं माता-पिता के सहयोग से यह संभव हो सका है इस अवसर नेम सिंह यादव एडवोकेट बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष रामेंद्र सिंह मोहम्मद अकील हाजी मोहम्मद शमीम रानू हाफिज जी शहीत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में संपूर्ण थाना समाधान दिवस संपन्न



**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**संपूर्ण थाना** समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर मैं आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक ने की। संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली प्रसार में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र ने की औचक निरीक्षण पर जिला अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संपूर्ण थाना समाधान दिवस की विस्तृत जानकारी ली संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर तीन शिकायत दर्ज की गई एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष बची दोनों शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व पुलिस की टीम बनाकर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

## मनसा देवी मंदिर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित मनसा देवी मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी एवं पालिकाध्यक्षा सहित श्रद्धालुओं ने विधि विधान से हवन पूजन कर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके बाद सैकडों लोगो को परसाद वितरण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी ने कहा कि भगवान हनुमान का स्मरण करने से कष्टों का निवारण होता है। शनिवार को नगर के फतेहगढ रोड स्थित मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने विधि विधान से हवन-पूजन कर भगवान हनुमान की आराधना की। इसके बाद महंत पंडित राकेश चन्द्र दुवे एवं राजेश दुवे द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भगवान बजरंगबली नें प्रभु श्री राम की सेवा में अपना जीवन अर्पण कर सेवा भाव का आदर्श प्रस्तुत किया है।

# समाधान दिवस में पांच शिकायतों में हुआ एक का निस्तारण

- प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस व राजस्व टीम को निस्तारण के निर्देश दिये

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज**



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते प्रभारी निरीक्षक

**शासन के** निर्देश पर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्यायें सुनकर अधीनस्थ कर्मियों को निस्तारण के निर्देश देनें के उपरान्त प्रभारी निरीक्षक नें कहा कि राजस्व व पुलिस टीम बनाकर भूमि विवादों को निबटायें।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में चार राजस्व व एक पुलिस संबन्धित कुल पॉच शिकायतें आई। जिसमें से एक पुलिस संबन्धी शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने राजस्व सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया। इस दौरान कानून-गो प्रेम कृष्ण मिश्रा, कस्बा चौकी प्रभारी रोविन सिंह, उपनिरीक्षक आनन्द मिश्रा, विनय शर्मा सहित लेखपाल कौशल पाण्डेय, दिनेश दुवे, रोहित यादव व अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# कार सवार बदमाशों ने कानपुर से युवक का अपहरण कर कन्नौज में फेंका

- तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नुनारी के निकट ईशन नदी किनारे चरवाहों ने युवक को रस्सियों से बंधा देखा, क्षेत्र में फैली सनसनी
- ग्रामीणों ने युवक के रस्सियों से बंधे हांथ पैर खोले, युवक के परिजनों से फोन पर कराई बात, पीड़ित युवक ने पुलिस को दी तहरीर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज। समृद्धि न्यूज**



पीड़ित युवक सुनील कुमार

**तिर्वा** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नुनारी के निकट ईशन नदी किनारे मवेशियों को चराने वाले चरवाहों ने एक युवक को रस्सियों से बंधा देखा तो उनमें हड़कम्प मच गया। चरवाहों ने आनन-फनन युवक के हाथ-पैर खोले। जिसके बाद युवक ने चरवाहों को बताया कि कुछ कार सवार लोगों ने उसका अपरहण कर लिया था और उसे नदी किनारे फेंक कर भाग गए। पीड़ित ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार जनपद कानपुर नगर के थाना ककवन क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर नदिया निवासी सुनील कुमार एक दिन पूर्व कानपुर कोर्ट गया था। जहां वह अपना काम निपटा कर दोपहर बाद अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह बिल्हौर से ककवन रोड पर पहुंचा तभी एक कार आकर उसके पास रूकी और उसमें सवार लोगों ने उसे कार में घसीट कर बैठा लिया। पीड़ित युवक के अनुसार उक्त कार सवार लोगों ने उसके हाथ-पैर बांध दिए और उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और मुंह में कपडा ठूंस दिया। इसके बाद उसे किसी जगह पर ले गए। जहां उसे कुछ देर रोकने के बाद फिर कार में लेकर चल दिए। युवक के हाथ-पैर, मुंह और आंख पर पटटी बांधकर उसे फेंक दिया। उक्त कार सवार लोगों ने उसके कपडे भी उतार दिए। उसने बताया कि शरीर पर कपड़े न होने की वजह से वह सर्दी से ठिठुरता पड़ा रहा। जानवर चराने वाले कुछ लोग नदी किनारे से गुजरे तो उन्हें वहां उक्त युवक दिखाई दिया। चरवाहों ने जब उक्त युवक के हांथ पैर खोलने के बाद उससे पूछा, तब सुनील ने आपबीती बाते हुए कहा कि उसका अपहरण कर बदमाशों ने उसे यहां फेंक दिया। शरीर पर कपडे न होने के कारण सुनील सर्दी और डर की वजह से कंपकंपता रहा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अपने फोन से सुनील को अपने परिजनों से बात कराई। परिजनों के आने के बाद सुनील तिर्वा कोतवाली पहुंचा, जहां उसने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

**शोक** — वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव कार्यकर्ताओं के साथ मृतक बृजेश पाल के परिजनों से मिले, व्यक्त की शोक संवेदनाएं, प्रदेश सरकार पर उठाए गंभीर सवाल

# मृतक बृजेश पाल के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक मदद दे सरकार: नवाब सिंह

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**बीते दिवस** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़पुर्वा में बेरोजगारी से हताश युवक ने फांसी का फन्दा गले में डालकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए शनिवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम भूड़पुर्वा पहुंचकर मृतक युवक बृजेशपाल के शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाए व्यक्त कर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को दोषी ठहराया। श्री यादव ने पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक मदद दिये जाने की सरकार से मांग की।

शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम भूड़पुरवा पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने मृतक बृजेश पाल के परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और बेरोजगारी के चलते बृजेश पाल द्वारा आत्महत्या किए जाने का गहरा दुःख जताया। श्री यादव ने बृजेश पाल की आत्महत्या किये जाने को लेकर प्रदेश सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि पेपर लीक की ये घटना इस सरकार में पहली बार नहीं हुई है। हर बार नई भर्ती के पेपर लीक हो जाते हैं और सरकार की सारी व्यवस्थाएं धरी की धरी रह जाती हैं। श्री यादव ने कहा कि पेपर लीक की घटना सरकार की विफलता दर्शाती है। ऐसी घटना के चलते पढ़ने वाले छात्र डिप्रेशन में चले जाते हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुये कहा कि मृतक बृजेश पाल परिवार में इकलौता पुत्र था। परिवार को उससे काफी आशाएं थीं। बेरोजागारी से आहत होकर नौजवान युवक ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। उन्होने मृतक बृजेश पाल के परिजनों को आगे जीवन यापन करने में दिक्कत न हो इसलिए परिजनों को 50 लाख की आर्थिक मद्द दी जाए।






# चोरों ने ताले तोड़कर नगदी सहित लाखों के सोने-चांदी के आभूषण किये पार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, ग्रामीण बोले रात्रि में गस्त नहीं करती पुलिस

**बीती रात्रि** पड़ोस में खाली पड़े मकान के सहारे चोर घर में घुसे तथा कमरे के ताले तोड़कर कमरे के अंदर रखी नगदी तथा लाखों रुपए के सोने चांदी की जेवरात चोरी कर लिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

शमसाबाद नगर के मोहल्ला पलिया निवासी विवेक कुमार राठौर पुत्र हंसराम जो बीते दिवस की शाम खाना खाने के बाद परिवार सहित कमरे में सो गया। मध्य रात्रि के दौरान अज्ञात चोर जो पिछ्वाड़े के बंद पड़े मकान के सहारे अंदर दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़ते हुए अंदर रखी सेफ अलमारी आदि तोड़ डाली और चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब गृह स्वामी का पुत्र हिमांशु पशुओं के लिए कमरे से भूसा लेने गया। जब सामने का नजारा देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने घटना की सूचना अपने पिता को दी। सूचना के बाद जब गृह स्वामी मौके पर पहुंचा तो उसके भी होश उड़ गए, क्योंकि अंदर रखे बक्से, सेफ अलमारी के ताले टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा हुआ था। घटना की सूचना शमसाबाद थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। गृह स्वामी के अनुसार 2 वर्ष पूर्व पत्नी की मौत हो गई थी।



घटना की जानकारी देते पीड़ित गृहस्वामी — समृद्धि न्यूज

वर्तमान में वह मेहनत मजदूरी कर घर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसने यह भी बताया जिस कमरे में चोरी हुई उसके बराबर में दूसरा कमरा जिसमें वह सोया था। अज्ञात चोरों द्वारा पहले कमरे का ताला तोड़ा गया फिर अंदर तोड़फोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित गृहस्वामी के अनुसार अज्ञात चोर बक्से में रखी नगदी के अलावा एक सोने का मांगबेंदा, एक जोड़ी सोने के झाले, एक जोड़ी सोने के कुंडल, सोने का मंगलसूत्र, सोने की बाली, एक बच्चे की हाय, दो जोड़ी चांदी की पायलें तथा बच्चों के खडुआ तथा अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया अज्ञात चोरों द्वारा की गई चोरी की घटना में 3 लाख का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

# गेहूं की फसल देखने गया युवक गंगा में डूबा, तलाश जारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**गेहूं की** फसल देखने गया युवक गंगा के गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश करायी, लेकिन करीब 8 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। परिजन व ग्रामीण मौके पर मौजूद हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव गंधिया निवासी जयपाल राजपूत उम्र 35 वर्षीय पुत्र बेनीराम राजपूत बीते दिन सुबह करीब 8 बजे अपने गेहूं के खेत पर गंगा पार करके गया था। वापस लौटते समय वह गंगा तैरकर आ रहा था, तभी अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। आसपास खेतों में मौजूद लोगों ने उसे देख लिया और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलने



मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण आदि — समृद्धि न्यूज

के बाद पत्नी व भाई समेत अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार कायमगंज सृजन कुमार व कुआंखेड़ा चौकी इंचार्ज विश्वनाथ आर्य मौके पर पहुंचे और ढाईघाट से गोताखोरों को बुलाया गया। करीब 8 घण्टे से गोताखोर गंगा में डूबे युवक की तलाश में जुटे हैं, लेकिन कोई पता नहीं चला है। पत्नी फूला देवी समेंत बच्चों व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल सका था।

# 26 फरवरी को होगा भाकियू (भानु गुट) का सबसे बड़ा किसान आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन (भानु गुट) के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर 26 फरवरी को जनपद का सबसे बड़ा किसान आंदोलन करने की प्रशासन को चेतावनी दी। उन्होंने बताया अमृतपुर आईटीआई कॉलेज के सामने पड़े फील्ड में किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग एक दर्जन जनपदों के किसान यूनियन कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। उन्होंने कहा यह किसान महापंचायत ऐतिहासिक होगी। जिसमें पूरे जनपद के किसानों की जो भी समस्याएं होंगी उनका अधिकारियों से तुरंत निस्तारण कराया जाएगा व अन्य हमारी कई प्रमुख मांगे हैं। जैसे गंगा के दोनों तरफ सुंदरपुर कटरी से ढाईघाट पुल तक बंदा बनवाया जाए, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद से होकर निकला जाए, फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस में लिंक



जानकारी देते किसान नेता — समृद्धि न्यूज

रोड से जोड़ा जा, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए, फर्रुखाबाद में आलू संबंधित चिप्स इत्यादि की फैक्ट्री लगाई जाए, देवरामपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाए, आवारा जानवरों की समस्या से किसानों को निजात दिलाई जाए आदि अन्य ऐसी कई विभिन्न मांगे हैं जो कि हम सभी किसान मिलकर उसे किसान महापंचायत में मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। हम लोगों ने तय किया है कि जब तक मुख्यमंत्री हम लोगों का ज्ञापन लेने स्वयं नहीं आते हैं तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी अमृतपुर व सीओ सिटी फर्रुखाबाद प्रदीप कुमार जो कि वर्तमान में अमृतपुर क्षेत्र के भी प्रभारी है उनके ऊपर कार्यक्रम का आयोजन सफल न होने देने का आरोप लगाया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदीप कुमार हमारी परमीशन नहीं होने दे रहे हैं और हमें परमीशन की कोई आवश्यकता भी नहीं। उन्होंने साफ लहजे में कहा परमीशन मिले या ना मिले 26 फरवरी को जनपद का सबसे बड़ा किसान आंदोलन होगा। प्रेस वार्ता में किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष के अलावा अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# गंगा स्नान के दौरान कपड़े चोरी गंगा पुत्र पर चोरी का आरोप

▸ शिकायत पर पुलिस मौके पहुंची, आरोपी को छोड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एटा जनपद** के थाना जसरथपुर के ग्राम खरसेला निवासी सुधीर कुमार तथा यहीं के निवासी निर्देश कुमार शुक्रवार को माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए ढाईघाट शमशाबाद गए हुए थे। बताया गया है जिस वक्त दोनों स्नानार्थियों ने गंगा किनारे बैठे एक गंगा पुत्र के यहां तख्त पर कपड़े उतारकर रख दिए और रखवाली के लिए कहा। पीड़ित के अनुसार गंगा पुत्र के हां करने पर दोनों स्नान के लिए चले गए और जब स्नान कर वापस आए तो तख्त पर कपड़े नहीं थे। यह नजारा देख दोनों के होश उड़ गए। गंगा पुत्र से कपड़ों के संबध में पूछताछ की, तो गंगा पुत्र ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए इनकार कर दिया। बात बढ़ गई, तो दोनों पक्षों के मध्य विवाद हो गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित द्वारा पुलिस से शिकायत की बात की गई, तो पुलिस बल पहुंच गया तथा तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बताया गया है पुलिस ने पूछताछ के लिए गंगा पुत्र को बुलाया और बाद में छोड़ दिया। पीड़ित प्रशांत के अनुसार उसकी जेब में रखी पर्स जिसमे पांच हजार की नगदी तथा जेब में एक मोबाइल था, जबकि निर्देश कुमार की जेब में रखी लगभग नौ हजार की नगदी व अन्य प्रपत्र रखे हुए थे। निर्देश डीजे की मशीन ठीक कराने के लिए आया था। कायमगंज में मशीन को ठीक कराने के लिए मैकेनिक के यहां रख दिया तथा गंगा स्नान के लिए ढाई घाट शमशाबाद चला गया। जहां यह घटना घटी। पीड़ित ने बताया आरोपी को पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया।

# खबरें चलते-चलते

## जगह पर कब्जा करने का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज



सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दंदेमई निवासी देशराज पुत्र रघुनन्दन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि घर के सामने उसकी पुस्तैनी जमीन पिता के नाम है। गाँव के ब्रजेश, उमेश, महेश पुत्रगण सेवकराम ने उस पर कब्जा करने की नियत से निकलने का रास्ता भी बन्द करने लगे। मेरे द्वारा मना करने पर उक्त लोगों ने एक जुट होकर मेरे साथ लात-घूसों तथा धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित देशराज का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## छात्र के अपहरण के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक माह पहले हुए अपहरण के प्रयास का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते 23 जनवरी 2024 को नगला भवानी सिंह निवासी राजेश दुबे के 9 वर्षीय पुत्र कुशाग्र को एसआरएस ग्लोबल एकेडेमी गैसिंगपुर से गांव के अमरनाथ, ललई, रामलखन, प्रदीप, गोविन्द और उनके 3-4 अज्ञात साथियों ने अपहरण करके लिए जा रहे थे, तभी स्कूल के प्रबन्धक ने सभी को पकड़कर बैठा लिया और हमें सूचना दे दी। मैंने मौके पर पहुंचकर जब आरोपियो से पूछताछ की, तो सभी जानीमाली धमकी देते हुए चौपहिया वाहन से भाग गये।

## वसीयत करने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ललई निवासी दलजीत कुमार शाक्य उम्र 23 वर्षीय पुत्र लाल सिंह शाक्य ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके छः भाई है। सभी लोग अलग रहते है। बाहर को चौपाल है। उसमें मम्मी जयदेवी, पापा लाल सिंह रहते हैं। उस चौपाल का पिताजी छोटे भाई दुर्विजय के नाम वसीयतनामा कर रहे है। जब इसका हमने विरोध किया, तो पिता लाल सिंह व भाई दुर्विजय ने हमारे साथ लात-घूसो व लाठी-डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पिता सहित भाई के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़ित का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव रामपुर माझगांव निवासी एक युवक ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि मेरी पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष जो कि 21 फरवरी को पड़ोस में रहने वाली अनु, रिचा व श्यामा के साथ में बाजार गयी थी। करीब शाम 4.00 बजे के लगभग मनसुपुर गौटिया थाना जिला शाहजहांपुर निवासी सोनू पुत्र रामनिवास मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर बाजार से ले गया। पीड़ित की पुत्री नाबालिग है। सोनू गांव के काफी दिनों से चक्कर लगा रहा था। काफी खोजबीन की, लेकिन सोनू तथा मेरी पुत्री का कोई पता नहीं चल सका। जिससे पीड़ित को किसी अनहोनी घटना की आशंका है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## दबंग रोकते रास्ता, पीड़ित ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम ढिउरिया निवासी अनुराग पुत्र बृजवासी ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया गाटा संख्या 3837 में 18 फिट का रास्ता है। जिसमें रकवा 0.9140 में मेरा घर भी बना हुआ है। मेरी आने जाने की रास्ता है। जिस रास्ते पर आने जाने से दबंग लोग रोकते हैं। जिसमें पीड़ित ने 20 फरवरी को थाना पुलिस को एक प्रार्थना पर दिया था। उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दबंग लोग कप्तान सिंह पुत्र कन्हैयालाल रास्ता रोकते हैं। शनिवार को प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र दिया है।

# कासगंज की घटना के बाद भी नहीं चेता प्रशासन

▸ ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर धड़ल्ले से गुजर रहीं सवारियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस की** लापरवाही के चलते उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं हो पा रहा है। कासगंज जनपद में घटी घटना को संज्ञान में लेते अधिकारियों ने ट्रैक्टर पर सवारी ना भरने का फरमान सुनाया है।

कस्बा नवाबगंज चौराहे से कई ट्रैक्टरों पर लोग सवारियां भरकर निकल रहे हैं, जबकि जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन दरियागंज के समीप शनिवार को गंगा नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली एक तालाब में पलट गयी। जिसमें करीब 52 सवारियां थी। जिसमें करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गयी। आनन-फानन में उच्च अधिकारियों तथा ग्रामीणों के मदद से तालाब का



सामान से भरकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली

पानी नलकूपों के जरिए निकाला गया। अधिकारियों ने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालय पर सवारियों को घायल अवस्था में भर्ती कराया। वहीं इतनी बड़ी घटना घटित होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मामले को संज्ञान में लिया और अधिकारियों को तुरंत सवारियां ना भरवाने के निर्देश दिए, लेकिन अधिकारियों के निर्देशन के बाद भी जिम्मेदार आंख मूंदे बैठे हैं, तभी तो उनका ध्यान सवारियों से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों की ओर नहीं जा रही है।

# संत परंपरा में रविदास कर्मयोगी महात्मा माने जाते हैं: प्रो0 रामबाबू मिश्र

▸ जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**संत रविदास** जयंती पर कृष्णा प्रेस परिसर मोहल्ला सड़वाड़ा में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने उन्हें युगांतरकारी संत बताया। प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि भारत की संत परंपरा में रविदास कर्मयोगी महात्मा माने जाते हैं वे न तो कबीर की तरह अक्खड़ और न तुलसी की तरह आदर्शवादी थे, बल्कि वे विशुद्ध यथार्थवादी थे। उन्होंने वेदों के आत्म शुद्धि एवं गीता के कर्म सिद्धांतों को अमली जामा पहनाया। प्रख्यात गीतकार पवन बाथम ने कहा कि- विरले ही इस जगत में होते हैं रविदास, जिनको अपनी भक्ति पर होता है विश्वास।। अनुपम मिश्रा ने कहा कि संत रविदास ने तो आज के संतों की तरह श्री-श्री 108 और न श्री-श्री 1008थे, वे विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे।



संत रविदास की जयंती मनाते साहित्यकार — समृद्धि न्यूज

वह तो कहते हैं-जाति ओछा पांति ओछा ओछा जन्म हमारा, राजा राम की सेवा न कीन्ही कहे रविदास चमारा।। डॉ0 सुनीत सिद्धार्थ ने अपने विचार इस तरह व्यक्त किये-हरने को अज्ञानतम करके आत्म प्रकाश, युगों बाद आते धरा पर सतगुरु रविदास।। आगे विचार रखते हुए कहा कि सतगुरु रविदास ने कहा था कि कर्म करना हमारा धर्म है और फल पाना सौभाग्य है। भक्ति का मार्ग कर्म के द्वारा ही जाता है। शिक्षक वी0एस0 तिवारी ने कहा कि संत शब्द की गहराई को समझे बिना कोई भी संत रविदास को यथार्थ रूप में नहीं जान सकता। वह संत परंपरा के एक मौलिक संत थे। संगोष्ठी में पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर, प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि राजघराने की मीराबाई के गुरु संत रविदास कहते थे की वही करो जो तुम्हारा अंतरण कहे। संगोष्ठी में जेपी दुबे, मोहम्मद आकिब खान, अब्दुल वहाब बहार, शिवकुमार दुबे, मनीष गौड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली

▸ हायर सेंटर सैफई में चल रहा है घायल का उपचार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**दोस्त की** जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां हालत गम्भीर होने पर चिकित्सक ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां से उसे हायर सेंटर सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी सोनू कोरी उम्र 23 वर्षीय पुत्र रिषीपाल कोरी जौहरी मेडीकल गंगा दरवाजा पर नौकरी करता है। वही बीती रात्रि अभियान्श पुत्र संजय ठाकुर निवासी कूँचा गंगा दरवाजा के जन्म दिन पर लगभग 9 बजे गया था। रात्रि 10 बजे केक काटने के बाद जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। सोनू खाना खाकर ऊपर छत से नीचे आया और



सीएचसी में भर्ती घायल — समृद्धि न्यूज

अपने घर जाने के लिए निकल। जैसे ही वह चन्द कदम चला, तभी सोनू के सदिग्ध परिस्थितियों में पेट में गोली लग गई। गोली की आवाज सुनकर संजय के परिजन सहित साथी घायल अवस्था में मोटर साइकिलों से सोनू को सीएचसी लेकर पहुँचे। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर सोनू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया से प्राथमिक उपचार के बाद सैफई के लिए रेफर कर दिया। सैफई में उसका उपचार जारी है। वहीं अभियान्श की मां शालिनी ने बताया की मेरे पुत्र की जन्म दिन की पार्टी छत पर चल रही थी। केक कटने के बाद सोनू खाना खाकर फोन द्वारा बात करता हुआ घर से निकला। गली में पहुँचते ही सोनू के गोली लग गई। कैसे लगी हमें जानकारी नहीं है।

# मांगे गये पर्स का कब्जा टूटने पर दबंगों ने दंपति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**रिश्तेदारी में** जाने के लिए पड़ोसी से मांगी महिला के पर्स का कब्जा टूटने से दबंगों ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गेरुआ नगला सिरौली निवासी नीलू पुत्र पप्पू नाथ ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने रिश्तेदारी में जाने के लिए अपनी पत्नी के लिए पड़ोसी की महिलाओं से लेडीज पर्स मांग लिया। जो वापस आने पर पर्स का एक कब्जा टूट गया। जिससे झल्लाये दबंगों ने पीड़ित तथा उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने गांव के ही नामजद दबंग आरोपी मोनू पुत्र पप्पू तथा पप्पू पुत्र दुर्गेनाथ तथा शिव पुत्र सुभाष नाथ के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

बैठक | होम्योपैथिक चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारने के डीएचओ को दिये निर्देश

# जिला आयुष समिति की बैठक में डीपीएम के न आने से डीएम नाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी वी0के0** सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की मासिक बैठक विकास भवन के सभागार में आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने लगाये गये 29 कैंप की सूची के विषय में पूछा, तो उन्हें प्राप्त न हो सकी। जो भी कैंप मार्च में आयोजित हों, उनका प्रचार-प्रसार 15 दिन पूर्व करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। योग प्रशिक्षक द्वारा दिये गये प्रशिक्षण के पश्चात उसके प्रभाव को भी लिखित रुप से बतायें। योग प्रशिक्षक का मानदेय 27000/-व योग सहायक का मानदेय 10000/-है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। डीपीएम के न आने पर जिलाधिकारी नाराज हुए। सभी संबंधित अधिकारियों को सभी कैंप की सूची प्रदान करने के निर्देश जिलाधिारी ने दिये। समिति के अधिकारियों द्वारा सत्यापन के उपरांत ही मानदेय दिया जायेगा। आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सा विभाग में फर्रुखाबाद



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

में कुल 19 डाक्टर है। यूपीपीसीएल बताये कि क्या होम्योपैथिक अस्पताल का निर्माण कार्य जारी है। इसकी जांच एसडीएम करेंग व रिपोर्ट देंगे। समिति शासनादेश के अनुसार ही कार्य करेगी। व्यय की सत्यता की जांचोपरान्त सीएमओ को प्रमाणन के निर्दे दिय। समिति की बैठक प्रतिमाह होती है। होम्पयोपैथिक अस्पताल जिले में 19 हैं। होम्योपैथिक चिकित्सालयों में लाखों रुपये व्यय होने के बाद भी प्रतिमाह मात्र 842 रोगियों को ही देखा जा रहा है। चिकित्सक समय पर नहीं आते हैं। डीएचओ को निरीक्षण व व्यवस्था सुधारन के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में जनपद की गाइड कैप्टन हुई सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शैक्षिक** नवाचार एसोशिएशन के तत्वावधान में आयोजित शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन जनपद बदायूं के स्काउट भवन में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोशिएशन मनोज कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि बदायूं विधायक ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षाधिकारी श्वेता भारती व स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश चन्द्र सक्सेना के अलावा स्काउट गाइड के कैप्टन ने भाग लिया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति में ध्वजशिष्टाचार के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम में सम्मानित होती गाइड कैप्टन ज्योति कुशवाहा

अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। प्रतिभागियों को शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में स्काउट गाइड विषय पर शैक्षिक नवाचार का प्रस्तुतीकरण पीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी नवाचारी स्काउटर गाइडर को अंगवस्त्र प्रमाण पत्र एवं शील्ड मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोशिएशन मनोज कुमार सिंह एवं अकबर अली, दिनेश सिंह जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़, अनवर हुसैन सन्तोष कुमार कुशवाहा, रजनीश कुमार सिंह, महेश कुमार, ज्योति सहित प्रदेश के लगभग सैकड़ों जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन उपस्थित रहे। संचालन मनोज कुमार सिंह ने किया।लीडर ट्रेनर स्काउट एवं जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़ दिनेश सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों में उत्साह एवं कार्य करने की क्षमता देखकर सभी अतिथियों ने प्रदेश के लगभग सैकड़ों जिला स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन की भूरि भूरि सराहना एवं प्रसंशा की।

# कैम्प लगाकर सुनी गयी जनता की समस्यायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर शनिवार को महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में लोकसभा को और मजबूत करने के क्रम में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई का कैम्प मोहल्ला खटकपुरा इज्जत खां बक्से वाली गली पर लगाया गया। कैम्प के प्रभारी हाफिज नसीम अंसारी ने राघव दत्त मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कैंप प्रभारी हाफिज नसीम अंसारी, खुर्शीद खान, उरुर खा, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी आदि ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायें सुनी। इरशाद, मोहमंद हफीश, मो0 फैजान, नासिर, आमिर, अलतमज, अख्तर, अशलम, युशूफ, रियाज अहमद समेत 28 लोंगो



कैम्प में समस्यायें सुनते राघव दत्त मिश्रा समृद्धि न्यूज

ने अपनी समस्या बताई। मोहल्लेवालों ने पीने के पानी की समस्या, कूड़ा समय पर न उठना, नालियों की सफाई समय पर न होना, लाइट के झूलते तार आदि प्रमुख समस्यायें बतायी। नगर पालिका संभंधित समस्याएं सामने आई है उन्हे राघव दत्त मिश्रा सूचित कर निदान करायेंगे। साथ ही राशन कार्ड सम्बंधित एवं वृद्धावस्था पेंशन संबंधित कुछ समस्यायें आई। संबंधित अधिकारियों के भी संज्ञान में पहुंचाया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### 42 कीटनाशक दुकानों पर छापा चार को कारण बताओ नोटिस



▸ 11 नमूने किये गये संग्रहित, व्यापारियों में हड़कंप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर मुख्य सचिव कृषि उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में डा0 वी0के0 सिंह जिलाधिकारी द्वारा कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद की समस्त तहसीलों में कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कराते हुये छापे हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी वी0के0 सिंह ने अवगत कराया कि सदर तहसील में जिला कृषि अधिकारी एवं आलू एवं शाकभाजी अधिकारी कायमगंज तहसील में भूमि संरक्षण अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी तहसील अमृतपुर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं अपर जिला रक्षा अधिकारी द्वारा छापे की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी। छापे के दौरान कीटनाशक के 11 नमूने संग्रहित किये गये एवं 42 प्रतिष्ठानों पर छापा/निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। नमूनों को जांच हेतु प्रदेश की प्रयोगशालाओं में भेजा जायेगा। परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरुद्ध माननीय न्यायालय में वाद संस्थित करने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायेगी। जांच के समय समुचित अभिलेख न दिखाने एवं बिना किसी कारण प्रतिष्ठान बंद कर दिया गया है। कौशिक बीज भंडार याकूतगंज बिना सूचना के दुकान बंद पाये जाने, गोविन्द बीज भंडार अर्रापहाड़पुर जांच के समय समुचित अभिलेख नहीं दिखाने पर, शिवन्या खाद बीज भंडार दलेलगंज कायमगंज जांच के समय समुचित अभिलेख नहीं दिखाने पर, प्रगति बीज एजेंसी रजलामई कायमगंज जांच के समय समुचित अभिलेख नहीं दिखाने पर कारण बताओ नोटिस दिये गये। पूर्व में छापे के दौरान लिये गये नमूनों में परीक्षण उपरान्त 02 नमूने अधोमानक पाये गये। जिनके विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर करा दिया गया है।

### ओडीओपी योजना पर जिम्मेदार लगा रहे पलीता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल के तहसील अध्यक्ष राजकुमार गौतम, महामंत्री जितेन्द्र अग्रवाल व उपाध्यक्ष शिवम त्रिपाठी ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में दर्शाया गया कि जिम्मेदार मिलकर ओडीओपी योजना पर पलीता लगा रहे है और कमीशन की बजह से विकास कार्यों में जिले का नम्बर 65 नम्बर पर है। जनपद में ओडीओपी योजना एक जनपद एक योजना की जगह कोल्ड स्टोरेज, अस्पताल, होटल को तरजीब दी जा रही है। कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पर्यटन एवं सहायता दे रहे है। जनपद छपाई उद्योग के लिए मशहूर है। उद्योगपतियों को इस योजना में शामिल करके जनपद को पिछाड़ा जा रहा है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने की तारीख को पैसा निकलवाकर फिर जमा करवा दिया है। इससे रही बची बैंक भी पलीता लगा रही है। ऐसे में कागजी कार्यवाहियों पर ध्यान दिया जाये। जिससे जनपद का नाम अग्रणी स्थान पर पहुंच सकें।

### पुलिस भर्ती परीक्षा में दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हाफिज पुत्तन मियां ने जनहित में प्रदेश सरकार से मांग की है कि परीक्षा देने वाले बच्चों का भला नहीं हो सकता। परीक्षा रद्द होने पर जो बच्चों को अघात लगा है ऐसे में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। जिससे दोबारा किसी भी छात्र का मनोबल न टूटे।

### शराबी पिता ने पुत्र के साथ की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम जानकीपुर निवासी नीरज कुमार पुत्र रोहित कुमार ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे पिता रोहित कुमार आए दिन शराब पीकर आते हैं और मेरे साथ मारपीट करते हैं तथा मुझे घर से निकालते हैं। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# एसएन साध ट्रस्ट द्वारा दिव्यांगों को बांटे गये उपकरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एसएन साध** ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग शिविर के दूसरे दिन मरीजों का आने का सिलसिला जारी रहा। जिले के साथ-साथ आस-पास के जिल हरदोई, मैनपुरी, अलीगंज, एटा से भी मरीज आये। मरीजों से बात करने पर सबसे ज्यादा प्रसन्नता मरीजों और उनके तीमारदारों द्वारा बतायी गई कि समस्याओं को वरीयता से देखा गया। साथ ही भोजन उपलब्ध कराया गया। चाय, बिस्कुट, गर्म दूध उपलब्ध कराया गया।

शिविर की संयोजिका समाजसेवी डॉ0 रजनी सरीन और ट्रस्ट के प्रमुख राकेश साध व चमकेश साध ने कहा कि उस परमपिता परमात्मा की कृपा से हम लोगों का अब ये ही उद्देश्य है की ज्यादा से ज्यादा कैसे सेवा कार्यो


दिव्यांग को ट्राई साइकिल वितरित करते राकेश साध

को और बढ़ाया जाए। इसी के साथ शिविर के सेवा कार्य में लगे सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। दिल्ली से सेवा प्रदान करने आयी मधु साध, रंजना साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध ने व्यवस्था सभाली। भगवान महावीर विकलांग दिव्यांग सहायता समिति के 6 विशेषज्ञ द्वारा अपनी सेवायें प्रदान की जा रही है। डा0 शिखर सक्सेना व उनकी टीम ने परीक्षण कर दवाईयां व कान की मशीनें वितरित की।

डॉ0 कार्तिकेय सिंह ने पेट से संबंधित समस्याओं का परीक्षण किया और दवाइयां वितरित की। शिविर में 134 का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिसमें शनिवार को पात्रों को उपकरण बांटे गये। कृत्रिम हाथ 2, व्हीलचेयर 14, छड़ी 22, कैलिपर 14, कृतिम पैर 9, वैशाखी18, वॉकर 8, जूते 26, कान की मशीन 43 वितरित किये गये। इस मौके पर रोहित गर्ग, उदय पाल, सुजीत श्रीवास्तव, शीश मेहरोत्रा, विजय, आकाश सिंह, राहुल कश्यप, प्रभात पाण्डे, नरेश, सत्यनारायण, रॉबिन साध शेखर आदि मौजूद रहे।

# पाक्सो एक्ट में वांछित युवक को पुलिस ने धर दबोचा


पुलिस हिरासत में आरोपी घद्र२

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट में वांछित चल रहे युवक को पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी उपनिरीक्षक संतोष कुमार व हमराहियों के साथ क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ अभियान चले थे, तभी एक संदिग्ध युवक दिखायी दिया। जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम शरद प्रताप पुत्र छविनाथ सिंह निवासी नगला गोदाम थाना शमशाबाद बताया। जांच के दौरान पता चला कि धारा 363, 366 व पास्को एक्ट में न्यायालय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# रोवर लीडर योगेश कुमार बेंगलुरु कार्याशाला में जनपद का बढ़ायेंगे मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला एसडीजीएस पर बेंगलुरु कर्नाटक राज्य में योगेश कुमार रोवर लीडर अपने जनपद से प्रतिभाग करेंगे। जिसमें प्रदेश से पांच लोगों का चयन किया गया। सितारा त्यागी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मुरादाबाद मण्डल, मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ/सहारनपुर मंडल, नौशाद अली सिद्दीकी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गोरखपुर/आज़मगढ़ मण्डल, प्रीति सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त आगरा मण्डल और


रोवर लीडर योगेश कुमार

योगेश कुमार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल के रूप में प्रतिभाग करेंगे। जो कि भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय डॉ0 एनी बेसेंट ट्रेनिंग एंड कैंपिंग सेंटर डोड्डबल्लापुर कर्नाटक राज्य में 25 फरवरी से 29 फरवरी तक आयोजित होगा। जनपद से योगेश कुमार राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए 23 फरवरी आगरा कैंट से रवाना होंगे। 25 फरवरी को कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे। जनपद में योगेश कुमार रोवर लीडर की एक नई पहचान बनाएंगे।

# छात्राओं ने गृह विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में बनाये पकवान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**इस्लामिया जूनियर** हाईस्कूल हाथीखाना फतेहगढ़ में जूनियर क्लास की छात्राओं का गृह विभाग विषय की प्रयोगशालाएं अध्यापिकाओं द्वारा आयोजित कराई गई। जिसमें क्लास जूनियर क्लास की अनावीया, साजिया, मिन्नत, अवशां, अलकमह, शना, फरहत, इफ्त, राशिदा, जैनव, जैहरा, फाकिया, जुबैरिया, आलिया, आयशा सभी छात्राओं ने अलग-अलग पकवानों को बनाकर प्रयोगशालाओं में ज्यादा ज्यादा नम्बर हासिल करने की कोशिश की। जिसमें सभी छात्राओं ने अच्छे पकवानों को बनाकर प्रबंधक और अध्यापकों के सामने पेश किए। इस मौके पर इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल के


प्रयोगात्मक परीक्षा में भाग लेती छात्रायें समृद्धि न्यूज

प्रबंधक सैय्यद रिज़वान अली ने सभी बच्चों की हौसला अफजाई की और सभी अध्यापकों की तारीफ की। इस मौके पर खुर्शीद आलम, तौसीफ़ अली, फैसल अली, बिलाल अहमद मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया संकटा माता का वार्षिकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बढ़पुर स्थित संकटा माता का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हवन पूजन व सुंदर काण्ड पाठ के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। पुजारी प्रमोद मिश्रा ने विधि विधान से हवन पूजन कराकर माता संकटा को भोग लगाया। आये हुए भक्तों ने सुंदर काण्ड पाठ में भाग लिया। महिलायें भी बढ़-चढ़कर हवन पूजन में शामिल हुई। जनपद में यह पहला संकटा माता का मंदिर है। कार्यक्रम की व्यवस्था विष्णु ने देखी। मुख्य यजमान सप्पू वर्मा ने पूजन में भाग लिया। इस मौके पर डा0 राहुल तिवारी, अजय पाण्डेय, मीनू वर्मा,


संकटा माता के मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

मोनू दुबे, सुरजीत, नीरज वर्मा, मुनेन्द्र दीक्षित, अखिल पाण्डेय, निखिल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। देर शाम तक भण्डारा चलता रहा।

### गंगा में दो लाख मछली न छोड़ने पर निषाद पार्टी ने कार्यक्रम का किया बहिष्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्बल इंडिया शोषित हमारा आम दल के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत पांचाल घाट स्थित गंगा जी में मत्स्य संरक्षण हेतु रिवर रैचिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत 2 लाख मत्स्य अंगुलिका मछली छोड़ी जानी थी। मत्स्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के तहत बामुश्किल 20 हजार मछली के बच्चे छोड़े गये। जब विरोध किया गया तो सहायक निदेश मत्स्य विभाग ने कहा कि बाद में छोड़ देगे। जिसका सभी लोगों ने बहिष्कार किया। इस मौके पर सुरेश, ज्ञानेन्द्र कश्यप, कुलदीप कुमार, सचेन्द्र सिंह, अजीत कुमार, जितेन्द्र यादव, अवधेश, ज्योति, राकेश बाथम, अभिषेक बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना दिवस में आयीं पांच शिकायतें दो का हुआ निस्तारण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**थाना दिवस** में प्रभारी निरीक्षक ने जनता की समस्यायें सुनीं। इस मौके पर कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने की। जिसमें दूरदराज से आये फरियादियों की समस्यायों को सुनकर राजस्व कर्मचारियों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं रामसहेली पत्नी राम औतार निवासी उलियापुर ने थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा कि उनकी आबादी क्षेत्र में जमीन है। जिस पर गाँव के ही सुरेन्द्र पुत्र फकीरेलाल, गीतादेवी पत्नी अहिवरन लाल ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। वहीं सोनकली पत्नी संतवीर निवासी सैदपुर भगोली मैनपुरी ने थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा कि गाँव के रामरतन, वेदराम, रतीराम ने उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस दौरान एसआई शमीमउद्दीन, एसआई राजेश कुमार, कानून गो जगदीश कुमार सहित राजस्व विभाग के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ढाई घाट मेले में मिथलेश अग्रवाल ने कराया भण्डारा

▸ प्रधानाचार्य परिषद सहित बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**माघ मेला** ढाई घाट पर राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य मिथलेश अग्रवाल द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। मिथलेश अग्रवाल द्वारा आयोजित भण्डारे में जनपद के भाजपा नेता व प्रधानाचार्य परिषद, शिक्षक एवं समाजसेवी व गणमान्य लोग तथा कल्पवासियों ने भण्डारे में प्रसाद चखा। प्रधानाचार्य परिषद के कोषाध्यक्ष डा0 यागेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश संगठन मंत्री डा0 संदीप


भण्डारे में भाग लेते लोग समृद्धि न्यूज

चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह, अनिल मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में साधु-संत व कल्पवासी मौजूद रहे।

# सदर विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर सदर विधानसभा की संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी एवं विधानसभा संयोजक आदित्य मिश्रा ने संचालन समिति के सदस्यों को चुनावी तैयारी में जुटने के निर्देश दिए।

मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा लोकसभा चुनाव होने में बहुत कम समय शेष रह गया है, इसलिए संचालन समिति के सभी सदस्य सक्रिय भूमिका में दिखाई देंगे। भाजपा अन्य दलों से बहुत आगे है। पिछले लोकसभा चुनाव


बैठक में मौजूद भाजपा नेता समृद्धि न्यूज

में जीत के प्रदर्शन को दोबारा दोहराने के लिए सभी लोगों को एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। केंद्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर वर्ग तक पहुंचानी सुनिश्चित करनी है। विधानसभा संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा लोकसभा चुनाव संचालन समिति की तर्ज पर ही विधानसभा चुनाव संचालन समिति बनाई गई है जो लोकसभा चुनाव में भी कार्य करेगी। विधानसभा स्तर पर होने वाले अभियानों एवं कार्यक्रमों में विधानसभा चुनाव संचालन समिति के अंतर्गत सभी कार्य होंगे। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा, अनुराग दुबे उर्फ अनु, रामकिशोर सैनी, विश्राम सिंह, राजीव मिश्रा, अमित पाल, शेर सिंह शाक्य, धर्मेंद्र राजपूत, राधेश्याम वाल्मीकि, योगेंद्र भदौरिया, सर्वेश कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत ने सात विकेट पर बनाए 219 रन

▸ भारत अभी भी इंग्लैंड से 134 रन पीछे

एजेंसी



**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला जारी है। भारतीय टीम फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाए। जो रूट ने शतक जड़ा और वह फॉर्म में लौट चुके हैं। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है। दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने अपनी पहली पारी में सात विकेट गंवाकर 219 रन बना लिए हैं। कुलदीप यादव 17 रन और ध्रुव जुरेल 30 रन बनाकर नाबाद हैं।

इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया अभी भी 134 रन पीछे है। भारतीय बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इंग्लिश स्पिनर्स ने कहर बरपाया है। शोएब बशीर ने चार और टॉम हार्टले ने दो विकेट लिए हैं। इसके अलावा जेम्स एंडरसन को एक विकेट मिला है। कप्तान रोहित शर्मा दो रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद शुभमन गिल ने यशस्वी जायसवाल के साथ 82 रन की साझेदारी निभाई। रजत पाटीदार एक बार फिर फेल रहे और वह 17 रन ही बना सके। वहीं रवींद्र जडेजा 12 रन बनाकर आउट हुए। रोहित को एंडरसन ने पवेलियन भेजा था। वहीं, शुभमन, रजत और जडेजा को शोएब बशीर ने पवेलियन भेजा। इस बीच यशस्वी ने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया। हालांकि, वह 73 रन बनाकर बशीर का शिकार बने। सरफराज 14 रन और अश्विन एक रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को हार्टले ने आउट किया। भारत को 177 के स्कोर पर सातवां झटका लगा। टॉम हार्टले ने रविचंद्रन अश्विन को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह एक रन बना सके। कुलदीप यादव और ध्रुव जुरेल क्रीज पर हैं। इंग्लैंड के स्पिनर्स कहर बरपा रहे हैं। शोएब बशीर चार और टॉम हार्टले दो विकेट ले चुके हैं।

### टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने यशस्वी

इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 60 रन बनाने के साथ ही यशस्वी जायसवाल ने एक बड़े रिकॉर्ड में हेड कोच राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही वो अब विराट कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले राहुल द्रविड़ दूसरे बल्लेबाज थे, लेकिन अब इस मामले में यशस्वी जायसवाल ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है और ये स्थान हासिल कर लिया है। जल्द ही वह पहले नंबर पर काबिज हो सकते हैं अगर वो विराट कोहली का भी रिकॉर्ड तोड़ दे। राहुल द्रविड़ ने 2002 में इंग्लैंड में 4 मैचों की 6 पारियों में 602 रन बनाए थे। यशस्वी अभी चल रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच में इससे आगे बढ़ गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली का रिकॉर्ड अब टूटने की कगार पर है।

# उत्तराखंड में वन्य जीवों के हमलों पर सरकार अलर्ट

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड में गुलदार और बाघ के हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है। इसको लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए हैं। राज्य में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर चिंता प्रकट की है। उन्होंने गुलदार व बाघों के हमले की बढ़ती घटनाओं को रोकने के वन सचिव व वन्यजीव प्रतिपालक को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में विभाग को चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर रखा जाए और प्रशिक्षित वनकर्मियों की क्विक रिस्पांस टीम गठित कर उसे तत्काल मौके पर भेजा जाए। जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए गांव और जंगल की सीमा पर सोलर फेंसिंग (तार बाड़) लगाई जाए। सीएम धामी ने कहा कि लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों में वन्य जीवों के हमलों को रोकने में वन विभाग बेबस हो रहा है। इसे दृष्टिगत रखते हुए इन घटनाओं को रोकने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जाए। प्रशिक्षित पशु चिकित्सक मानव वन्यजीव संघर्ष की दृष्टि से इलाकों में चौबीस घंटे तैनात रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर गुलदार और बाघों से भरे पड़े हैं। राज्य के रेस्क्यू सेंटर के गुलदार और बाघों को दूसरे राज्यों के चिड़ियाघर, वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर में शिफ्ट करने के लिए वहां के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि यह समस्या हल हो सके।

# दिल्ली में आप चार और कांग्रेस 3 सीटों पर लड़ेगी लोस चुनाव

▸ पांच राज्यों में गठबंधन का ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सहमति बन गई है। दिल्ली में दोनों दलों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पांच राज्यों के लिए गठबंधन का ऐलान किया। दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरव भारद्वाज और अतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आप दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में सात लोकसभा सीट हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में सभी सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीती थीं। मुकुल वासनिक ने बताया कि हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट भी आम आदमी पार्टी को दी गई है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ लोकसभा सीट को लेकर लंबी चर्चा की गई और आखिर में फैसला हुआ कि यहां से कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। गुजरात में 26 लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस 24 पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात में भरूच और भावनगर लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## कांग्रेस, बसपा, सपा ने सिर्फ पिछड़ों का हक लूटा : ओपी राजभर

**मेरठ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने मेरठ पहुंचे थे। जहां उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और भाजपा का तारीफकी। उन्होंने कहा कि पिछले 7 साल से यूपी में बीजेपी की सरकार है। इस दौरान एक भी कर्फ्यू नहीं लगा और न ही एक भी दंगा हुआ। वहीं, विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की हवा निकल चुकी है। बता दें कि बीते शुक्रवार को ओमप्रकाश राजभर फफूंढा स्थित किंग पैलेस में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव जुबेर की बहन की शादी में शिरकत करने पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस की सरकार में आय दिन दंगे होते थे। दोनों सरकारों में मुस्लिम समाज के बच्चों का भविष्य लटक गया था। सात वर्ष के अंदर भाजपा की सरकार में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ है।

# भारत ने चार दिनों के भीतर अदन की खाड़ी में दो विदेशी जहाजों को दी चिकित्सा सहायता

▸ समुद्री सुरक्षा संचालन के लिए नौसेना ने तैनात किए जहाज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने चार दिनों के भीतर अदन की खाड़ी में दो विदेशी जहाजों को चिकित्सा सहायता पहुंचाकर महत्वपूर्ण दवाएं प्रदान की हैं। मिशन पर तैनात भारत के युद्धपोतों ने एक बार फिर व्यापारिक नौवहन और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि पलाऊ ध्वजांकित एमवी आइलैंडर में 22 फरवरी को ड्रोन, मिसाइल के संभावित हमले के बाद आग लग गई। सूचना मिलने पर समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात नौसेना के विध्वंसक जहाज संकट कॉल का तेजी से जवाब देते हुए दोपहर में आसपास के क्षेत्र में पहुंचे। इसके बाद भारतीय नौसेना के ईओडी विशेषज्ञ जहाज पर चढ़े और जहाज को आगे के पारगमन के लिए मंजूरी दे दी गई। मेडिकल टीम भी जहाज पर चढ़ गई और चालक दल के एक घायल सदस्य को चिकित्सा सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि इसी तरह अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस शिवालिक ने 19 फरवरी को एक ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) अल अरीफी को चिकित्सा सहायता प्रदान की। इस पर 18 सदस्यीय पाकिस्तानी चालक दल सवार था। चिकित्सा आपातकाल की चेतावनी पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जहाज ने संकटग्रस्त चालक दल को विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह और महत्वपूर्ण दवाएं प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि आईएनएस शिवालिक को प्रधानमंत्री के सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के दृष्टिकोण के व्यापक दायरे के तहत समुद्री सुरक्षा संचालन के भारतीय नौसेना के आदेश के अनुरूप क्षेत्र में तैनात किया गया है। कमांडर मधवाल का कहना है कि भारतीय युद्धपोतों के अथक प्रयास व्यापारिक नौवहन और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

## सीतारमण ने मुंबई लोकल ट्रेन में किया सफर, यात्रियों के सवालों का दिया जवाब

**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम आदमी से रूबरू हुईं। उन्होंने मुंबई लोकल ट्रेन में घाटकोपर से कल्याण तक का सफर किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें निर्मला सीतारमण को यात्रियों के सवालों का जवाब देते हुए देखा जा सकता है। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मुंबई लोकल ट्रेन में सफर का अनुभव लिया। सीतारमण ने लाखों मुंबईकरों के दैनिक आवागमन का साधन और आर्थिक राजधानी मुंबई शहर की प्रतिष्ठित लोकल ट्रेन में सफर भी किया। वित्त मंत्री कार्यालय की ओर से सीतारमण के घाटकोपर से कल्याण स्टेशन तक की यात्रा की तस्वीरें साझा की गई हैं। इसके अलावा पोस्ट में बताया गया है कि सीतारमण ने धैर्यपूर्वक उनके सवालों का जवाब दिया और सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वह यात्रियों की समस्याओं को समझती हैं, उन्हें दूर करने के लिए काम किया जाएगा।

## असम ने मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को किया रद

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने राज्य में निवासरत मुस्लिम नागरिकों के विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का निर्णय लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में दिसपुर के लोक सेवा भवन में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। श्री सरमा ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा , ÷पुराने अधिनियम में विवाह पंजीकरण की अनुमति देने वाले प्रावधान शामिल थे, जिसमें भले ही युवक-युवती विवाह के लिए 18 और 21 वर्ष की कानूनी उम्र तक नहीं पहुंचे हों। यह कदम असम में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रारों को वर्तमान में 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रारों के पंजीकरण रिकॉर्ड को पंजीकरण महानिरीक्षक के समग्र पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन और नियंत्रण में अपने कब्जे में लिये जाने के लिए अधिकृत किया जायेगा।

# पीएम 26 को करेंगे 41000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का लोकर्पण

एजेंसी



**रतलाम।** भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को भारतीय रेलवे में 41000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकर्पण करेंगे। जिसमें अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड़ ओवर ब्रिजों/अंडरपास का लोकार्पण/शिलन्यास शामिल है।

इस कार्यक्रम के तहत रतलाम मंडल के 11 स्टेशनों इंदौर, उज्जैन, सीहोर, शुजालपुर, मक्सी, नागदा, खाचरोद, नीमच, मंदसौर , दाहोद, लिमखेड़ा सहित दो रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास एवं दो नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज को राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा 26 फरवरी को भारतीय रेलवे में 554 रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है, इसके साथ ही 1500 उपरीगामी पुलों/अंडरपासों का शिलान्यास/उद्घाटन/राष्ट्र को समर्पण का भी होगा जिसमें रतलाम मंडल के 11 स्टेशन एवं 4 रोड अंडर ब्रिज सहित पश्चिम रेलवे के 66 स्टेशन व 208 रोड अंडर ब्रिज/रोड ओवर ब्रिज शामिल है। इंदौर व उज्जैन स्टेशनों का भव्य पुनर्विकास किया जा जायेगा जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और यात्री सुविधा मिलेगी।

# शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा



गलत खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के कारण हाई कोलेस्ट्रॉल भी गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने के कारण हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और हाई बीपी की समस्या भी होने लगती है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए कोलेस्ट्रॉल का सही मात्रा में होना जरुरी होता है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है गुड और बेड। बैड कोलेस्ट्रॉल आर्टरीज में जमा हो जाता है जिसके कारण हार्ट संबंधी बीमारियों का खतर बढ़ता है। बैड कोलेस्ट्रॉल फैटी फूड खाने, एक्सरसाइज न करने, ज्यादा वजन होने, स्मोकिंग और ड्रिंक करने के कारण बढ़ता है। ऐसे में आज आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे टिप्स बताते हैं जिनके जरिए आप बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

**क्या होता है कोलेस्ट्रॉल? :** कोलेस्ट्रॉल एक तरह का फैट होता है जिसका निर्माण लिवर के द्वारा किया जाता है। ज्यादा चाइनीज फूड, जंक फूड खाने के कारण यह शरीर में ज्यादा बनने लगता है। जब शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो यह नसों में जम जाता है जिसके कारण शरीर में ब्लड सर्कुलेशन भी सही से नहीं हो पाता। ऐसे में हार्ट को पंप करने में भी परेशानी आती है।

**महिलाओं में क्यों बढ़ता है कोलेस्ट्रॉल का स्तर :** कई कारणों से कोलेस्ट्रॉल का स्तर शरीर में बढ़ सकता है जैसे सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट, लाल मीट खाने से, फुल फैट डेयरी प्रोडक्ट्स खाने से। इसके अलावा एक्सरसाइज न करने के कारण और खराब लाइफस्टाइल भी कोलेस्ट्रॉल का स्तर शरीर में बढ़ा सकता है। कुछ जेनेटिक्स कारण भी कोलेस्ट्रॉल का स्तर शरीर में बढ़ा सकते हैं। जिन लोगों के शरीर में जेनेटिक्ल कारणों से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है उस परिस्थिति को पारिवारिक हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया कहते हैं।

**कैसे करें कंट्रोल? :** शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्रित करने के लिए पहले ये समझें कि कोलेस्ट्रॉल का स्तर कितना बढ़ा है। कोलेस्ट्रॉल को मुख्यतौर पर एलडीएल और एचडीएल के तौर पर समझा जाता है।

एलडीएल धमनियों में जम जाता है जिसके कारण दिल से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। वहीं एचडीएल ब्लड सर्कुलेशन से एलडीएल को फिल्टर करता है। महिलाओं में एलडीएल को कम करके कोलेस्ट्रॉल का स्तर कंट्रोल किया जा सकता है।

### इस तरह नियंत्रित करें शरीर में कोलेस्ट्राल का स्तर

**हेल्दी डाइट :** कोलेस्ट्रॉल का स्तर कंट्रोल करने के लिए अपनी डाइट का ध्यान रखें। डाइट में हल्दी, लहसुन, अदरक और दालचीनी जैसे सूपरफूड्स शामिल करें। यह सारी चीजें कोलेस्ट्रॉल का कम करने में मदद करती है।

**हर्ब्स :** कोलेस्ट्रॉल का स्तर कंट्रोल करने के लिए आप डाइट में कुछ हर्ब्स जैसे गुग्गुल, अर्जुन, त्रिफला जैसी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर जड़ी बूटियां शामिल कर सकते हैं। इनमें पाए जाने वाले गुण कोलेस्ट्रॉल को धमनियों में जाने से रोकते हैं जिससे दिल स्वस्थ रहता है।

**नियमित एक्सरसाइज :** डेली रुटीन में एक्सरसाइज शामिल करने से भी कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहेगा। एक्सरसाइज से दिल मजबूत और हेल्दी बनेगा। पैदल चलना, स्विमिंग जैसी एक्सरसाइज रोज 30 मिनट के लिए करें।

बॉडी को डिटॉक्स : आयुर्वेद की मानें तो डिटॉक्स थेरेपी से आपके शरीर में से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं जिससे स्वस्थ रहते हैं। ऐसे में आप किसी एक्सपर्ट की निगरानी में डिटॉक्स थेरेपी करवा सकते हैं। इससे शरीर साफभी होगा और पाचन मजबूत बनेगा।

**स्ट्रेस से दूर रहें :** तनाव की मदद से भी हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रख सकते हैं। ज्यादा तनाव लेने के कारण हृदय संबंधी समस्याओं को जोखिम बढ़ता है। ऐसे में ध्यान, ब्रीदिंग एक्सरसाइज के जरिए आप अपने दिमाग को शांत रख सकते हैं।

**एक्सपर्ट से लें सलाह :** यदि लाइफस्टाइल में बदलाव करने के बाद भी शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम नहीं होता तो आप एक बार डॉक्टर की सलाह जरुर लें। डॉक्टर शरीर में बढ़ने वाले कोलेस्ट्रॉल के स्तर को समझ कर आपका इलाज कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### मांगों को लेकर एक दिवसीय सम्मेलन का अयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन द्वारा 3 नवंबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर 25 से अधिक राज्यों तथा कई संघ शासित प्रदेशों के लाखों कर्मचारियों द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय विशाल आंदोलन कर सरकार को अवगत कराने का प्रयास किया गया था। जिसमें की गयी मांगों पर केन्द्र तथा राज्य सरकार के द्वारा उदसीनता बरतते हुये आज तक कोई कार्यवाही नही की गयी। उक्त क्रम में सुझावनुसार उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन द्वारा आज दिनांक 23 फरवरी को कृषि प्रेक्षागृह, कृषि भवन, लखनऊ में विभिन्न विभाग संवर्गों की लम्बित समस्याओं/मांगों को लेकर समस्त प्रांतीय, क्षेत्रीय एवं जनपदीय पदाधिकारियों का एक दिवसीय सम्मेलन का अयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवाकर सिंह, प्रान्तीय अध्यक्ष एवं संचालन विनोद बुद्धि राम कन्नौजिया, प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौशल किशोर, केन्द्रीय राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी मंत्रालय एवं विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रताप शाही, मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, डा. लालजी प्रसाद निर्मल, विधान परिषद सदस्य, एस0बी0 यादव, राष्ट्रीय महासचिव, कॉन्फेडरेशन ऑफ सेन्ट्रल गर्वनमेंट इम्लाइज एण्ड वर्कर्स, अर्जुनदेव भारती, अध्यक्ष, उ0प्र0 सचिवालय संघ व तनुजा श्रीवास्तव, सचिव, उ0प्र0 सचिवालय संघ की उपस्थिति एंव अतिथिगणों के माध्यम से सरकार को प्रदेश के विभिन्न विभाग/संवर्गों की लम्बित समस्याओं व मांगों को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

### संदेशखाली में फिर सड़कों पर उतरीं महिलाएं, विरोध प्रदर्शन जारी

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में पुलिस की लाख सतर्कता के बावजूद हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर धारा 144 लागू होने और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद स्थानीय महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और विरोध प्रदर्शन किया। संदेशखाली के माझेरपाड़ा इलाके में लाठी–डंडे और झाड़ू लेकर सैकड़ों महिलाएं उतर गई और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इन महिलाओं ने जल्द से जल्द शेख शाहजहां को गिरफ्तार करने की मांग की और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये। सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त संख्या में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची लेकिन विरोध प्रदर्शन जारी रहा। खास बात यह है कि शनिवार को इलाके में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम और माकपा नेता मीनाक्षी मुखर्जी ने इलाके में जाकर लोगों से बात की। इसके अलावा दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने भी दलबल के साथ इलाके में मार्च किया और लोगों से बात कर कानून हाथ में नहीं लेने की अपील की।

### कांग्रेस विधायक एस विजयाधरानी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। वहां से तीन बार की कांग्रेस विधायक एस. विजयाधरानी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। शनिवार को यहां भाजपा मुख्यालय में तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी अरविंद मेनन, तमिलनाडु के सह चुनाव प्रभारी सुधाकर रेड्डी, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में तमिलनाडु में एस. विजयाधरानी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने कांग्रेस विधायक का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि विजयाधरानी के आने से पार्टी तमिलनाडु में और ज्यादा मजबूत होगी। पार्टी में शामिल होने के बाद विजयाधरानी ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश की जनता लाभान्वित हो रही है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें सशक्तीकरण के लिए मोदी सरकार सरकार ने काफी काम किया है।

### अमित शाह आज रहेंगे मध्यप्रदेश की यात्रा पर

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को एक दिवसीय मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों के मद्देनजर बैठकें करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री शाह रविवार सुबह दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर ग्वालियर पहुंचेंगे। श्री शाह ग्वालियर में ग्वालियर और चंबल क्लस्टर की प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर लोकसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश पार्टी नेताओं को देंगे। इसके बाद श्री शाह खजुराहो पहुंचकर वहां पर लोकसभा बूथ समिति सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सूत्रों ने कहा कि श्री शाह इस बैठक के बाद विशेष विमान से भोपाल आएंगे। वे भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे और अपना संबोधन देंगे। इसके बाद वे विशेष विमान से वापस रवाना हो जाएंगे। मध्यप्रदेश में भाजपा ने इस बार सभी 29 सीटों पर पार्टी का परचम लहराने का लक्ष्य रखा है। पिछले चुनाव में उसने छिंदवाड़ा को छोड़कर शेष 28 सीटों पर विजय हासिल की थी।


### पिकअप ने राहगीरों को कुचला, चार की मौत और चार घायल

**मुंबई।** हिंगोली जिले में हिंगोली – कनेरगांव नाका रोड पर मालहिवर गांव इलाके में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने हनुमान मंदिर में दर्शन करने जा रहे राहगीरों को कुचल दिया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। सभी घायलों को हिंगोली के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार हिंगोली तहसील के सिरसम गांव से श्रद्धालु शनिवार को सुबह पैदल चलकर मालहिवर फाटा स्थित हनुमान मंदिर जा रहे थे। अचानक तब हिंगोली से अमरावती की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर इन सभी राहगीरों को पीछे से कुचल दिया। इस दुर्घटना में मनोज गोपालराव इंगले (39), बालाजी बाबूराव इंगले (32), सतीश शंकरराव थोरात (27), वैभव नंदू कामखेड़े (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जगन प्रह्लाद एडकिने, उत्तम संतोष गिरी, संतोष सीताराम वासु, राजकुमार भीकाजी घाटोलकर घायल हो गए।

### जनसेना-टीडीपी ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**हैदराबाद।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू और 'जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने शनिवार को आंध्र प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 118 उम्मीदवारों की अपनी पहली संयुक्त सूची की घोषणा की। दोनों नेताओं ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन में शामिल होने का फैसला करती है तो उसको समायोजित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सीट का आवंटन किया गया है। पहली सूची के अनुसार, तेदेपा उम्मीदवार 94 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जबकि जनसेना 24 सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा–जनसेना गठबंधन पर आंध्र प्रदेश के उंदावल्ली में अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, 卐यह गठबंधन राज्य के भविष्य के लिए है। यह एक महान प्रयास के लिए पहला कदम है।卐 राज्य के 175 विधानसभा क्षेत्रों में से शेष 57 के लिए सीट बंटवारे की घोषणा जल्द किये जाने की उम्मीद है। गठबंधन के हिस्से के रूप में जनसेना राज्य की कुल 25 में से तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

# मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए इन चीजों को डाइट में करें शामिल



वजन कम करने की जर्नी के दौरान मेटाबॉलिज्म पर विशेष ध्यान देना जरुरी है। मेटाबॉलिज्म सही करने के लिए बाजार में बहुत सारी चीजें उपलब्ध है, लेकिन लंबे समय के लिए ये कामयाब नहीं है। ऐसे में चलिए घर में मौजूद ऐसी चीजों के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और वजन घटाने को बढ़ावा मिलता है।

वजन कम करना मुश्किल लग सकता है। लेकिन सही डाइट और लाइफस्टाइल अपनाई जाए तो वजन घटाना कोई बहुत बड़ा टास्क नहीं है। वजन कम करने में मेटाबॉलिज्म सबसे अहम भूमिका निभाता है। अच्छा मेटाबॉलिज्म भोजन को जल्दी पचाकर ऊर्जा में बदलने में मदद करता है। इसकी वजह से शरीर में फैट जमा नहीं हो पाता। इसके अलावा ये फैट और कैलोरी जलाने में भी मदद करता है। इसलिए वजन कम करने की जर्नी के दौरान मेटाबॉलिज्म पर विशेष ध्यान देना जरुरी है।

**घरों में मौजूद कुछ मसाले लाल मिर्च, हल्दी और अदरक में हल्का थर्मोजेनिक प्रभाव होता है। मतलब इनका सेवन करने से अस्थायी रूप से मेटाबोलिज्म को बढ़ावा मिलता है। इसलिए वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो अच्छे रिजल्ट्स के लिए मसालों का जरूर से जरूर सेवन करें।**

मेटाबॉलिज्म सही करने के लिए बाजार में बहुत सारी चीजें उपलब्ध है, लेकिन लंबे समय के लिए ये कामयाब नहीं है। ऐसे में चलिए घर में मौजूद ऐसी चीजों के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और वजन घटाने को बढ़ावा मिलता है।

**ग्रीन टी का सेवन करें :** ग्रीन टी में कैटेचिन और कैफीन पाए जाते हैं, जो मेटाबॉलिज्म पर थोड़ा प्रभाव डालते हैं। कई अध्ययन के अनुसार, ग्रीन टी अस्थायी रूप से मेटाबॉलिज्म और फैट ऑक्सीकरण को बढ़ाती है। इसलिए डाइट में ग्रीन टी को शामिल करें और रोजाना खाना खाने के बाद इसका सेवन करें।

### वजन कम करने को डाइट में शामिल करें प्रोटीन

वजन कम करने की डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स का होना बेहद जरुरी है क्योंकि ये मेटाबोलिज्म को बढ़ावा देते हैं। कार्बोहाइड्रेट और फैट की तुलना में की तुलना में प्रोटीन को पचाने के लिए अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसके अलावा प्रोटीन मसल्स बनाने, हड्डियों के स्वास्थ्य को ठीक करने और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का काम करता है। मछली, अंडे, टोफू, बीन्स और ग्रीक दही जैसे खाद्य पदार्थों में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पायी जाती है, इन्हें डाइट में शामिल करें।